नगर लखनऊ सोमवार 24 अगस्त, 2026, रु. 6.00 (22+14 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

आतंकी निज्जर की हत्या के तीन साल बाद गोल्डी बराड़ का दावा, मैंने अंजाम दिया

कहा- नशीले पदार्थों की तस्करी में किशोरों का इस्तेमाल कर रहा था, इसलिए मारना पड़ा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तीन साल बाद भगोड़े गिरोहबाज-आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने दावा किया है कि उसने इस हत्याकांड को अंजाम दिया। जून 2023 में कनाडा में सरे के गुरुद्वारे के बाहर निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस कांड से भारत और कनाडा के संबंधों में तनाव आ गया था। वहां की तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो सरकार ने आरोप लगाया कि हत्या में भारत के सरकारी अधिकारी शामिल हो सकते हैं। इससे दोनों देशों के बीच राजनयिक गतिरोध पैदा हो गया था।

सोशल मीडिया पर एक 'आडियो क्लिप' सामने आई है जिसमें बराड़ ने निज्जर की हत्या की जिम्मेदारी ली है। पंजाब के फरीदकोट के रहने वाले बराड़ को आडियो में खालिस्तानी आतंकी परमजीत सिंह पम्मा से बात करते हुए सुना जा सकता है। हालांकि इस 'आडियो क्लिप' की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है। गायक सिद्धू मूसेवाला समेत कई हत्याओं के लिए भारत में वांछित गोल्डी बराड़ को कथित आडियो में यह कहते हुए सुना गया है कि उसने निज्जर की हत्या इसलिए करवाई क्योंकि वह नशीले पदार्थों के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल था।

गोल्डी बराड़।

हरदीप सिंह निज्जर।

सोशल मीडिया पर एक आडियो क्लिप सामने आई है जिसमें बराड़ ने निज्जर की हत्या की जिम्मेदारी ली है। बराड़ को आडियो में खालिस्तानी आतंकवादी परमजीत सिंह पम्मा से बात करते हुए सुना जा सकता है। *बराड़* और पम्मा के बीच बातचीत का यह कथित 'आडियो क्लिप' एफबीआइ द्वारा बराड़ की जानकारी देने वाले के लिए पचास हजार डालर तक का इनाम घोषित करने के एक महीने बाद सामने आया है।

बराड़ को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि जो लोग 16 से 17 साल के बच्चों को नशीले पदार्थ बेचने के लिए बहकाते थे, निज्जर उन लोगों को संरक्षण देता था। जरूरत पड़ने पर उनका इस्तेमाल करता था। निज्जर ने अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए नशा तस्करों को समर्थन और संरक्षण दिया। इसीलिए मुझे और मेरी टीम को निज्जर को मारना पड़ा, क्योंकि ये लोग युवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। हर किसी को अपने कर्मों का फल भुगतना पड़ता है।

गोल्डी बराड़ और पम्मा के बीच बातचीत का यह कथित आडियो अमेरिका की 'फेडरल ब्यूरो आफ इंवेस्टिगेशन' (एफबीआइ) द्वारा बराड़ की जानकारी देने वाले के लिए पचास हजार डालर तक का इनाम घोषित करने के एक महीने बाद सामने आया है। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआइ) ने पिछले महीने गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी देने पर 50 हजार अमेरिकी डालर तक के इनाम की घोषणा की थी।

एफबीआइ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, 'एफबीआइ सतिंदरजीत सिंह की गिरफ्तारी में मदद करने वाली जानकारी के लिए 50 हजार डालर तक का इनाम दे रही है। वह लारेंस बिश्नोई संगठित अपराध गिरोह में कथित संलिप्तता बाकी पेज 8 पर

राष्ट्रगान अधूरा छोड़कर गए यूपी विधानसभा अध्यक्ष महाना

वीडियो प्रसारित होने के बाद दी सफाई

उन्नाव, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना का एक वीडियो सामने आने के बाद रविवार को विवाद हो गया, जिसमें वह उन्नाव में कथित रूप से राष्ट्रगान के बीच कार्यक्रम से जाते हुए दिख रहे हैं। हालांकि विधानसभा अध्यक्ष महाना ने इस वीडियो पर सफाई देते हुए कहा कि जिस जगह उन्हें 'गार्ड आफ आनर' दिया गया, वहां राष्ट्रगान नहीं बजाया गया था। यद्यपि प्रसारित वीडियो में महाना को पुलिस द्वारा 'गार्ड आफ आनर' दिए जाने के बाद राष्ट्रगान स्पष्ट सुनाई दे रहा है। इस दौरान महाना तिरंगे को सलामी देकर हाथ जोड़ते हैं और मंच से उतरकर कार में बैठकर वहां से रवाना होते हुए नजर आ रहे हैं।

वीडियो शहर के मोहल्ला पूरन नगर स्थित एसवी एम इंटर कालेज के आस्था सभागार का बताया जा रहा है, संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रबंधक व कार्यक्रम के आयोजक पूर्व में सत्ताधारी दल के टिकट पर विधान परिषद सदस्य (शिक्षक विधायक) के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। महाना शनिवार को प्रधानाचार्य परिषद के अधिवेशन एवं शैक्षिक संगोष्ठी में मुख्य अतिथि बाकी पेज 8 पर

यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो साझा कर ऐसा भ्रामक विश्लेषण किया जा रहा है।

अमेरिका में सिख युवक की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़, 23 अगस्त (ब्यूरो)।

अमेरिका के न्यूयार्क शहर में रहने वाले गुरदीप सिंह की शनिवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरदीप मूल रूप से पंजाब के कपूरथला जिले के जब्बोवाल गांव का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि वह पिज्जा पहुंचाने जा रहा था। उसकी मौत से परिवार पर कर्ज का बोझ आ गया है। परिवार ने उसकी आर्थिक स्थिति सुधारने की उम्मीद में उसे विदेश भेजने के लिए लाखों रुपए उधार लिए थे।

गुरदीप। *फाइल फोटो*

परिवार के एक सदस्य ने बताया कि अमेरिका में गुरदीप के साथ रहने वाले उनके चचेरे भाई साहिल ने हमें बताया कि जब गुरदीप पिज्जा पहुंचाने जा रहा था, तभी हथियारबंद हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। घायल हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वह बच नहीं सका। पिता प्यारेलाल ने बताया कि परिवार गरीब है और गुरदीप को अमेरिका भेजने के लिए उन्होंने करीब 30 लाख बाकी पेज 8 पर

प्रधानमंत्री मोदी ने बीस नवउद्यमों के प्रमुखों से की अपील

अंतरिक्ष क्षेत्र में ऐसा माहौल बनाएं कि दुनिया निवेश के लिए प्रेरित हो

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में कार्य कर रहीं निजी कंपनियों से कहा कि भारत में ऐसा एक माहौल बनाने की अपील की कि इस क्षेत्र में दुनियाभर के लोगों को लगे कि करिअर बनानी है, तो हिंदुस्तान जाओ और भारत की कोई अनुसंधान नवउद्यम से जुड़ जाओ। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में काम कर रही निजी कंपनियों से भारत में अनुसंधान व नवोन्मेष का माहौल बनाने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे पास ऐसा अनुभव है, यह हमारी बड़ी ताकत बन सकती है।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली 20 नवउद्यमों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों व संस्थापकों के साथ बातचीत की। संवाद की जानकारी रविवार को दी गई। दौरान उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों के समक्ष भारत की लागत-प्रतिस्पर्धात्मकता को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि मैं पक्का मानता हूं कि हमारे पास पूरा अनुभव (टैलेंट पूल) जो है, एक चुंबक की तरह आपके (निजी क्षेत्र) कारण हम खींच सकते हैं और वो हमारी (भारत) एक बहुत बड़ी ताकत बन सकता है।

नई दिल्ली में नवउद्यमों के प्रमुखों के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

मोदी ने रेखांकित किया कि देश के विशाल प्रतिभा आधार और जोखिम उठाने की अधिक क्षमता की वजह से भारत वैश्विक अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से मजबूत स्थिति बना पाएगा।

संसद के मानसून सत्र के समापन का इंतजार

स्थगन के दस दिन बाद भी जारी नहीं हुई अधिसूचना

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के दस दिन बाद भी मानसून सत्र औपचारिक रूप से समाप्त नहीं हुआ है, जिससे ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार बिना नया सत्र बुलाए कोई अहम कानून पारित कराना चाहती है। लोकसभा और राज्यसभा, दोनों की कार्यवाही 13 अगस्त को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी। अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के अगले तीन से चार दिन के भीतर सत्रावसान कर दिया जाता है, लेकिन इस बार दस दिन बाद भी सत्रावसान नहीं हुआ है।

रविवार को खबर लिखे जाने तक मानसून सत्र के सत्रावसान की अधिसूचना जारी नहीं की गई थी। इससे पहले, बजट सत्र बजट सत्र में यह प्रक्रिया दो दिन में ही पूर्ण कर ली गई थी।18 अप्रैल को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुआ था और 20 अप्रैल को उसका सत्रावसान हुआ था। इसकी अधिसूचना भी जारी की गई थी। लेकिन इस बार अब तक यह अधिसूचना जारी बाकी पेज 8 पर

क्या गृह मंत्री परिसीमन विधेयक के लिए बहुमत तलाश रहे हैं : कांग्रेस

नई दिल्ली, 23 अगस्त (ब्यूरो)।

संसद के मानसून सत्र के अवसान में हो रही देरी पर सवाल उठाते हुए, कांग्रेस ने रविवार को पूछा कि क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अब भी उस दागदार दो-तिहाई बहुमत की तलाश में हैं, जिससे वे एक विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित करा सकें।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने और उसके सत्रावसान के बीच आमतौर पर दो से चार दिन का अंतर होता है, हालांकि ऐसे भी कई उदाहरण हैं जब सत्र स्थगन और सत्रावसान एक ही दिन हुए हैं। रमेश ने बताया कि लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुए दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी इसके सत्रावसान के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कांग्रेस नेता ने एक्स पर कहा, ह्यायह सच है कि 2015 में मानसून सत्र के दौरान यह अंतर 28 दिन का था और 2021 में 20 दिन का। लेकिन तब कोई बुरी मंशा वाली चालें नहीं चली जा रही थीं।

बंगाल की खाड़ी में डूबा पनामा के ध्वज वाला पोत, दो लोग बचाए गए

चालक दल के 22 सदस्यों की तलाश जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

ओड़ीशा के पारादीप तट से करीब 230 समुद्री मील दूर बंगाल की खाड़ी में चालक दल के 24 सदस्यों को लेकर जा रहे पनामा के ध्वज वाले मालवाहक जहाज के शनिवार को डूबने के बाद भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना की पूर्वी कमान ने चालक दल के दो लोगों को बचा लिया है। लापता 22 सदस्यों की तलाश और बचाव अभियान तेज कर दिया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, 'एमवी ओशियन विनर' नामक जहाज पर 20 चीनी, तीन म्यांमा व एक बांग्लादेशी नागरिक सवार थे। दो सदस्यों को शनिवार को ही बचा लिया गया था। केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने रविवार को 'एक्स' पर कहा कि 24 लोगों को लेकर जा रहे पनामा-ध्वज वाले मालवाहक पोत के बंगाल की खाड़ी में डूबने के बाद दो लोगों को बचा लिया गया है व अन्य लोगों की तलाश के लिए अभियान जारी है।

केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि अन्य लोगों की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि पोत 72,100 मीट्रिक टन लौह अयस्क लेकर 20 अगस्त को रात 10 बजकर 42 मिनट पर पारादीप तट से रवाना हुआ था। समुद्री बचाव समन्वय केंद्र ने आसपास मौजूद 'एमटी एएसोपोस' नामक एक वाणिज्यिक जहाज का मार्ग बदलकर उसे लापता जहाज या जीवनरक्षक नौकाओं की तलाश करने और सहायता पहुंचाने के लिए भेजा था और इस जहाज ने शनिवार रात करीब आठ बजे दो जीवनरक्षक नौकाओं से दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

मथुरा : बालिका गृह में किशोरियों ने लड़की को डुबोकर मार डाला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्थित राजकीय बालिका गृह में एक किशोरी की हत्या के मामले में नाबालिग लड़कियों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा है कि उन्हें निगरानी में रहना अच्छा नहीं लग रहा था, इसलिए वे कुछ ऐसा करना चाहती थीं जिससे बालिका गृह बंद करके सभी लड़कियों को उनके घर वापस भेज दिया जाए।

पूछताछ में कहा, घर जाना था, इसलिए दिया वारदात को अंजाम।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वृंदावन के चैतन्य विहार स्थित महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित राजकीय बालिका गृह के स्नानघर से शुक्रवार को किशोरी का शव बरामद किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराई तो स्नानघर के बाहर लगे कैमरे की फुटेज से पता चला कि शुक्रवार को 11 बजे पांच नंबर कमरे में रहने बाकी पेज 8 पर

रक्षा मंत्रालय की अधिकारी ने जान दी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

रक्षा मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत महिला ने दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के द्वारका स्थित अपने किराए के मकान में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतका के माता-पिता ने पति और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि नाजिया खानम का शव 21 अगस्त की तड़के भरथल गांव स्थित एक फ्लैट में पंखे से लटका मिला। -पूरी खबर पेज 8

ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप।

बांग्लादेश में हिंदू परिवार के चार सदस्यों की हत्या

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

बांग्लादेश के रंगपुर शहर में स्कूल के एक सेवानिवृत्त हिंदू शिक्षक, उनकी पत्नी और दो बच्चों की उनके आवास पर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

'स्थानीय' अखबार की खबर के अनुसार, मृतकों की पहचान गणपति चक्रवर्ती (65), प्रीतिलता चक्रवर्ती (50), अगामी चक्रवर्ती प्रार्थी (23) और प्रियम चक्रवर्ती (12) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्याओं में कथित संलिप्तता के आरोप में मुग्धो और सिद्धार्थ नाम के दो लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं।

-पूरी खबर पेज 17

करीब 100 वर्ष पुराने हुए लुटियंस दिल्ली के भवन

परेशानी

सालाना 92 करोड़ रुपए अधिक का हो रहा व्यय

बंगले पुराने होने से केंद्रीय मंत्रियों के घरों के रखरखाव का खर्च बढ़ा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

अब लगभग 100 साल पुराने हो चुके दिल्ली के मशहूर लुटियंस बंगले के रखरखाव का खर्च लगातार बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्रियों के सरकारी घरों के रखरखाव, नवीनीकरण और मरम्मत पर सालाना खर्च 2025-26 में रिकार्ड 92.35 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो 2014-15 के 27.47 करोड़ रुपए से तीन गुना ज्यादा है।

आरटीआइ से मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार ने 2014-15 से 2025-26 के बीच सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (सीपीडब्ल्यूडी) के जरिए ऐसे कामों पर 547.68 करोड़ रुपए खर्च किए। सीपीडब्ल्यूडी ही मरम्मत, नवीनीकरण और रखरखाव का काम करता है। आंकड़ों से पता चलता है कि 2025-26 का सालाना व्यय 2014 के बाद सबसे ज्याद था। अधिकारियों ने इसके लिए कई वजहें बताईं, जिनमें महंगाई और राजधानी के बीचों-बीच बड़े इलाकों में बने पुराने ढांचों की टूट-फूट और मरम्मत का खर्च शामिल है। सीपीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने समय-समय पर सीपेज, दीमक का लगना, पुराने इलेक्ट्रिकल सिस्टम, प्लंबिंग की दिक्कतें और दूसरी मरम्मत जैसी रखरखाव की चुनौतियों का जिक्र किया है। पहले कुछ बंगलों को गिराकर दोबारा बनाने की योजनाएं भी बनी थीं, हालांकि उनकी आधिकारिक घोषणा कभी नहीं की गई।

फाइल फोटो।

साल-दर-साल खर्च भवनों पर खर्च

2014-15 में 27.47 करोड़, 2015-16 में 29.57 करोड़, 2016-17 में 30.10 करोड़, 2017-18 में 23.34 करोड़, 2018-19 में 23.42 करोड़, 2019-20 में 26.37 करोड़, 2020-21 में 53.87 करोड़, 2021-22 में 40.84 करोड़, 2022-23 में 73.86 करोड़, 2023-24 में 54.52 करोड़, 2024-25 में 71.98 करोड़ और 2025-26 में 92.35 करोड़ रुपए।

एक अधिकारी ने कहा, 'ये ज्यादातर 80-90-100 साल पुराने बंगले हैं। कुछ बंगले - हालांकि सभी नहीं - ढांचागत रूप से असुरक्षित हो गए थे और उन्हें जीर्णोद्धार करने की जरूरत थी।' 2014 से 2019 के बीच, मंत्रियों ने मरम्मत और नवीनीकरण पर हर साल औसतन 26.78 करोड़ रुपए खर्च किए। 2019 से 2024 के दौरान यह औसत सालाना खर्च दोगुना होकर लगभग 50 करोड़ रुपए हो गया। सूचना के अधिकार के तहत जवाब के मुताबिक, 2024-25 में यह खर्च 71.98 करोड़ रुपए था और पिछले साल यह 92.35 करोड़ रुपए था। जानकारी मांगने पर, सीपीडब्ल्यूडी ने उस अवधि के दौरान उन लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवासों पर हुए खर्च का डेटा नहीं दिया जो मंत्री नहीं हैं, और न ही केंद्रीय मंत्रियों और राज्य मंत्रियों के कार्यालयों पर हुए खर्च का डेटा दिया।

पिछले कुछ वर्षों में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में लगभग 70 से 72 कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री शामिल रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में 92.35 करोड़ रुपए के खर्च के हिसाब से, मरम्मत और नवीनीकरण की लागत प्रति मंत्री औसतन 1.2 करोड़ रुपए बैठती है, हालांकि असल खर्च हर आवास के हिसाब से अलग-अलग होता है।

डीजीसीए के पूर्व उड़ान प्रशिक्षण निदेशक, विमानन कंपनियों के खिलाफ मामला दर्ज

आधिकारिक पद के कथित दुरुपयोग, चुनिंदा उड़ान प्रशिक्षण संगठनों को अनुचित लाभ पहुंचाने का मामला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक पूर्व अधिकारी और विमानन क्षेत्र से जुड़ी कई कंपनियों के खिलाफ आधिकारिक पद के कथित दुरुपयोग, चुनिंदा उड़ान प्रशिक्षण संगठनों को अनुचित लाभ पहुंचाने और विमानों के संदिग्ध खरीद फरोख्त मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि प्राथमिकी में नामजद पूर्व डीजीसीए अधिकारी या कंपनियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

प्राथमिकी के अनुसार, जांच में डीजीसीए में उड़ान प्रशिक्षण निदेशक रहे कैप्टन अनिल गिल के करीबी और दूर के रिश्तेदारों द्वारा नियंत्रित और संचालित कंपनियों के एक 'व्यवस्थित नेटवर्क' का पता चला। ब्लूथ्रोट एअरो ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 2016 में हुई थी और इसमें गिल की मां तथा एक अन्य रिश्तेदार निदेशक थीं। बाद में उनके दो अन्य रिश्तेदार भी कंपनी से जुड़ गए। दो अन्य कंपनियां- सबर्स आरपोरेट साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और सैंडहिल्स एविएशन आइएफएससी प्राइवेट लिमिटेड-भी स्थापित की गई थीं जिनमें गिल के रिश्तेदार निदेशक थे। मामला शुक्रवार को गिल, ब्लूथ्रोट एयरो ग्लोबल, रेडबर्ड एविएशन एकेडमी प्राइवेट लिमिटेड, सबर्स कारपोरेट साल्यूशंस और सैंडहिल्स एविएशन आइएफएससी के अलावा अज्ञात सरकारी अधिकारियों तथा निजी व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया गया।

प्राथमिकी के अनुसार, जांच में डीजीसीए में उड़ान प्रशिक्षण निदेशक रहे कैप्टन अनिल गिल के करीबी और दूर के रिश्तेदारों द्वारा नियंत्रित और संचालित कंपनियों के एक 'व्यवस्थित नेटवर्क' का पता चला। ब्लूथ्रोट एअरो ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना 2016 में हुई थी और इसमें गिल की मां तथा एक अन्य रिश्तेदार निदेशक थीं।

सीबीआइ के अनुसार, यह मामला सीबीआइ की दिल्ली में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा को 17 अगस्त को मिली एक शिकायत के बाद दर्ज किया गया। शिकायत सात अप्रैल, 2025 को दर्ज प्रारंभिक जांच पर आधारित थी जो ग्लोबल एविएनाटिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कैप्टन जेएस ढिल्लों की ओर से गिल के खिलाफ की गई शिकायत पर दर्ज की गई थी। इसके लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत आवश्यक मंजूरी ली गई थी। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि उड़ान प्रशिक्षण निदेशक के पद पर रहते हुए गिल ने ब्लूथ्रोट एयरो ग्लोबल, रेडबर्ड एविएशन एकेडमी, सबर्स कारपोरेट साल्यूशंस और सैंडहिल्स एविएशन आइएफएससी के निदेशकों एवं शेयरधारकों के साथ मिलीभगत करके 'अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग' किया। उन्होंने चुनिंदा उड़ान प्रशिक्षण संस्थानों को कथित तौर पर अनुचित सरकारी लाभ पहुंचाया, जिससे समान स्थिति वाले अन्य संचालकों को नुकसान और आर्थिक क्षति हुई।

गुजरात में जहरीली शराब से दो और लोगों की मौत, 13 हुई संख्या

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

गुजरात के भावनगर जिले में जहरीली शराब पीने से बीमार पड़े दो और लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि तीन अन्य लोग अब भी अस्पताल में भर्ती हैं। पिछले दो दिन में पांच लोगों की जान गई है। जहरीली शराब से मारे गए इन दो लोगों की पहचान मुकेश डामोर (36) और भार्गव उपाध्याय (42) के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने कहा कि इस कांड में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 13 तक पहुंच गया है। उपाध्याय का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा था, जबकि डामोर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कुल 67 लोगों ने मेथनाल मिली जहरीले शराब का सेवन किया था, जो अत्यधिक विषैला पदार्थ होता है। गुजरात में शराब बनाना, बिक्री और सेवन प्रतिबंधित है। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों ने भारत में निर्मित लोकप्रिय विदेशी शराब (आइएमएफएल) ब्रांड के नाम वाली बोतलों में पैक की गई जहरीली शराब का सेवन किया था। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि 24 अन्य लोगों का भी पता लगाया गया है जिन्होंने शराब का सेवन किया था और चिकित्सीय जांच में उनकी स्वास्थ्य स्थिति सामान्य पाई गई है।

अधिकारियों ने कहा कि इस कांड में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 13 तक पहुंच गया है। उपाध्याय का इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा था, जबकि डामोर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

पुलिस ने कहा कि जहरीली शराब से जुड़ी घटना के संबंध में वरतेज थाने में दर्ज प्राथमिकी में नामजद 21 आरोपियों में से 13 को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और मद्य निषेध अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत गैर-इरादतन हत्या, मिलावट और जहर देने जैसे आरोप लगाए गए हैं। स्थानीय अदालत ने गुरुवार को आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। मामले की जांच राज्य निगरानी प्रकोष्ठ (एसएमसी) को सौंप दी गई है।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने केंद्र से जवाब मांगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने गंगा संरक्षण से जुड़े नियमों में हाल ही में किए गए बदलावों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। एनजीटी ने 19 अगस्त के एक आदेश में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। हरित निकाय अमित कुमार की याचिका पर सुनवाई कर रहा था जिसमें आरोप लगाया गया है कि अगस्त 2026 में जारी सरकारी अधिसूचना ने नदी और उसकी सहायक नदियों के किनारों को 'निर्माण-मुक्त क्षेत्र' के दायरे से हटा दिया, जो पर्यावरण नियमों के खिलाफ है।

याचिका के अनुसार, नई अधिसूचना पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के दायरे से बाहर है और नदी के संरक्षण के लिए बनाई गई मूल योजना को खत्म करती है। प्रावधान को हटाने से नदी तटों पर निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो सकता है।

एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य अफरोज अहमद की पीठ ने इस दावे पर गौर किया कि 'गंगा नदी प्राधिकरण आदेश, 2016' में संशोधन करने वाली अधिसूचना हरित अधिकरण और संवैधानिक अदालतों के पिछले फैसलों, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और मूल अधिसूचना के खिलाफ है। एनजीटी 27 अक्तूबर को मामले की अगली सुनवाई करेगा। नए नियमों में 'सक्रिय बाढ़ क्षेत्र' को 'पांच साल में एक बार आने वाली बाढ़' के आधार पर परिभाषित किया गया है।

दक्षिण मुंबई में भगवान गणेश की प्रतिमा गिरने से दो लोगों की मौत

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

दक्षिण मुंबई में स्थापना के लिए ले जाई जा रही भगवान गणेश की 22 फुट ऊंची विशाल प्रतिमा गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और दो बच्चों समेत पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच से संकेत मिलता है कि प्रतिमा का 'वेल्डिंग सपोर्ट' टूटने के कारण यह हादसा हुआ। मृतकों में 'भुलेश्वर राजा गणेश मंडल' के अध्यक्ष भी शामिल हैं। पुलिस ने इस संबंध में दुर्घटनावश मृत्यु का मामला दर्ज कर लिया है।

अधिकारियों के अनुसार, हादसा शनिवार रात करीब 10 बजे भुलेश्वर के जय अंबे चौक स्थित कबूतरखाना के पास बलराम मर्चेंट रोड पर हुआ। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि प्रतिमा के पिछले हिस्से का 'वेल्डिंग सपोर्ट' टूट गया, जिससे वह आगे की तरफ गिर गई। प्रतिमा को भायखला से भुलेश्वर ले जाया जा रहा था, तभी अचानक वह गिर गई। एक अधिकारी ने बताया कि कई घायलों को तुरंत पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जहां दो लोगों ने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने बताया कि प्रतिमा का 'वेल्डिंग सपोर्ट' टूटने के कारण हादसा होना प्रतीत होता है। मृतकों में 'भुलेश्वर राजा गणेश मंडल' के अध्यक्ष भी शामिल हैं।

यात्रा राजस्थान के अजमेर में रविवार को एक धार्मिक जुलूस में कांवड़ लेकर स्केटिंग करते बच्चे।

कठुआ में देखा गया पाकिस्तानी ड्रोन, तलाशी अभियान चलाया

जम्मू, 23 अगस्त (भाषा)।

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में रविवार को अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध रूप से पाकिस्तान की ओर से आया एक ड्रोन देखे जाने के बाद बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि हीरानगर क्षेत्र के बोबियां इलाके में सीमावर्ती गांवों के ऊपर सुबह करीब 10 बजकर 35 मिनट पर एक ड्रोन जैसी वस्तु मंडराती देखी गई। कुछ मिनट बाद संदिग्ध ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौटता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया।

बारामती में मृत पाई गई विधायक के पीए की बेटी, जांच शुरू

पुणे, 23 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार के निजी सहायक (पीए) की 12 वर्षीय बेटी रविवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले के बारामती में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। पुलिस ने बताया कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

अधिकारियों के अनुसार, मृतका पवार के पीए अजित दशावतारे की बेटी थी। सूत्रों के अनुसार, शनिवार को किसी बात को लेकर बच्ची का अपनी मां से मामूली विवाद हुआ था, जिसके बाद वह गुस्से में घर से निकल गई, जब वह वापस नहीं लौटी, तो उसके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह बारामती तहसील के रूई गांव के साईनगर इलाके में उनके घर के पास बच्ची का शव मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए बारामती स्थित सरकारी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल भेज दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है।

मां से विवाद के बाद गुस्से में घर से निकल गई थी बेटी, फिर वापस नहीं लौटी।

आइएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार के कर्नाटक, यूपी के परिसरों पर छापेमारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) द्वारा आयोजित एक परीक्षा में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत रविवार को आइएएस अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार के बंगलुरु और उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित परिसरों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

गंगवार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस) के 2016 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में कर्नाटक के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निदेशक के पद पर तैनात हैं। वह इससे पहले केपीएससी में परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्यरत थे और इस साल मार्च में उन्हें इस पद से हटा दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि गंगवार के बंगलुरु और उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित परिसरों पर धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापेमारी की गई। हालांकि, यह तत्काल पता नहीं चल सका कि केंद्रीय जांच एजंसी को अधिकारी इन परिसरों में मिले या नहीं। शनिवार को कुछ घंटों के लिए गंगवार के 'लापता' होने की खबर सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया था।

बाद में कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियंक खरगे ने इन खबरों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया कि गंगवार अपने पिता की तबीयत से जुड़ी पारिवारिक आपात स्थिति के कारण उत्तर प्रदेश स्थित अपने पैतृक स्थान पर थे। ईडी ने इस मामले में 18 अगस्त को पहली बार छापेमारी की थी। उस दौरान बंगलुरु स्थित केपीएससी के परिसर के अलावा पूर्व अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस साहूकार, सदस्य शांता होसमणि और कुछ अन्य लोगों के परिसरों की भी तलाशी ली गई थी।

केपीएससी 'घोटाला' मामले में ईडी की कार्रवाई

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I, Rajni Chaudhary W/o Johnson Singh, R/O Flat NO-3203, Tower SG02, Saya Gold Avenue, Vaibhav Khand, Indirapuram,Ghaziabad,up-201014, have changed My Name From Rajni Varun To Rajni Chaudhary for All Future Purposes

0040873860-1

I,**Hitherto** Known As Anita D/O Natthu Ram R/O A -1003 , Amrit Kaal Niwas, Near Paryavaran Bhawan ,New Delhi 110003, have changed my name and shall here-after be known as SONU

0040873947-1

I, Jatin Ghai S/o Satish Kumar Ghai R/o C-130, Mohan Garden, Uttam Nagar, WestDelhi-110059, I have changed the name of my minor Son Ikbal Ghai to Ikansh Ghai aged 10 years 0071056223-1

व्यक्तिगत

मैं अशोक कुमार शर्मा जो JC251310X, NB/Ris, अक्षय शर्मा का पिता हूँ जिला चूरू, राजस्थान का निवासी हूँ ने चूरू कलेक्ट्रेट, राजस्थान के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम 'अशोक कुमार शर्मा' से बदलकर 'अशोक शर्मा' कर लिया है।

50296009

व्यक्तिगत

मैं रुकमणी देवी जो JC251310X, NB/Ris, अक्षय शर्मा की माता हूँ जिला चूरू, राजस्थान की निवासी हूँ ने चूरू कलेक्ट्रेट, राजस्थान के समक्ष शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम 'रुकमणी देवी' से बदलकर 'रुकमणी शर्मा' कर लिया है।

50296008

अभिनव लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड
(CIN: L65100DL1984PLC018748)
पंजी. कार्या.: एस-524, 1ली मंजिल, विकास मार्ग शाकरपुर, दिल्ली - 110092
फोन: 011-40196641, ईमेल: abhinavleasefinltd@gmail.com
वेबसाइट: www.abhinavleasefinltd.in

सूचना

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अभिनव लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 42वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") बुधवार, 16 सितंबर 2026 को सुबह 11:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय " एस-524, 1ली मंजिल, विकास मार्ग शाकरपुर, दिल्ली - 110092" में आयोजित की जाएगी जिसमें उस व्यवसाय का निपटान किया जाएगा जिसका उल्लेख उक्त बैठक को बुलाने वाले सूचना में किया गया है, जिसे 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट के साथ उन सदस्यों को भेजा जा रहा है जिनके नाम गुरुवार, 20 अगस्त 2026 को रजिस्टरों में दर्ज हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 91 के अनुसार, कंपनी की सदस्य रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण पुस्तकें बुधवार, 09 सितंबर 2026 से बुधवार, 16 सितंबर 2026 तक (दोनों दिन शामिल) बंद रहेंगी। अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, और आईसीएसआई द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक - 2 के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को सीडीएसएल द्वारा प्रदान की गई इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से मतदान करने ("रिमोट ई-वोटिंग") की सुविधा देने के लिए प्रसन्न है, ताकि वे एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

रिमोट ई-वोटिंग शुरू होने की तिथि और समय:
शनिवार, 12 सितंबर 2026 को सुबह 09:00 बजे
रिमोट ई-वोटिंग समाप्त होने की तिथि और समय:
मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को शाम 05:00 बजे
मतदान की पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि:
बुधवार, 09 सितंबर 2026

एजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें बैठक में पुनः मतदान करने का अधिकार नहीं होगा।

एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट **https://www.abhinavleasefinltd.in** पर और सीडीएसएल की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध है।

यदि ई-वोटिंग के संबंध में आपके पास कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप **www.evotingindia.com** पर सहायता अनुभाग के तहत उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (**"FAQs"**) और ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ईमेल लिख सकते हैं।

कृते, अभिनव लीजिंग एंड फाइनेंस लिमिटेड
हस्ता/-
अतुल कुमार अग्रवाल
निदेशक

दिनांक: 20 अगस्त 2026
स्थान: दिल्ली

सारनिमल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड
(CIN: L65100DL 1981PLC012431)
पंजीकृत कार्यालय: 406, चौथी मंजिल, अरुणाचल बिल्डिंग, बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001
फोन: 011-43592522 ईमेल: sarnimalinvestltd@gmail.com
वेबसाइट: www.sarnimal.com

45वीं एजीएम सूचना

सारनिमल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 45वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") बुधवार, 16 सितंबर 2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे कंपनी के माने गए पंजीकृत कार्यालय "एस-524, प्रथम तल, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली - 110092" में आयोजित की जाएगी, जिसमें उक्त बैठक बुलाने वाली सूचना में उल्लिखित कार्यों का निष्पादन किया जाएगा, जो उन सदस्यों को भेजी जा रही है जिनका नाम गुरुवार, 20 अगस्त 2026 को रजिस्टरों में दर्ज है, साथ ही 31 मार्च 2026 को समाप्त वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट भी भेजी जा रही है।

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 91 के अनुसार कंपनी का सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अंतरण पुस्तिकाएं बुधवार, 09 सितंबर 2026 से बुधवार, 16 सितंबर 2026 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगी। अधिनियम की धारा 108 और कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के प्रावधानों तथा आईसीएसआई द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक - 2 के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराए गए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ("रिमोट ई-वोटिंग") से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्न है।

रिमोट ई-वोटिंग के प्रारंभ होने की तारीख और समय:
- शनिवार, 12 सितंबर 2026 को प्रातः 09:00 बजे
- **रिमोट ई-वोटिंग के समाप्त होने की तारीख और समय:**
- मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को सायं 05:00 बजे
- **मतदान के लिए पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तारीख:**
- बुधवार, 09 सितंबर 2026

पोल के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में उपस्थित सदस्य। जो सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डालते हैं, वे भी बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन बैठक में अपने अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकेंगे।

एजीएम की सूचना कंपनी की वेबसाइट **https://www.sarnimal.com**// और सीडीएसएल की वेबसाइट **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध है।

ई-वोटिंग के संबंध में किसी भी प्रश्न या समस्या के मामले में, आप **www.evotingindia.com** पर **help section** के अंतर्गत उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले सवाल (एफ़ेक्यू) और ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं या **helpdesk.evoting@cdslindia.com** पर ईमेल लिख सकते हैं।

सारनिमल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड की ओर से
हस्ताक्षर/-
नितिन अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

तारीख: 20 अगस्त 2026
स्थान: दिल्ली

CSB Bank Trusted Heritage Smart Future

गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

विशिष्ट उधारकर्ता/ओं और इच्छुक बोलीदाताओं को, सामान्य रूप से, सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी भुगतान नोटिस और रिकॉल/नीलामी नोटिस के बावजूद उधारकर्ताओं द्वारा बैंकों को देय राशि का भुगतान न करने के कारण, उनके द्वारा लिए गए ऋण के लिए संबंधित उधारकर्ताओं द्वारा बैंक सुरक्षा के साथ गिरवी रखे गए सोने के आभूषण को दिनांक **28 सितम्बर 2026 को सुबह 10.30 बजे** "जैसा है जहां है" और "गैर-सहारे" के आधार पर सार्वजनिक नीलामी में बेचे जाएंगे। बैंक के नोटिस बोर्ड पर इसके प्रकाशन के पश्चात बैंक के विवेकानुसार नीलामी को किसी अन्य बाद की तिथि तक स्थगित किया जा सकता है। ऋणकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि यदि सार्वजनिक नीलामी सफल नहीं होती है और उसके पश्चात कोई और शेष राशि वसूल की जानी है, तो ऋणकर्ता/ऋणकर्ताओं के विरुद्ध बैंक को देय शेष राशि की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मृतक ऋणकर्ता के मामले में, सभी शर्तें कानूनी उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

क्र. सं.	नीलामी केंद्र सीएसबी शाखा	खाते का नाम	गाहक आईडी	खाते की सं.	दिनांक 20.08.2026 तक बकाया राशि	वजन (ग्राम)
1	अशोक विहार-दिल्ली	महेंद्र कुमार	03760677	001	8,02,564.37	71.00
2	अशोक विहार-दिल्ली	राजू मालवलिया	04025231	001	8,14,414.76	92.83
3	अशोक विहार-दिल्ली	रोहित लांबा	07654775	002	2,08,791.23	21.00
4	अशोक विहार-दिल्ली	तरुण गोस्वामी	00506408	002	2,71,024.06	41.10
5	गौतम नगर	कन्हिया लाल गौतम	00587252	002	27,71,548.70	292.20
6	पालम	सुमित्रा देवी	04685054	004	6,95,011.03	84.50
7	द्वारका	जगदीप कुमार बड़सीवाल	04180366	001	6,45,599.47	64.94
8	रोहिणी सेक्टर 7	देव मलकिया	10086344	001	8,59,911.37	127.00
9	रोहिणी सेक्टर 7	नरेश वोहरा	04985923	004	43,81,103.04	422.74
10	रोहिणी सेक्टर 7	नीलम गुप्ता	04230262	007	32,22,028.04	333.08
11	रोहिणी सेक्टर 7	ओम प्रकाश गोरिसारिया	07820523	002	13,35,481.94	240.60
12	रोहिणी सेक्टर 7	रमेश गुप्ता	04230816	001	8,14,528.47	83.58
13	शालीमारबाग	चतर सिंह	04256241	004	87,69,805.85	831.06
14	शालीमारबाग	जतिन	10072914	001	15,44,089.37	228.48
15	शालीमारबाग	राकेश	10224024	001	2,15,260.28	27.00
16	शालीमारबाग	रोहित	08320203	001	6,72,186.59	71.99
17	शालीमारबाग	रोहित लांबा	07654775	007	32,14,332.43	386.14
18	शालीमारबाग	सतीश कौर	04398286	002	2,26,296.03	26.52
19	ओखला	प्रिया	10213617	001	4,06,975.59	57.00
20	मयूर विहार-नई दिल्ली	विपिन अहलावत	04582975	001	1,33,269.76	23.55
21	दिलशाद गार्डन	मोडित सिंह	07728132	002	11,23,344.48	111.38
22	दिलशाद गार्डन	सब्बी	04787339	001	1,27,507.26	14.30
23	दिलशाद गार्डन	सुनीता	10110886	001	53,10,183.38	569.80
24	दिलशाद गार्डन	तपन पोद्दार	04578427	003	6,37,045.87	69.80
25	राजौरी गार्डन	राजदीप कौर	07645295	001	8,66,909.32	93.16
26	नजफगढ़, नई दिल्ली	हिमांशु	10179336	001	7,17,850.08	62.30
27	नजफगढ़, नई दिल्ली	नरेंद्र डाल	04679778	005	28,65,806.48	268.29
28	नजफगढ़, नई दिल्ली	रघुराज सिंह	10131648	003	30,58,464.39	264.87
29	नजफगढ़, नई दिल्ली	राजदीप दीक्षित	08301519	001	4,42,372.69	59.13
30	मजनुपुरा-नई दिल्ली	संजय कुमार	04466062	001	1,03,301.37	21.50
31	त्रि नगर, नई दिल्ली	फिरोज अली	04927017	001	28,724.36	6.80
32	श्याम नगर-नई दिल्ली	आसिफ इकबाल	05045561	001	1,18,252.73	23.47
33	श्याम नगर-नई दिल्ली	बाबू खान	04934924	001	1,32,733.78	28.79
34	श्याम नगर-नई दिल्ली	ऋषभ बब्बर	07862560	004	77,53,145.85	816.16
35	लक्ष्मी नगर	भारू बिष्ट	10224451	002	7,76,623.01	77.15
36	लक्ष्मी नगर	खुशबू वर्मा	08190216	001	20,14,265.82	291.50
37	लक्ष्मी नगर	निकषित अग्रवाल	07885739	001	15,90,852.19	230.55
38	लक्ष्मी नगर	ओम प्रकाश गोरिसारिया	07820523	001	6,18,315.98	90.30
39	पश्चिम विहार	सोनू	04974098	001	3,39,367.91	57.67
40	कालकाजी	एकलक अहमद	05079760	001	2,37,647.94	27.03

अधिक जानकारी/खाता जानकारी के लिए उधारकर्ता/इच्छुक बोलीदाता संबंधित शाखाओं से, और नीलामी में भाग लेने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 23.08.2026 **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, सीएसबी बैंक**

कृत्रिम मेधा और अन्य प्रौद्योगिकियों का एकीकरण तय करेगा देश का भू-राजनीतिक भविष्य : शेखावत

अहमदाबाद, 23 अगस्त (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, सेमीकंडक्टर और उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग जैसी तकनीकों का एकीकरण किसी देश की भू-राजनीतिक स्थिति तय करेगा।

तीसरे 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर यहां आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ने का मतलब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन जैसी संस्थाओं के महत्व को कम करना नहीं है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, इसरो और विज्ञान विभाग के कार्यक्रम में शेखावत ने अंतरिक्ष क्षेत्र के निजीकरण को अंतरिक्ष से जुड़े अवसरों का लोकतंत्रीकरण बताया। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम प्रौद्योगिकी, रोबोटिक्स, उन्नत सामग्री, सेमीकंडक्टर और उच्च क्षमता वाली कंप्यूटिंग का है।

'प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर में लौटी शांति'

श्रीनगर, 23 अगस्त (भाषा)।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केंद्र में सत्ता संभालने के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों की सोच में व्यापक बदलाव आया है। सिंह ने यहां भाजपा की संगठनात्मक बैठक से इतर संवाददाताओं से कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोगों की सोच में पूर्वोत्तर की तरह ही पूरी तरह बदलाव आया है। यह बदलाव 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद हुआ।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की शुरुआत के बाद से यहां का माहौल बदल गया है। शांति कायम है और सामान्य स्थिति लौट रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले तीन दशकों में हिंसा के कारण कई पीढ़ियों को खोने के बाद अब जम्मू-कश्मीर के युवाओं में आगे बढ़ने की आकांक्षा पैदा हुई है।

खबर कोना

निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल का प्रदेश दौरा आज से

लखनऊ, 23 अगस्त (भाषा)।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 24 अगस्त को शुरू होने वाले दो दिनों के दौरे पर प्रदेश आएगा। इस प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग, महानिदेशक (मीडिया) आशीष गोयल, महानिदेशक (आइटी) सीमा खन्ना और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के मुताबिक मुख्य निर्वाचन आयुक्त की अगुआई में होने वाले इस दो दिवसीय दौरे का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करना, युवाओं और भविष्य के मतदाताओं को चुनावी प्रणाली से जोड़ना, निर्वाचन से संबंधित जानकारी को बढ़ावा देना और बूथ स्तर के अधिकारियों के साथ बातचीत करके उनके अनुभवों और सुझावों को समझना है। बयान के मुताबिक लखनऊ के काल्विन तालुकदार कालेज में शुरुआती शिक्षा लेने वाले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सोमवार 24 अगस्त की सुबह इसी कालेज के अवध आडिटोरियम में छात्रों के साथ एक संवादात्मक सत्र में भाग लेंगे।

सहारनपुर : शांति व्यवस्था भंग करने के मामले में पांच युवक गिरफ्तार

सहारनपुर, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

सहारनपुर जनपद की थाना फतेहपुर पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान ग्राम जीवाला में शांति व्यवस्था भंग करने के प्रयास करने वाले पांच अभियुक्तों प्रथम पक्ष के सन्नी पुत्र चंदर, बोबी पुत्र चंदर, आदित्य पुत्र संदीप निवासीगण जीवाला थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर व द्वितीय पक्ष के आदित्य पुत्र पप्पू, शक्ति पुत्र पप्पू निवासीगण जीवाला थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर को आपस में पुरानी मुकदमेबाजी को लेकर आमदा-फसाद हो रहे थे। सभी पांचों आरोपियों को बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया है।

मिर्जापुर : ब्रह्मपुत्र मेल से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

मिर्जापुर, 23 अगस्त (भाषा)।

प्रदेश के मिर्जापुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) की सतर्कता से ब्रह्मपुत्र मेल से एक बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा गया है। जीआरपी थानाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा ने रविवार को बताया कि शनिवार की रात पकड़े गये युवक की पहचान बांग्लादेश के हाबीगंज निवासी 23 वर्षीय रियाज अहमद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि जांच में उसके पास भारत में प्रवेश एवं निवास से संबंधित कोई वैध पासपोर्ट, वीजा अथवा अन्य दस्तावेज नहीं मिला। उन्होंने बताया कि कश्मीर जा रहा अहमद ब्रह्मपुत्र मेल के एसी कोच में बिना टिकट लिए सफर कर रहा था। उन्होंने बताया कि उसे चिकित्सा जांच के लिए भेजा जा रहा है जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

अखिलेश यादव के बयान पर मुख्यमंत्री योगी का पलटवार

अगले चुनाव में सपा को हमेशा के लिए 'साफ' कर देगी जनता

लखनऊ, 23 अगस्त (भाषा)।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर गरीबों को अपने एजंडे में जगह नहीं देने का आरोप लगाते हुए रविवार को दावा किया कि जनता अगले विधानसभा चुनाव में सपा को हमेशा के लिए साफ कर देगी। लखनऊ में मध्याह्न भोजन योजना के रसोइयों के सम्मान समारोह और नकद भुगतान रहित चिकित्सा सुविधा के कार्ड वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में भोजन बनाने वाले रसोइयों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी भी दे रही है।

मुख्यमंत्री ने रसोइयों के मानदेय में वृद्धि, दुर्घटना की स्थिति में दो लाख रुपए की सहायता, पांच लाख रुपए तक के नकद भुगतान रहित उपचार की सुविधा और साड़ी के लिए मिलने वाली राशि 500 रुपए से बढ़ाकर 1,000 रुपए करने की घोषणा की। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह काम पहले भी हो सकता था, मगर पहले इसलिए नहीं होता था क्योंकि समाजवादी पार्टी के एजंडे में गरीब तो कोई मुद्दा ही नहीं था। आदित्यनाथ ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्हें 'बबुआ' (बच्चा) कहकर संबोधित किया और कहा कि आज आपने समाजवादी पार्टी के मुखिया का बयान पढ़ा होगा। बबुआ ने कहा है कि जब हमारे परिवार के सभी लोग सांसद हैं, इसीलिए तो सपा सपा बनी हुई है। हमने कहा कि सपा इसलिए सपा है क्योंकि जनता उसे अगले चुनाव में हमेशा के लिए साफ कर देगी।

सपा प्रमुख ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा था, क्या आपने कभी सोचा है कि पूरी पार्टी क्यों नहीं टूटी? क्योंकि एक ही परिवार के पांच सांसद थे। हमारे पास कई मुसलिम सांसद और कुछ पक्के समाजवादी भी थे।

कार्यक्रम में नकद भुगतान रहित चिकित्सा सुविधा के कार्ड वितरण करते मुख्यमंत्री योगी।

अखिलेश यादव ने शनिवार को संवाददाताओं से कहा था कि क्या आपने कभी सोचा है कि पूरी पार्टी क्यों नहीं टूटी? क्योंकि एक ही परिवार के पांच सांसद थे। हमारे पास कई मुस्लिम सांसद और कुछ पक्के समाजवादी भी थे। योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि सपा नेताओं ने अपने परिवार के हितों के लिए गरीबों का शोषण किया, प्रदेश को लूटा और उसे गुंडा प्रदेश बना दिया था। उन्होंने कहा कि पहले गरीबों की जमीनों पर कब्जे होते थे, बेटियों की सुरक्षा खतरे में थी और आए दिन दंगे होते थे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि अब बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का यमराज के घर जाने का रास्ता तय हो गया है तथा उत्तर प्रदेश दंगा और कर्फ्यू मुक्त है, जिसके कारण प्रदेश में विकास हो रहा है। उन्होंने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि जब कोई बबुआ की तरह दोपहर 12 बजे सोकर उठे, दो बजे तक तैयार हो, शाम पांच बजे व्यायामशाला जाए और सात बजे लौटकर महफिल जमाए तो प्रदेश के लिए समय कहां से मिलेगा।

आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग का मायावती ने किया विरोध

लखनऊ, 23 अगस्त (भाषा)।

बसपा की अध्यक्ष मायावती ने जाति-आधारित आरक्षण की जगह आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने की मांग का विरोध किया और कहा कि ऐसा कदम देश के हित में नहीं होगा।

उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए संविधान में आरक्षण का प्रावधान इन समुदायों को सदियों से झेल रहे भेदभाव और वंचना को दूर करने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने कहा कि जाति आधारित आरक्षण के खिलाफ मांग उठाने वालों को ऐसा कोई कदम उठाने से बचना चाहिए, जिससे समतामूलक समाज और विकसित एवं गरिमापूर्ण राष्ट्र के निर्माण के संवैधानिक उद्देश्य को नुकसान पहुंचे। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के लिए जुटे कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। सोशल मीडिया के जरिए प्रदर्शनकारियों को इस प्रदर्शन के लिए जुटाया गया था। उनकी मांग है कि सरकारी सहायता और आरक्षण की पात्रता तय करने में जाति के बजाय आर्थिक आधार को प्राथमिकता दी जाए।

हापुड़ के गांवों पर मंडराया बाढ़ का खतरा, बांटी जा रही है राहत सामग्री

हापुड़, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

गढ़मुक्तेश्वर के बृजघाट पर गंगा नदी का जलस्तर उच्च बाढ़ तल के निशान 198.90 को पार कर रविवार शाम 198.92 समुद्र तल से आगे बढ़ रहा है। एसडीएम राम यादव के अनुसार शासन की मंशा के अनुसार बाढ़ प्रभावित परिवारों को मुख्यमंत्री बाढ़ राहत सामग्री प्रदान करने को क्षेत्रों का सर्वे जारी है।

राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने बाढ़ से डूबे 24 गांवों चकलठिरा, कुदेनी, रामपुर अब्दुलापुर, भगवंतपुर, शाकरपुर, शेरा कृष्णा वाली मैढया,न्यामतपुर में जाकर स्थिति का जायजा लिया। सर्वे में देखा जा रहा है कि कितने परिवार बाढ़ पीड़ित हैं और कितने निवास कर रहे हैं। ताकि सामग्री वितरण में कोई गड़बड़ी ना हो। इसके लिए परिवारों की संख्या को चूले के आधार पर दर्ज किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि आठ से ज्यादा बाढ़ प्रभावित गांवों के एक ही मकान में अलग-अलग चूल्हे पर भोजन बनाने वाले परिवारों को भी सर्वे में शामिल किया जाएगा। छह रोज से लगातार गंगा में जलस्तर में वृद्धि हो रही है।

'राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में मुख्य आरोपी को बचाने की हो रही कोशिश'

अयोध्या, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को आरोप लगाया कि अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी और गबन मामले में मुख्य आरोपी को बचाने की कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अब हनुमान जी को अपनी गदा उठानी चाहिए और चंदा चोरों से हिसाब करना चाहिए।

राय ने अयोध्या यात्रा के दौरान हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना और हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने बजरंग बली से अत्याचार व अन्याय के खिलाफ कार्रवाई करने की प्रार्थना की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस के मुद्दे पर राज्य की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि इस मामले में मुख्य आरोपी को बचाने की कोशिशें की जा रही हैं। राम मंदिर के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस नेता ने मांग की कि इसके बजाय वरिष्ठ हिंदू धार्मिक नेताओं या धर्माचार्यों को नियुक्त किया जाए।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर को व्यापार का केंद्र नहीं बनने दिया जाएगा। राय ने कहा कि कांग्रेस पारंपरिक रूप से अपने कार्यक्रमों की शुरुआत प्रार्थना और भगवान के दर्शन के साथ करती है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन की संभावना पर राय ने जोर देकर कहा कि भाजपा को सत्ता से हटाया जाएगा लेकिन गठबंधन के बारे में फैसला पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा।

दुर्घटनाग्रस्त कार से मिला 15.39 करोड़ का सोना

कन्नौज, 23 अगस्त (भाषा)।

कन्नौज जिले के तालग्राम क्षेत्र में पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त कार की तलाशी के दौरान 10.026 किलोग्राम सोना बरामद किया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 15 करोड़ 39 लाख रुपए है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

इस मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख एवं कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने पुलिस पर बरामद सोने की कुछ ईंटें गायब करने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि शनिवार को सकरावा के थाना प्रभारी भागमल सिंह की सरकारी गाड़ी को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 171.200 के पास एक कार ने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दुर्घटनाग्रस्त सरकारी वाहन के करीब 100 मीटर आगे टक्कर मारने वाली कार खड़ी मिली जिसमें दो लोग सवार थे। पुलिस अधीक्षक के बताया कि पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान महराजगंज निवासी संदीप जायसवाल और नेपाल निवासी सरोज पंत के रूप में बताई।

इस मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख एवं कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने पुलिस पर बरामद सोने की कुछ ईंटें गायब करने का आरोप लगाया है।

संदेह होने पर कार की तलाशी ली गई, जिसमें एक बैग से सोने की 10 ईंटें मिलीं। दोनों कोई वैध दस्तावेज या लाइसेंस नहीं दिखा सके। पुलिस ने भारतीय स्टेट बैंक के अधिकृत स्वर्ण मूल्यांकनकर्ता से जांच कराई, जिसमें इसके 24 कैरेट सोना होने की पुष्टि हुई। बरामद सोना 10.026 किलोग्राम था। पुलिस ने जीएसटी विभाग की टीम को भी बुलाया। टीम ने प्रथम दृष्टया अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की तस्करी की आशंका जताई और मामले की विस्तृत जांच सीमा शुल्क विभाग से कराने की बात कही।

अधिकारी ने बताया कि बरामद सोना सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। इस बीच अखिलेश यादव ने एक्स पर आरोप लगाया कि पुलिस ने 16 सोने की ईंटें गायब कर दीं। उन्होंने कहा कि दस दिखाया, सोलह गटकाया, भाजपा की पुलिस की माया। यादव ने कहा कि कन्नौज में पुलिस की गाड़ी से हुई दुर्घटना में सोने की तस्करी का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार टक्कर लगने के बाद जब कार सवार भागने लगे तो पुलिस ने पीछा करके उन्हें पकड़ा और तलाशी के दौरान गाड़ी से एक-एक किलो के 26 सोने के बिस्कुट पकड़े लेकिन दिखाए गए केवल 10 किलो के बिस्कुट।

बरेली : खेत में मिला युवक का शव, शिनाख्त कराने के प्रयास

बरेली, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

थाना सीबीगंज क्षेत्र में गन्ने के खेत में एक युवक का शव पड़ा मिला है। पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों से शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन मृतक की अबतक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने घटनास्थल की जांच कराने के बाद शव को बरामद कर शवगृह में रखवा दिया है।

क्षेत्राधिकारी (द्वितीय) नितिन कुमार ने बताया कि थाना सीबीगंज की पुलिस को रविवार की सुबह सूचना मिली कि नदौसी मार्ग पर एक गन्ने के खेत में शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की फारेंसिक जांच कराने के अलावा आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाला है। मृतक के शरीर पर कोई प्रत्यक्ष चोट के निशान नहीं दिख रहे हैं। उसके बाएं बाजू पर सुखलाल नाम गुदा हुआ है। मौके पर जमा हुई भीड़ और आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कराया गया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। जिले के अन्य थानों को भी घटना की सूचना भेजी गई है। पंचायतनामा भरकर मृतक की शिनाख्त कराने के लिए शव को नियमानुसार 72 घंटे के लिए शवगृह में रखवा दिया गया है। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

हादसे में युवक और उसकी नानी की मौत: थाना आंवला क्षेत्र में एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक और उसकी बुजुर्ग नानी की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने हादसे वाले टैंकर को बरामद कर चालक को हिरासत में ले लिया है। क्षेत्राधिकारी हेमंत उपाध्याय ने रविवार को बताया कि आंवला से भमौरा की ओर जाते समय रास्ते में रामनगला गांव के पास टैंकर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार मनोज और उसकी नानी भूरी देवी बुरी तरह जख्मी हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

आलू में मंदी का लाभ 5100 किसानों को मिलेगा

हापुड़, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रदेश सरकार ने आलू उत्पादक किसानों के लिए तीन महत्त्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को बाजार भाव में गिरावट से होने वाले नुकसान से बचाना, आलू के सुरक्षित भंडारण को बढ़ावा देना और उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है। जिला उद्यान अधिकारी हरित कुमार ने बताया कि जिले के लगभग 5100 आलू किसानों को इन योजनाओं का लाभ मिलेगा। परंतु उसके लिए पोर्टल पर अपना डाटा अपलोड करना पड़ेगा। सबसे पहली योजना भामाशाह भाव स्थिरता कोष योजना है। इसके तहत, यदि आलू का बाजार भाव गिरता है, तो पात्र किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

एएनएस डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः बी-1/ई-13, प्रथम तल मोहन सहकारी औद्योगिक एस्टेट, मथुरा रोड, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110044

फार्म सं. आईएनसी-26

(कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली से कर्नाटक राज्य में स्थानांतरित करना

केंद्रीय सरकार के समक्ष, दिल्ली, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय-।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क) के मामले में

और

एएनएस डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय बी-1/ई-13, प्रथम तल, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110044 के मामले में

.....याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए क्षेत्रीय निदेशक दिल्ली, **उत्तरी क्षेत्र निदेशालय-।** को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु 28 जुलाई 2026 को आयोजित बैठक में कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) दिल्ली से कर्नाटक राज्य में बदलने हेतु पारित किया गया।

कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित संशोधन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक (उत्तरी क्षेत्र निदेशालय ।) बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, दूसरी मंजिल, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर प्रेषित करवा सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

बी-1/ई-13, प्रथम तल, मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110044

कृते और उसकी ओर से
एएनएस डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड
एसडी/-
अखिल गोयल
निदेशक
डीआईएनः 10353574
पताः एच. नं. सी-110, मियांवाली कॉलोनी, सदर बाजार, गुड़गांव-122001, हरियाणा

दिनांकः 24.08.2026
स्थानः बैंगलोर

यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में गई थी जान | दुखद | अब करमेल में होगी अंतिम विदाई

चौंतीस दिन बाद स्वदेश पहुंचा अभिषेक निषाद का शव

देवरिया, 23 अगस्त (भाषा)।

यूक्रेन के ओडेसा तट के निकट मालवाहक जहाज पर रूसी मिसाइल हमले में जान गंवाने वाले कर्मचारियों देवरिया के अभिषेक निषाद और कर्नाटक के अखिल जोयन के शव 34 दिन बाद रविवार को भारत लाए गए। मालवाहक जहाज कंपनी की प्रतिनिधि प्रज्ञा त्रिपाठी ने समाचार एजंसी को रविवार को बताया कि निषाद का शव दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया, जिसके बाद उनके रिश्तेदार सुबह करीब आठ बजे शव लेकर पैतृक गांव करमेल के लिए रवाना हो गए।

जिला प्रशासन के एक प्रवक्ता के अनुसार गौरीबाजार थाना क्षेत्र के करमेल गांव निवासी 22 वर्षीय अभिषेक निषाद मालवाहक जहाज गोल्डन लियो पर चालक दल के सदस्य के रूप में कार्यरत थे।

युवक निषाद का शव इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाया गया। उनके रिश्तेदार सुबह शव लेकर पैतृक गांव करमेल के लिए रवाना हो गए।

प्रवक्ता ने बताया कि वह 10 जुलाई को वाराणसी से मुंबई पहुंचे थे जिसके बाद तुर्किये होते हुए 11 जुलाई को माल लेकर मक्का जा रहे जहाज पर सवार हुए थे। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई को यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह के निकट जहाज पर रूसी मिसाइल हमला हुआ, जिसमें कुछ अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ अभिषेक की भी मौत हो गई थी और उनके शव क्षत-विक्षत हो गए। प्रवक्ता ने बताया कि मृतकों की उम्र भी लगभग समान होने के कारण सामान्य पहचान के आधार पर शवों की पुष्टि संभव नहीं थी, जिसके बाद डीएनए जांच कराई गई थी। उन्होंने कहा कि डीएनए रिपोर्ट के मिलान के बाद अभिषेक के शव की पहचान हुई। उन्होंने बताया कि डीएनए जांच और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अभिषेक का शव 34 दिन बाद उसके पैतृक गांव लाया जा रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि यूक्रेन के कीव स्थित बोरिस्पिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शव को मोल्दोवा के चिसिनाउ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और फिर विमान के जरिए नई दिल्ली लाया गया। प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी की एंबुलेंस से शव को करमेल लाया जा रहा है, जो देर रात तक लाए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि विगत 19 जुलाई को ओडेसा बंदरगाह के निकट मालवाहक जहाज गोल्डन लियो पर हुए रूसी मिसाइल हमले में चालक दल के चार भारतीय सदस्यों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी, जिनमें अभिषेक निषाद के अलावा कर्नाटक के हासन जिले के 26 वर्षीय अखिल जोयन, पंजाब के रहने वाले गुरप्रीत सिंह भट्ट और राजस्थान के जगन सिंह शामिल हैं। अभिषेक के शव को भारत लाने में हुई देरी को लेकर विदेश मंत्रालय ने केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान को जानकारी दी थी।

'रेडियो परवाज' बना बंदियों का अपना साथी

मेरठ जेल में गूंज रहे बेवफाई, प्यार और जुदाई के नगमे

मेरठ, 23 अगस्त (भाषा) ।

मेरठ जिला जेल की ऊंची दीवारों और लोहे की सलाखों के बीच कैद जिंदगी में जब रेडियो पर कोई पुराना फिल्मी गीत गूंजता है तो किसी को बीता प्यार, किसी को अपनों से बिछड़ने का दर्द और किसी को जिंदगी के उतार-चढ़ाव याद आ जाते हैं। जेल में करीब तीन महीने पहले शुरू हुआ 'रेडियो परवाज' इन दिनों बंदियों की इन्हीं भावनाओं का साथी बना हुआ है जहां सबसे ज्यादा फरमाइश प्यार, जुदाई और बेवफाई से जुड़े पुराने फिल्मी गीतों की आ रही हैं। इसी साल आठ मई को शुरू हुए 'रेडियो परवाज' पर रोजाना बंदियों की पसंद के गीत बजाए जाते हैं।

मेरठ के वरिष्ठ जेल अधीक्षक डाक्टर वीरेश राज शर्मा ने रविवार को समाचार एजंसी को बताया कि जेल प्रशासन ने रेडियो स्टेशन के लिए जगह उपलब्ध कराई, जबकि 'इंडिया विजन फाउंडेशन' ने रेडियो का पूरा तंत्र तैयार किया है। जेल प्रशासन के सूत्रों के अनुसार,

जेल अधीक्षक ने बताया कि रेडियो जाकी (आरजे) की भूमिका भी एक बंदी ही संभाल रहा है जिसे 'इंडिया विजन फाउंडेशन' ने इसके लिए प्रशिक्षण दिया है।

बंदी एक दिन पहले पर्ची के जरिए अपनी पसंद के गीत की फरमाइश करते हैं और अगले दिन वह गीत रेडियो पर सुनाया जाता है। फरमाइश के दौरान बंदी का नाम नहीं लिया जाता, बल्कि केवल उसकी बैरक संख्या बताई जाती है। सबसे अधिक मांग 1970, 1980 और 1990 के दशक के फिल्मी गीतों की है। पुरुष बंदी प्यार, जुदाई और बेवफाई के गीतों के अलावा भक्ति और जिंदगी की परिस्थितियों से जुड़े पुराने गीत भी सुनना पसंद करते हैं।

सूत्रों ने बताया कि महिला बंदियों की फरमाइश में प्यार और दर्द भरे गीतों के साथ मां, बच्चों और परिवार से जुड़े गीतों की मांग अधिक रहती है। जेल में करीब 1,900 पुरुष और 63 महिला बंदी हैं। जेल अधीक्षक शर्मा ने कहा कि रेडियो सेवा शुरू होने के बाद बंदियों के व्यवहार में खास बदलाव देखने को मिल रहा है और हर दिन अलग-अलग गीतों की फरमाइशें आती हैं। जेल की सभी बैरकों में स्पीकर लगाए गए हैं। रेडियो का प्रसारण सुबह और शाम करीब दो-दो घंटे होता है। जेल अधीक्षक ने बताया कि रेडियो जाकी (आरजे) की भूमिका भी एक बंदी ही संभाल रहा है जिसे 'इंडिया विजन फाउंडेशन' ने इसके लिए प्रशिक्षण दिया है। इच्छुक बंदियों को स्टूडियो में जाकर अपनी आवाज में गीत गाने का अवसर भी मिलता है।

'इंडिया विजन फाउंडेशन' की निदेशक मोनिका धवन और प्रिजन प्रोग्राम हेड रवि कुमार श्रीवास्तव के अनुसार, उत्तर प्रदेश की जेलों में 'रेडियो परवाज' के 11 केंद्र संचालित किए जा रहे हैं जिनमें आगरा जिला जेल, आगरा केंद्रीय जेल, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी केंद्रीय जेल, आजमगढ़, मेरठ, सहारनपुर और लखनऊ की जिला जेल शामिल हैं।

हापुड़ : पति को पीटने के मामले में पत्नी समेत दो महिला गिरफ्तार

हापुड़, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

पति को अपने मायके में बंधक बनाकर मारपीट करने जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए हापुड़ कोतवाली पुलिस ने रविवार को पत्नी समेत दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। फिलहाल पुलिस ने दीपा और प्रीति निवासी आदर्श नगर कालोनी को लज्जापुरी गेट से दबोचा है।

हापुड़ से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक पत्नी ने पति-पत्नी के रिश्ते को तार-तार करते हुए अपने ही पति को गर्म लोहे के सरियों, लाठी डंडों व बेल्ट से पीटा है। प्रकरण सिंभावली के थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी देवेंद्र सिंह के बेटे राजेश उर्फ शिवम का है। बताया गया है कि राजेश की शादी वर्ष 2020 में आदर्श नगर कालोनी निवासी दीपा के साथ हुई थी। बताया गया है कि शादी के बाद से पारिवारिक विवाद के चलते दीपा ज्यादातर अपने मायके में ही रहती थी। राजेश के पिता ने बताया कि 19 अगस्त को दीपा ने राजेश को फोन करके ससुराल बुलाया था। पीड़ित जैसे ही अपनी ससुराल पहुंचा तो उसे एक कमरे में बंधक बना लिया।

पीड़ित राजेश के परिजनों ने पत्नी दीपा, मुन्नी, कुलदीप, प्रीति, जितेंद्र, देवदास व मोहित तथा चार अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है। पुलिस ने घायल की पत्नी दीपा समेत दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

पुलिस फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

पति को गर्म लोहे के सरियों, लाठी डंडों व बेल्ट से पीटने का है आरोप।

पीड़ित को बंधक बनाने के बाद दो दिन तक गर्म लोहे के सरियों, लाठी डंडों व बेल्ट से बर्बरतापूर्वक पीटा गया और गला घोट कर उसकी हत्या करने का भी प्रयास किया गया। वहीं 21 अगस्त की सुबह परिजनों को एक फोन के माध्यम से हैवानियत की जानकारी मिली तो पीड़ित का भाई मौके पर पहुंचा और अधमरे राजेश को ई रिक्शा में डालकर ले गए। पीड़ित का एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ित राजेश के परिजनों ने पत्नी दीपा, मुन्नी, कुलदीप, प्रीति, जितेंद्र, देवदास व मोहित तथा चार अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है। पुलिस ने घायल की पत्नी दीपा समेत दो को गिरफ्तार किया है।

खबर कोना

नौकरी दिलाने का झांसा देकर बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

देवबंद कोतवाली पुलिस ने महिला के साथ बलात्कार करने, उसका घरेलू सामान हड़पने, वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर चार-पांच लाख वसूलने व देह व्यापार के लिए मजबूर करने के आरोपों में देवबंद के देवीकुंड निवासी सुधीर भारद्वाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी ग्रामीण मयंक पाठक ने बताया कि इस मामले की तफ्तीश सीओ देवबंद को सौंपी गई है। मामले की प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। उसके खिलाफ देवबंद और नांगल थाने में आधा दर्जन मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक, नगर के एक मोहल्ला निवासी अनुसूचित जाति की महिला ने कोतवाली देवबंद में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 151(3)बीएनएस एवं धारा 3(1) धारा एससी/एसटी की वृद्धि की गई है। पुलिस के मुताबिक सुधीर ने महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक कालोनी में कमरा दिलवाया और बाद में कमरे में रखा सामान, स्कूटी एवं कई अन्य सामानों को हड़प लिया।

पुलिस मुठभेड़ में हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

इटावा, 23 अगस्त (जनसत्ता) ।

इटावा जसवंतनगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार आरोपी अभिषेक उर्फ बंजारा को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार कचौरा बाईपास रेलवे पुल के पास झाड़ियों में छिपे आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में अभिषेक के दाहिने पैर में गोली लगी। जसवंतनगर की सीओ आयुषी सिंह ने बताया कि पुलिस ने घायल आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा, दो जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद किया। आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक 22 अगस्त को ग्राम कोठी कैस्त निवासी शिवम उर्फ शेखू को गोली मारकर घायल करने के मामले में अभिषेक उर्फ बंजारा और सुमित उर्फ लाखा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मुठभेड़ के दौरान सुमित उर्फ लाखा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं।

कुशीनगर : पेड़ से लटका मिला युवक का शव

कुशीनगर, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

कुशीनगर जिले के रामकोला थाना क्षेत्र के सिधावे ग्रामसभा के बसंतपुर गांव के बाहर सरेह में रविवार की सुबह शीशम के पेड़ की डाल से रस्सी के फंदे के सहारे एक युवक का शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची रामकोला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार रामकोला थाना क्षेत्र के परसौना निवासी सुनील पंजाब में रहकर कमाता था और शनिवार को कमाकर अपने ससुराल इंदरपुर आया था। वहां पत्नी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद वह रात में घर जाने की बात कहकर निकल गया। लेकिन घर नहीं पहुंचा। रविवार की सुबह बसंतपुर गांव के बाहर सरेह में उसका शव पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवा कर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में रामकोला थानाध्यक्ष चंद्रभान ने बताया कि शव कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्रशासन ने चीनी के आठ गोदामों पर छापा मारा

मोदीनगर, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

प्रशासन की टीम ने चीनी के बढ़े दामों के बीच कालाबाजारी रोकने के लिए रविवार को तहसील क्षेत्र में चीनी के आठ गोदामों पर छापा मारा और स्टाक की जांच की। हालांकि सभी जगह स्थिति सामान्य मिली, लेकिन दो दुकानों पर बिना जीएसटी बिलिंग मिलने पर दुकानदारों को नोटिस दिए गए। पिछले दिनों चीनी के दामों में एकदम से वृद्धि हुई है। चीनी की कालाबाजारी को रोकने के लिए एसडीएम के निर्देशन में टीम मोदीनगर में भगवान गंज मंडी और मोदी मंदिर के सामने स्थित छह दुकान व गोदाम पर पहुंची और स्टाक रिकार्ड की जांच की। इस दौरान व्यापारियों को सरकारी नियमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। चेतावनी दी यदि नियमों का पालन नहीं किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद मुरादनगर में दो चीनी गोदाम पर भी चेकिंग की गई। जांच में मोदीनगर के एसजी ट्रेडर्स के सुरेश चंद व मदन लाल के यहां नियमित रूप से जीएसटी बिल की फीडिंग नहीं की जा रही थी, इस पर दोनों को नोटिस जारी किए गए।

इटावा में रहस्यमय बीमारी से दो मासूमों की मौत, पांच के लिए नमूने

इटावा, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

इटावा जिले के गढ़ाकस्दा गांव में रहस्यमय बीमारी की चपेट में आने से दो मासूमों की जान चली गई। जबकि लगभग 12 बच्चे बीमार हैं। पांच बच्चों के नमूने लिए गए। जिसमें डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया की रिपोर्ट निगेटिव आई।

गांव में बीमारी फैलने की सूचना मिलने के बाद इटावा के डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ला के निर्देश पर मेडिकल टीम गांव में पहुंची और प्रभावित लोगों का नमूने लिए है इसके साथ ही गांव में साफ-सफाई की जा रही है। इन बच्चों की डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया की रिपोर्ट निगेटिव है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पीएचसी पर डाक्टर की तैनाती न होने से उन्हें झोलाछाप से इलाज कराना पड़ा। गढ़ाकस्दा के महेंद्र दोहरे ने बताया कि उनका बेटा सतेंद्र दोहरे (13) तीन दिन से बीमार था। रात उसे उल्टी और दस्त हुए। इसके कुछ देर बाद ही उसकी मौत हो गई। इसी तरह तीन दिन से बीमार चल रही मुकेश सिंह की बेटी गुनगुन (12) की भी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए बाबरपुर, औरैया के निजी डाक्टर के पास ले गए। यहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, अरविंद का पुत्र आशिक (8) का शहर के निजी अस्पताल में आइसीयू में भर्ती है।

सपा की जिला कमेटी आठ माह से गठित नहीं

अयोध्या की पांच विधानसभा सीटों पर नहीं हो रहा पार्टी का कोई कार्यक्रम

त्रियुग नारायण तिवारी
अयोध्या 23 अगस्त।

रामनगरी में समाजवादी पार्टी का जिला संगठन पिछले आठ महीनों से भंग पड़ा है। नई कमेटी बनाने के लिए कई बार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सामने प्रस्ताव भी रखे गए, लेकिन बात बनी नहीं। विवाद के कारण नई कमेटी का गठन भी नहीं हो पा रहा है।

नतीजा ये है कि जिले की पांच विधानसभा सीटों पर पार्टी का कोई कार्यक्रम नहीं हो रहा। जहां चुनाव लड़ना है, वहीं के दावेदार अपने-अपने हिसाब से पार्टी चला रहे हैं। अयोध्या विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधि का सारा जिम्मा सपा के घोषित प्रत्याशी तेज नारायण पांडे उर्फ पवन पांडे द्वारा संचालित की जा रही है। आए दिन कहीं ना कहीं कोई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, लेकिन संगठन के नाम पर कुछ भी नहीं है। इसी प्रकार से मिल्कीपुर सुरक्षित विधानसभा में सांसद अवधेश प्रसाद अपने पुत्र अजीत प्रसाद को जिताने के लिए मिल्कीपुर क्षेत्र में दौरा करते रहते हैं और वे अनेक कार्यक्रम कर रहे हैं।

गोसाईगंज में पार्टी के नाम पर लौटनराम निषाद पार्टी का झंडा और बैनर लिए घूम रहे हैं लेकिन यहां भी पार्टी का कुछ कार्यक्रम नहीं दिखता है। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी की तरफ से पूर्व विधायक दिवंगत मित्रसेन यादव कई बार के सांसद और विधायक के पुत्र आनंद सेन यादव चुनाव लड़ने के दावेदार प्रमुख रूप से बताए जा रहे हैं।

दूसरी तरफ पिछला चुनाव हारे पशु बाजार संचालक गब्बर खान भी टिकट के लिए जोर लगा रहे हैं। मित्रसेन परिवार की पकड़ को देखते हुए एक टिकट यहीं जाना लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इस सीट से मित्रसेन की बहू इंदूसेन यादव को टिकट मिल सकता है। इंदूसेन यादव जिला पंचायत की सदस्य कई बार रह चुकी हैं और वह पहली महिला नेता हैं जो अपना कामकाज खुद निपटाती हैं और अफसरों से मिलती-जुलती हैं।

मदरसे का अवैध निर्माण ढहाया गया

मुजफ्फरनगर का मामला, युवक-युवतियों के धर्मांतरण का भी आरोप

मुजफ्फरनगर, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

मुजफ्फरनगर जनपद स्थित रतनपुरी थाना क्षेत्र के मदरसा दारुल उलूम रहीमिया फुलत पर रविवार को जिला प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त करने का काम किया है।

दरसअल इस मदरसे पर कई हिंदू-युवक युवतियों के धर्मांतरण कराने के आरोप लग चुके हैं। जिसमें शिकायत पर रतनपुरी थाने में इस मदरसे के संचालक मौलाना हिफजुर्रहमन अंसारी और उसके दो बेटे जुबैर अंसारी और

जुनैद अंसारी पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस इस मामले में मौलाना के बेटों को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि इस मदरसे पर सार्वजनिक ग्राम सभा की भूमि पर अवैध निर्माण का भी आरोप लगा था। जिसकी जांच के बाद रविवार को पुलिस ने आलाधिकारियों के निर्देश पर इस मदरसे के अवैध निर्माण पर बुलडोजर की मदद से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले दिनों में थाना रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर में एक शिकायत मिली थी एक दारुल उलूम रहीमया नाम का मदरसा चल रहा है अवैध रूप से चल रहा है और वहां पर हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन का मामला संज्ञान में आया था। जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

अभियान प्रयागराज में गंगा नदी के बढ़े हुए जलस्तर के कारण बाढ़ के पानी से भरी सड़क की सफाई करता नगर निगम का कर्मचारी।

बेसिक शिक्षकों और रसोइयों को मिलेगा पांच लाख तक का इलाज

चंदौली, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों, कर्मचारियों और पीएम पोषण योजना से जुड़े रसोइयों के लिए बड़ी राहत का एलान किया है।

अब पात्र बेसिक शिक्षक एवं कर्मचारी तथा पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइया सरकारी के साथ-साथ संबद्ध निजी अस्पतालों में भी प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का 'कैश लेस' इलाज करा सकेंगे। इस सुविधा के साथ ही पीएम पोषण योजना के तहत कार्यरत रसोइयों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है। रसोइयों का मानदेय 2,000 रुपए से बढ़ाकर 3,000 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। इसके अलावा ड्रेस, यूनिफार्म, एप्रन, ग्लव्स और कैप आदि के लिए मिलने वाली राशि को 500 रुपए से बढ़ाकर 1,000 रुपए किए जाने की जानकारी दी गई।

बता दें कि चंदौली जनपद में पीएम पोषण योजना के तहत कुल 1,267 विद्यालय आच्छादित हैं, जहां 3,851 रसोइए कार्यरत हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि रसोइयों के मानदेय में समय-समय पर वृद्धि की गई है।

वाराणसी में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा

अखिलेश 2047 तक न मुख्यमंत्री बनेंगे, न राहुल प्रधानमंत्री

वाराणसी, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर करारा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के प्रमुखों को आड़े हाथों लेते हुए रविवार को कहा कि 2047 तक न तो अखिलेश यादव यूपी के मुख्यमंत्री बनेंगे और न ही राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बन पाएंगे।

संसद द्वारा वंदे मातरम् को लेकर पारित कानून और कांग्रेस की बयानबाजी पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की आत्मा और आजादी के आंदोलन का महामंत्र है। कांग्रेस केवल मुसलिम वोट बैंक के लालच में इसका अपमान कर रही है और इस तरह की घटिया राजनीति की कीमत उसे चुकानी पड़ेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी और पूरा देश राष्ट्रगीत के सभी छह छंद गाएगा।

अखिलेश यादव द्वारा भाजपा का मतलब 'भाग जाओ पाकिस्तान' बताने के बयान पर पलटवार करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख लगातार बौखलाहट में हैं और 2027 में सत्ता में आने का मुंगेरीलाल का हसीन सपना देख रहे हैं।

अखिलेश यादव द्वारा भाजपा का मतलब भाग जाओ पाकिस्तान बताने के बयान पर पलटवार करते हुए केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा प्रमुख लगातार बौखलाहट में हैं और 2027 में सत्ता में आने का मुंगेरीलाल का हसीन सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक और कुछ नहीं परिवार डेवलपमेंट अथारिटी है। सपा सिर्फ गुंडों, माफियाओं और अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती है।

उरई : सड़क हादसे में युवक की मौत

उरई, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

जालौन कोतवाली क्षेत्र में जालौन-औरैया हाईवे पर ग्राम प्रतापपुरा के पास रविवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, साहिल तिवारी पुत्र स्वर्गीय गोविंद तिवारी निवासी कुंडऊ, थाना गोहन, अपने साथी चंचल तिवारी के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान प्रतापपुरा के पास सामने से गलत दिशा में आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

तैयारी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर खिल उठेगी ब्रजभूमि की आभा

छब्बीस मंचों पर गूंजेगी ब्रज की संस्कृति

मथुरा, 23 अगस्त (जनसत्ता)।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए मथुरा में तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू हो गई हैं।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन, पुलिस और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बैठक में बिजली, सुरक्षा, यातायात, सफाई, पेयजल, पार्किंग और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि

जन्माष्टमी महोत्सव को देखते हुए पूरे जिले को तीन जोन और 17 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 95 बैरियर, 15 वाच टावर, 125 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन निगरानी की व्यवस्था रहेगी। प्रमुख मंदिरों, घाटों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।

जन्माष्टमी के दौरान देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी कर ली जाएं।

जन्मोत्सव के दौरान दो से चार सितंबर तक जिलेभर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस बार चार मुख्य मंचों और 21 लघु मंचों सहित कुल 26 मंचों पर ब्रज की लोक संस्कृति, रासलीला, भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिससे पूरा मथुरा भक्तिमय माहौल में रंग जाएगा। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 76 अस्थायी शौचालय, 186 पेयजल टैंकर, पांच स्थायी और 10 अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की है।

वहीं सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 1100 सफाई कर्मचारी तैनात किए जाएंगे, जबकि श्रीकृष्ण जन्मस्थान क्षेत्र में 250 अतिरिक्त कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी।

प्रपत्र बी
सार्वजनिक घोषणा
भारत दिवाला एवं दिवालिया मंडल (परिसमापन प्रक्रिया)
विनियमन, 2016 के विनियमनन 12)

डालमिया लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ

क्र. सं.	विवरण	जानकारी
1	कॉर्पोरेट देनदार का नाम	डालमिया लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड
2	कॉर्पोरेट देनदार के निगमन की तारीख	06/02/13
3	वह प्राधिकरण जिसके तहत कॉर्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है	आरओसी दिल्ली
4	कॉर्पोरेट देनदार का कॉर्पोरेट पहचान नं./सीमित दायित्व पहचान नं.	U74110DL2013PTC247936
5	कॉर्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय और प्रधान कार्यालय (यदि कोई हो) का पता	एमसीए रिकॉर्ड के अनुसार पंजीकृत कार्यालय का पता: 97-बी एसआईएफ अमृतपुरी, गढ़ी, नई दिल्ली, 110065, भारत
6	दिवाला समाधान प्रक्रिया की समाप्ति की तारीख	02.11.2025 (एनसीएलटी द्वारा दिनांक 08.06.2026 के आदेश के माध्यम से विस्तार प्रदान किया गया)
7	कॉर्पोरेट देनदार के परिसमापन शुरू होने की तारीख	19.08.2026 (परिसमापक को आदेश दिनांक 20.08.2026 को प्राप्त हुआ)
8	परिसमापक के रूप में कार्य करने वाले दिवाला पेशेवर का नाम और पंजीकरण संख्या	नाम: श्री प्रभात रंजन सिंह आईबीबीआई पंजी. सं.: IBBI/IPA-002/IP-N00428/2017-2018/11239
9	बोर्ड के साथ पंजीकृत परिसमापक का पता और ईमेल	पता: चैंबर नं. 119, सी.के. दफ्तरी ब्लॉक, भारत का सर्वोच्च न्यायालय, तिलक मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, 110001 ईमेल आईडी: prabhat.rs.advocate@gmail.com
10	परिसमापक के साथ पत्राचार के लिए उपयोग किया जाने वाला पता और ईमेल	पता: 905, 9वीं मंजिल, टॉवर-सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, सेक्टर-50, गुरुग्राम, हरियाणा-122018 ईमेल आईडी: liq.dalmialife@resurgentindia.com

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय कंपनी कानून अधिकरण, नई दिल्ली बेंच-VI ने दिनांक 19.08.2026 को डालमिया लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड के परिसमापन की शुरूआत का आदेश दिया है।

हस्ता/-
प्रभात रंजन सिंह,
परिसमापक
डालमिया लाइफ केयर प्राइवेट लिमिटेड
आईबीबीआई पंजी. : IBBI/IPA-002/IP-N00428/2017-2018/11239
पंजीकृत पता: चैंबर नं. 119, सी.के. दफ्तरी ब्लॉक, भारत का सर्वोच्च न्यायालय, तिलक मार्ग, नई दिल्ली, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, 110001
पत्राचार का पता: 905, 9वीं मंजिल, टॉवर-सी, यूनिटेक बिजनेस जोन, सेक्टर-50, गुरुग्राम, हरियाणा-122018
ईमेल: prabhat.rs.advocate@gmail.com
दिनांक: 24.08.2026
स्थान: दिल्ली

वैम होल्डिंग्स लिमिटेड
(CIN: U51909UP1996PLC057371)
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नं. 1ए, सेक्टर-16ए, नोएडा-201301, यू.पी.
ई-मेल: corporate.enpro@jepl.com; सम्पर्क: 0120-4361000

29वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू प्रावधानों और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुपालन में एजीएम की **सूचना** में निर्धारित व्यवसाय के निष्पादन के लिए **वैम होल्डिंग्स लिमिटेड** ('कंपनी') के सदस्यों की उनतीसवीं (29वीं) वार्षिक आम बैठक **('एजीएम') शुक्रवार, 25 सितम्बर, 2026 को दोपहर 01.00 बजे (आईएसटी) फोर्क एंड स्पून वेन्यू, सीएस राणा कॉम्प्लेक्स, आई ब्लॉक के पास, शिव मंदिर, सेक्टर-22, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201307** में आयोजित की जाएगी।

अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में एजीएम की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट उचित समय में उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के पास पंजीकृत हैं और उन सदस्यों को भौतिक प्रारूप में भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/डीपी के पास पंजीकृत नहीं हैं।

सदस्यगण केवल भौतिक उपस्थिति के माध्यम से ही एजीएम में शामिल एवं भाग ले सकते हैं और अधिनियम की धारा 103 के अंतर्गत उनकी गणना कोरम के प्रयोजन हेतु की जाएगी।

सदस्यों को एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर रिमोट ई-वोटिंग (एजीएम से पूर्व) एवं मतदान (एजीएम में) के माध्यम से अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से देने की सुविधा प्रदान की जाएगी। वोट देने की रिमोट ई-वोटिंग सुविधा एनएसडीएल द्वारा प्रदान की जाएगी। एजीएम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट देने वाले सदस्य भी भौतिक उपस्थिति के माध्यम से आयोजित एजीएम में शामिल/भाग ले सकते हैं लेकिन वे एजीएम में दोबारा वोट देने के लिए योग्य नहीं होंगे। रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया और तरीका एजीएम की सूचना में दिया जा रहा है जो कि एनएसडीएल पोर्टल https://www.evoting.nsdl.com/ पर उपलब्ध है।

जिन सदस्यों का ई-मेल आईडी कंपनी/डीपी के पास पंजीकृत है, उनसे अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिये गये संकतों के अनुसार रिमोट ई-वोटिंग के निर्देशों का पालन करें। सदस्यगण जिन्होंने भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इक्विटी शेयर धारण किये हैं और जिनका ई-मेल पता कंपनी/अपने संबंधित डीपी के पास पंजीकृत नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना के साथ 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अपना नाम, पूरा पता, फोलियो नम्बर, इक्विटी शेयरों की संख्या के साथ पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन की गई प्रति और कंपनी के साथ पंजीकृत अनुसार पते के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित किसी एक दस्तावेज यथा आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर कार्ड, पासपोर्ट, यूटिलिटी बिल या कोई अन्य सरकारी दस्तावेज की स्व-सत्यापित प्रति के साथ विधिवत् हस्ताक्षरित पत्र को स्कैन करके यथाशीघ्र ई-मेल corporate.enpro@jepl.com तथा rtaele@alankit.com पर भेजकर अपना ई-मेल पता पंजीकृत कराएं। इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इक्विटी शेयर धारण करने वाले सदस्यगण अपने डीपी के पास अपना ई-मेल पता अपडेट कराएं।

सदस्यों का वोटिंग अधिकार **शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2026** ('कट-ऑफ तिथि') को कंपनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के आनुपातिक होगा। रिमोट ई-वोटिंग अवधि **मंगलवार, 22 सितम्बर, 2026** को प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होगी और **गुरूवार, 24 सितम्बर, 2026** को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान सदस्यगण अपने वोट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दे सकते हैं। उसके बाद एनएसडीएल द्वारा ई-वोटिंग मॉड्यूल हटा लिया जाएगा। ऐसा व्यक्ति जो कंपनी के इक्विटी शेयर अधिगृहित करता है और एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि को इक्विटी शेयर धारण करता है, वह evoting@nsdl.co.in या अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड info@alankit.com तथा rtaele@alankit.com पर अनुरोध भेजकर अपना लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। तथापि, यदि व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो वह अपना वोट देने के लिए वर्तमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का प्रयोग कर सकता है। किसी भी प्रश्न के मामले में आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका देख सकते हैं या या टोल फ्री नं. 022 - 4886 7000 / 022 - 2499 7000 पर कॉल करें या evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजें।

अनुरोध: जिन सदस्यों के पास भौतिक रूप में इक्विटी शेयर हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी से संपर्क करके जल्द से जल्द अपने शेयरों को डीमैटरियलाइज़ करा लें।

कृते वैम होल्डिंग्स लिमिटेड
हस्ता/-
ताकेश माथुर
चेयरमैन
स्थान : नोएडा
दिनांक: 24 अगस्त, 2026
(DIN: 00009338)

ऊर्जा ग्लोबल लिमिटेड
पंजी. कार्यालय: 487/63, 1ला तल, नेशनल मार्केट, पीरागढ़ी, नई दिल्ली - 110087
CIN: L67120DL1992PLC048983
वेबसाइट: www.urjaglobal.in | **ईमेल:** info@urjaglobal.in | **दूरभाष सं.** 011-25279143

34वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") मंगलवार, 22 सितंबर, 2026 को सुबह 11:00 बजे (भा.मा. स.) मेंवीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी जिसमे एजीएम आमंत्रण सूचना ("एजीएम सूचना") में निर्धारित व्यवसाय का निपटान किया जायेगा।

यह एजीएम कंपनी अधिनियम, 2013 और इसके तहत बनाए गए नियमों के सभी लागू प्रावधानों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 (सूचीबद्धता विनियम) के प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्र सं.03/2025 दिनांक 22 सितंबर 2025, इस विषय पर जारी संबंधित परिपत्रों (जिन्हें सामूहिक रूप से "एजीएम परिपत्र" कहा गया है) के अनुसार एक सामान्य स्थान पर शेयरधारकों की भौतिक मौजूदगी के बिना आयोजित की जा रही है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 की एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजा जाएगा जिनके ईमेल आईडी कंपनी या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं। जिन सदस्यों ने अपनी ईमेल आईडी पंजीकृत नहीं कराई है, उन्हें कंपनी की सूचना और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचने के लिए वेब लिंक और सटीक पाथ के साथ एक पत्र प्राप्त होगा।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम की सूचना के साथ, देखने/डाउनलोड करने के लिए कंपनी की वेबसाइट www.urjaglobal.in, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों यानी बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध होगी।

एतद्द्वारा सदस्यों को सूचित किया जाता है कि अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित (कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, सचिवीय मानक-2 और सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 44 के अनुपालन में, कंपनी नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय पर सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है।

एतद्द्वारा सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि 34वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित साधारण और विशेष कार्य केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान द्वारा निपटाए जाएंगे।

रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम के दौरान ई-वोटिंग के लिए विस्तृत निर्देश एजीएम की सूचना में प्रदान किए जाएंगे। वीसी/ओवीएएम के माध्यम से ई-वोटिंग सहित एजीएम में शामिल होने के लिए एजीएम की सूचना, एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट वित्त वर्ष 2025-26 और/या लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने हेतु ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट करने की प्रक्रिया:

* ऐसे सदस्य जो भौतिक रूप में शेयर रखते हैं और जिन्होंने कंपनी के साथ अपनी ईमेल आईडी अपडेट नहीं की है, उनसे अनुरोध है कि वे विधिवत भरे हुए और हस्ताक्षरित फॉर्म ISR-1, ISR-2 और अन्य प्रासंगिक फॉर्मों के साथ पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति, और सदस्य के पते के समर्थन में किसी भी दस्तावेज (जैसे: ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्व-सत्यापित प्रति कंपनी के आरटीए, यानी अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड को 4ई/2, इंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 पर जमा करके इसे अपडेट करें।
* डीमटेरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने ईमेल पते संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) के पास पंजीकृत/अपडेट करें।

कंपनी एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर वोट डालने के लिए अपने सभी सदस्यों को एनएसडीएल की रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करते हुए प्रसन्न है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी बैठक के दौरान रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा भी प्रदान करेगी। एजीएम से पहले/दौरान रिमोट ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में उपलब्ध होगी।

किसी भी प्रश्न के मामले में, कंपनी का सदस्य ईमेल द्वारा rta@alankit.com पर कंपनी आरटीए से संपर्क कर सकता है।

बोर्ड के आदेश से
कृते, ऊर्जा ग्लोबल लिमिटेड
हस्ता/-
मोहन जगदीश अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
स्थान: दिल्ली
दिनांक: 24 अगस्त, 2026

---

*This advertisement is for information purposes only and neither constitutes an offer or an invitation or a recommendation to purchase, to hold or sell securities and not for publication, distribution or release directly or indirectly outside India. This is not an announcement for the offer document. All capitalized terms used herein and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the Letter of Offer dated August 18, 2026, and subsequently revised through Corrigendum dated August 20, 2026 and revised Letter of Offer dated August 20, 2026 (the **"Letter of Offer"** or **"LOF"**) filed with the Stock Exchange, National Stock Exchange of India Limited **("NSE")** and also filed with the Securities and Exchange Board of India **("SEBI")** for information and dissemination on the SEBI's website pursuant to the proviso to Regulation 3 of the SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018 (SEBI ICDR Regulations).*

KSHITIJ POLYLINE LIMITED

Corporate Identification Number: L25209MH2008PLC180484

Our Company was originally incorporated as "Kshitij Polyline Private Limited" on March 26, 2008 under the provisions of Companies Act, 1956 vide certificate of Incorporation issued by Registrar of Companies, Mumbai. Consequent upon the conversion of our Company into public limited company, the name of our Company was changed to "Kshitij Polyline Limited" vide fresh certificate of incorporation dated on January 19, 2018 issued by Registrar of Companies, Mumbai. The Corporate Identification Number of our Company is L25209MH2008PLC180484. The Registered Office of the Company was shifted from 417/418, Dimple Arcade, Near Sai Dham temple, Thakur Complex, Kandivali (East), Mumbai - 400101 to 33 Dimple Arcade Basement, Near Asha Nagar Kandivali (East) OFF W E Highway, Mumbai, Kandivali East, Maharashtra, India, 400101 on August 1, 2024. For details of changes in our Name and Registered Office of the Company and other details, kindly refer to the section titled "General Information" beginning on page no. 37 of the Letter of Offer.

Registered Office: 33 Dimple Arcade Basement, Near Asha Nagar Kandivali (East) OFF W E Highway, Mumbai, Kandivali East, Maharashtra, India, 400101
Website: www.kshitijpolyline.co.in; **E-Mail:** compliance@kshitijpolyline.co.in; **Telephone No:** +91-22-45144087/46076837 **Company Secretary and Compliance Officer:** Ms. Nikita Dhaval Mehta

OUR PROMOTER: MR. BHARAT HEMRAJ GALA, MR. HEMRAJ BHIMSHI GALA AND MRS. RITA BHARAT GALA

RIGHT ISSUE OF UPTO 61697950 FULLY PAID-UP EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 2.00 EACH ("EQUITY SHARES" OR "RIGHTS EQUITY SHARES) OF KSHITIJ POLYLINE LIMITED ("KPL" OR THE "COMPANY" OR THE "ISSUER" OR "OUR COMPANY") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 3.17 PER RIGHTS EQUITY SHARE INCLUDING A SHARE PREMIUM OF ₹ 1.17 PER RIGHTS EQUITY SHARE (THE "ISSUE PRICE") AGGREGATING UP TO ₹ 1,955.83 LAKHS* ("THE ISSUE ") ON A RIGHTS BASIS TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY IN THE RATIO OF 2 (TWO) RIGHTS EQUITY SHARES FOR EVERY 5 (FIVE) FULLY PAID-UP EQUITY SHARES HELD BY THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS ON THE RECORD DATE, THAT IS ON WEDNESDAY, AUGUST 19, 2026 (THE "ISSUE"). FOR FURTHER DETAILS, SEE "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 65 OF THE LETTER OF OFFER.
THE ISSUE PRICE FOR THE RIGHTS EQUITY SHARES IS 1.59 TIMES THE VALUE OF THE EQUITY SHARES.
FOR FURTHER DETAILS, PLEASE REFER TO THE CHAPTER TITLED "TERMS OF THE ISSUE" BEGINNING ON PAGE 65 OF THE LETTER OF OFFER.

Amount payable per Right Equity Share	Face Value	Premium	Total
On Application	₹ 2.00/-	₹ 1.17/-	₹ 3.17/-

NOTICE TO THE ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS OF OUR COMPANY

ISSUE OPENS ON	LAST DATE FOR ON MARKET RENUNCIATION*	ISSUE CLOSE ON**
THURSDAY, AUGUST 27, 2026	TUESDAY, SEPTEMBER 1, 2026	FRIDAY, SEPTEMBER 4, 2026

**Eligible Equity Shareholders are requested to ensure that renunciation through off-market transfer is completed in such a manner that the Rights Entitlements are credited to the demat account of the Renouncee(s) on or prior to the Issue Closing Date.*

*** Our Board or a Rights Issue Committee thereof will have the right to extend the Issue period as it may determine from time to time but not exceeding 30 (thirty) days from the Issue Opening Date (inclusive of the Issue Opening Date). Further, no withdrawal of Application shall be permitted by any Applicant after the Issue Closing Date.*

DETAILS OF THE SPECIFIC INVESTOR(S)

1. **Specific Investor(s) in terms of sub-clause (i) of clause (f) of sub-regulation (1) of regulation 84 of SEBI ICDR Regulations: NOT APPLICABLE** since our Promoters and members of the Promoter Group do not hold any Equity Shares in our Company as on the date of this Letter of Offer. Vide letter dated May 8, 2026 ("Subscription Letters"), since they are not holding any equity shares of the Company, they will neither participate in this right issue nor they intend to apply for any additional Rights Equity Shares (including any unsubscribed portion of the Issue).
2. **Specific Investor(s) in terms of sub-clause (ii) of clause (f) of sub-regulation (1) of regulation 84 of SEBI ICDR Regulations: NOT APPLICABLE** since no such Specific Investor(s) has been identified by our Company.

ASBA* | **Simple, Safe, Smart way of making an Application- Make Use of it.** | ***Application Supported by Blocked Amount (ASBA) is a better way of applying to issues by simply blocking the fund in the bank account, investors can avail the same. For further information, please see the section entitled "Terms of the Issue" on Page 65 of the LOF.**

PROCESS OF MAKING AN APPLICATION IN THE ISSUE

In accordance with Regulation 76 of the SEBI ICDR Regulations, the SEBI ICDR Master Circular and the ASBA Circulars, all Investors desiring to make an Application in this Issue are mandatorily required to use the ASBA process. Investors should carefully read the provisions applicable to such Applications before making their Application through ASBA.

For Details, see **"PROCESS OF MAKING AN APPLICATION IN THE ISSUE"** on Page 67 of LOF.

PROCEDURE FOR APPLICATION THROUGH THE ASBA PROCESS

An Investor, wishing to participate in this Issue through the ASBA facility, is required to have an ASBA enabled bank account with SCSBs, prior to making the Application. Investors desiring to make an Application in this Issue through ASBA process, may submit the Application Form in physical mode to the Designated Branches of the SCSB or online/ electronic Application through the website of the SCSBs (if made available by such SCSB) for authorizing such SCSB to block Application Money payable on the Application in their respective ASBA Accounts.

Investors should ensure that they have correctly submitted the Application Form and have provided an authorisation to the SCSB, via the electronic mode, for blocking funds in the ASBA Account equivalent to the Application Money mentioned in the Application Form, as the case may be, at the time of submission of the Application.

Our Company, their directors, their employees, affiliates, associates and their respective directors and officers and the Registrar shall not take any responsibility for acts, mistakes, errors, omissions and commissions etc., in relation to Applications accepted by SCSBs, Applications uploaded by SCSBs, Applications accepted but not uploaded by SCSBs or Applications accepted and uploaded without blocking funds in the ASBA Accounts.

APPLICATION BY ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS HOLDING EQUITY SHARES IN PHYSICAL FORM

In accordance with Regulation 77A of the SEBI ICDR Regulations read with the SEBI ICDR Master Circular, the credit of Rights Entitlements and Allotment of Rights Equity Shares shall be made in dematerialised form only. Accordingly, Eligible Equity Shareholders, holding Equity Shares in physical form as on Record Date and desirous of subscribing to Rights Equity Shares in this Issue are advised to furnish the details of their demat account to the Registrar or our Company at least two clear Working Days prior to the Issue Closing Date, to enable the credit of their Rights Entitlements in their respective demat accounts at least one day before the Issue Closing Date.

Prior to the Issue Opening Date, the Rights Entitlements of those Eligible Equity Shareholders, among others, who hold Equity Shares in physical form, and/or whose demat account details are not available with our Company or the Registrar, shall be credited in the Demat Suspense Account.

In accordance with the SEBI circular bearing reference no. SEBI/HO/CFD/DIL2/CIR/P/2020/13 dated January 22, 2020, Resident Eligible Equity Shareholders who hold Equity Shares in physical form, as applicable, as on the Record Date will not be allowed to renounce their Rights Entitlements in the Issue. However, such Eligible Equity Shareholders, where the dematerialized Rights Entitlements are transferred from the suspense escrow demat account to the respective demat accounts within prescribed timelines, can apply for Additional Rights Equity Shares while submitting the Application through ASBA process.

Making of an Application by Eligible Equity Shareholders on Plain Paper under ASBA process

An Eligible Equity Shareholder, in India who is eligible to apply under the ASBA process may make an Application to subscribe to this Issue on plain paper in terms of Regulation 78 of SEBI ICDR Regulations in case of non-receipt of Application Form as detailed above. In such cases of non-receipt of the Application Form through physical delivery (where applicable) and the Eligible Equity Shareholder, not being in a position to obtain it from any other source may make an Application to subscribe to this Issue on plain paper with the same details as per the Application Form that is available on the website of the Registrar, or the Stock Exchanges. An Eligible Equity Shareholder, shall submit the plain paper Application to the Designated Branch of the SCSB for authorising such SCSB to block Application Money in the said bank account maintained with the same SCSB. Applications on plain paper will not be accepted from any Eligible Equity Shareholder, who has not provided an Indian address.

Please note that in terms of Regulation 78 of SEBI ICDR Regulations, the Eligible Equity Shareholders, who are making the Application on plain paper shall not be entitled to renounce their Rights Entitlements and should not utilize the Application Form for any purpose including renunciation even if it is received subsequently.

The Application on plain paper, duly signed by the Eligible Equity Shareholder, including joint holders, in the same order and as per specimen recorded with his/her bank, must reach the office of the Designated Branch of the SCSB before the Issue Closing Date and should contain the following particulars:

(a) Name of our Company, being Kshitij Polyline Limited;
(b) Name and address of the Eligible Equity Shareholder, including joint holders (in the same order and as per specimen recorded with our Company or the Depository);
(c) Folio number (in case of Eligible Equity Shareholders, who hold Equity Shares in physical form as on Record Date)/DP and Client ID;
(d) Except for Applications on behalf of the Central or State Government, the residents of Sikkim and the officials appointed by the courts, PAN of the Eligible Equity Shareholder and for each Eligible Equity Shareholder, in case of joint names, irrespective of the total value of the Equity Shares applied for pursuant to this Issue;
(e) Number of Equity Shares held as on Record Date;
(f) Allotment option – only dematerialised form;
(g) Number of Rights Equity Shares entitled to;
(h) Number of Rights Equity Shares applied for within the Rights Entitlements;
(i) Number of Additional Rights Equity Shares applied for, if any (applicable only if entire Rights Entitlements have been applied for);
(j) Total number of Rights Equity Shares applied for;
(k) Total Application amount paid at the rate of ₹ 3.17 per Rights Equity Share;
(l) Details of the ASBA Account such as the SCSB account number, name, address and branch of the relevant SCSB;
(m) In case of non-resident Eligible Equity Shareholders, making an application with an Indian address, details of the NRE / FCNR/ NRO account such as the account number, name, address and branch of the SCSB with which the account is maintained;
(n) Authorisation to the Designated Branch of the SCSB to block an amount equivalent to the Application Money in the ASBA Account;
(o) Signature of the Eligible Equity Shareholder, (in case of joint holders, to appear in the same sequence and order as they appear in the records of the SCSB); and
(p) All such Eligible Equity Shareholders, shall be deemed to have made the representations, warranties and agreements set forth in "Restrictions on Purchases and Resales - Representations, Warranties and Agreements by Purchasers" on page 91, and shall include the following:

"I/ We understand that neither the Rights Entitlements nor the Rights Equity Shares have been, or will be, registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "U.S. Securities Act"), or any United States state securities laws, and may not be offered, sold, resold or otherwise transferred within the United States or to the territories or possessions thereof (the "United States"), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act. I/ we understand the Rights Equity Shares referred to in this application are being offered and sold in "offshore transactions" in compliance with Regulation S under the U.S. Securities Act ("Regulation S") to Eligible Equity Shareholders located in jurisdictions where such offer and sale of the Rights Equity Shares is permitted under laws of such jurisdictions. I/ we understand that the Issue is not, and under no circumstances is to be construed as, an offering of any Rights Equity Shares or Rights Entitlements for sale in the United States, or as a solicitation therein of an offer to buy any of the said Rights Equity Shares or Rights Entitlements in the United States. I/ we confirm that I am/ we are (a) not in the United States and eligible to subscribe for the Rights Equity Shares under applicable securities laws, (b) complying with laws of jurisdictions applicable to such person in connection with the Issue, and (c) understand that neither the Company, nor the Registrar, or any other person acting on behalf of the Company will accept subscriptions from any person, or the agent of any person, who appears to be, or who the Company, the Registrar, or any other person acting on behalf of the Company have reason to believe is in the United States or is outside of India and ineligible to participate in this Issue under the securities laws of their jurisdiction.

I/ We will not offer, sell or otherwise transfer any of the Rights Equity Shares which may be acquired by us in any jurisdiction or under any circumstances in which such offer or sale is not authorized or to any person to whom it is unlawful to make such offer, sale or invitation. I/ We satisfy, and each account for which I/ we are acting satisfies, (a) all suitability standards for investors in investments of the type subscribed for herein imposed by the jurisdiction of my/our residence, and (b) is eligible to subscribe and is subscribing for the Rights Equity Shares and Rights Entitlements in compliance with applicable securities and other laws of our jurisdiction of residence.

I/we hereby make the representations, warranties, acknowledgments and agreements set forth in the section of the Letter of Offer titled "Restrictions on Purchases and Resales" on page 91 of the LOF.

I/ We acknowledge that the Company, their affiliates and others will rely upon the truth and accuracy of the foregoing representations and agreements."

Shareholders are requested to strictly adhere to these instructions. Failure to do so could result in an Application being rejected, with our Company, and the Registrar not having any liability to the Investor. The plain paper Application format will be available on the website of the Registrar at https://rights.kfintech.com.

Our Company, and the Registrar shall not be responsible if the Applications are not uploaded by the SCSB or funds are not blocked in the Investors' ASBA Accounts on or before the Issue Closing Date.

A. PROCEDURE FOR RENUNCIATION OF RIGHTS ENTITLEMENTS

The Eligible Equity Shareholders may renounce the Rights Entitlements, credited to their respective demat accounts, either in full or in part (a) by using the secondary market platform of the Stock Exchanges (the **"On Market Renunciation"**); or (b) through an off-market transfer (the **"Off Market Renunciation"**), during the Renunciation Period. The Investors should have the demat Rights Entitlements credited / lying in his/her own demat account prior to the renunciation. The trades through On Market Renunciation and Off Market Renunciation will be settled by transferring the Rights Entitlements through the depository mechanism.

Investors may be subject to adverse foreign, state or local tax or legal consequences as a result of trading in the Rights Entitlements. Investors who intend to trade in the Rights Entitlements should consult their tax advisor or stock-broker regarding any cost, applicable taxes, charges and expenses (including brokerage) that may be levied for trading in Rights Entitlements.

Please note that the Rights Entitlements which are neither renounced nor subscribed by the Investors on or before the Issue Closing Date shall lapse and shall be extinguished after the Issue Closing Date.

Payment Schedule of Rights Equity Shares

₹ 3.17 per Rights Equity Share shall be payable on Application.

Our Company accepts no responsibility to bear or pay any cost, applicable taxes, charges and expenses (including brokerage), and such costs will be incurred solely by the Investors.

a) On Market Renunciation

The Eligible Equity Shareholders may renounce the Rights Entitlements, credited to their respective demat accounts by trading/selling them on the secondary market platform of the Stock Exchange through a registered stock-broker in the same manner as the existing Equity Shares of our Company.

In this regard, in terms of provisions of the SEBI ICDR Regulations and the SEBI ICDR Master Circular, the Rights Entitlements credited to the respective demat accounts of the Eligible Equity Shareholders shall be admitted for trading on the Stock Exchanges under ISIN: INE013820027 subject to requisite approvals. Prior to the Issue Opening Date, our Company will obtain the approval from the Stock Exchanges for trading of Rights Entitlements. No assurance can be given regarding the active or sustained On Market Renunciation or the price at which the Rights Entitlements will trade. The details for trading in Rights Entitlements will be as specified by the Stock Exchanges from time to time.

The Rights Entitlements are tradable in dematerialized form only. The market lot for trading of Rights Entitlements is 1 (one) Rights Entitlements.

The On Market Renunciation shall take place only during the Renunciation Period for On Market Renunciation, i.e., from Thursday, August 27, 2026 to Tuesday, September 1, 2026 (both days inclusive).

The Investors holding the Rights Entitlements who desire to sell their Rights Entitlements will have to do so through their registered stock-brokers by quoting the ISIN: INE013820027 and indicating the details of the Rights Entitlements they intend to trade. The Investors can place order for sale of Rights Entitlements only to the extent of Rights Entitlements available in their demat account.

The On Market Renunciation shall take place electronically on secondary market platform of NSE under automatic order matching mechanism and on 'T+2 rolling settlement basis', where 'T' refers to the date of trading. The transactions will be settled on trade-for-trade basis. Upon execution of the order, the stock-broker will issue a contract note in accordance with the requirements of the Stock Exchanges and the SEBI.

b) Off Market Renunciation

The Eligible Equity Shareholders may renounce the Rights Entitlements, credited to their respective demat accounts by way of an off-market transfer through a depository participant. The Rights Entitlements can be transferred in dematerialised form only.

Eligible Equity Shareholders are requested to ensure that renunciation through off-market transfer is completed in such a manner that the Rights Entitlements are credited to the demat account of the Renouncees on or prior to the Issue Closing Date to enable Renouncees to subscribe to the Rights Equity Shares in the Issue.

The Investors holding the Rights Entitlements who desire to transfer their Rights Entitlements will have to do so through their depository participant by issuing a delivery instruction slip quoting the ISIN: INE013820027, the details of the buyer and the details of the Rights Entitlements they intend to transfer. The buyer of the Rights Entitlements (unless already having given a standing receipt instruction) has to issue a receipt instruction slip to their depository participant. The Investors can transfer Rights Entitlements only to the extent of Rights Entitlements available in their demat account.

The instructions for transfer of Rights Entitlements can be issued during the working hours of the depository participants.

The detailed rules for transfer of Rights Entitlements through off-market transfer shall be as specified by the NSDL and CDSL from time to time.

CREDIT OF RIGHTS ENTITLEMENTS IN DEMAT ACCOUNTS OF ELIGIBLE EQUITY SHAREHOLDERS

In accordance with Regulation 77A of the SEBI ICDR Regulations read with the SEBI ICDR Master Circular, the credit of Rights Entitlements and Allotment of Equity Shares shall be made in dematerialized form only. Prior to the Issue Opening Date, our Company shall credit the Rights Entitlements to (i) the demat accounts of the Eligible Equity Shareholders holding the Equity Shares in dematerialised form; and (ii) a demat suspense escrow account (namely, **"KSHITIJ POLYLINE LIMITED-SUSPENSE ESCROW DEMAT ACCOUNT"**) opened by our Company, for the Eligible Equity Shareholders which would comprise Rights Entitlements relating to (a) held by Eligible Equity Shareholders which are held in physical form as on Record Date; or (b) which are held in the account of the Investor Education and Protection Fund ("IEPF") authority; or (c) of the Eligible Equity Shareholder whose demat accounts are frozen or where the Equity Shares are lying in the unclaimed / suspense escr

कल्पमेधा

महान सौंदर्य, अत्यधिक ताकत और बहुत धन का वास्तव में कुछ खास उपयोग नहीं है। एक सच्चा हृदय सबसे ऊपर है।

– बेंजामिन फ्रैंकलिन

नाहक अड़चन

प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर दिल्ली के जंतर मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थियों के प्रति पुलिस का जो रवैया देखा गया, उसकी वजह से उस पर काफी सवाल उठे। इससे ज्यादा अफसोसनाक और क्या हो सकता है कि एक लोकतांत्रिक विरोध को रोकने की मंशा से पुलिस ने कई स्तर पर बेरहमी की हदें पार कीं और प्रदर्शनकारियों पर इस तरह के बल प्रयोग भी हुए, जिसे किसी भी स्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। मसलन, लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले और पानी की तेज धार का प्रयोग करते हुए तो कोई नरमी नहीं ही बरती गई, ऐसे आरोप भी सामने आए कि पुलिस ने प्रदर्शनकारी विद्यार्थियों पर पैलेट गन चलाई। जाहिर है, यह अपने आप में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और उसमें नागरिक अधिकारों के लिहाज से एक बेहद चिंताजनक स्थिति थी कि विद्यार्थियों के भविष्य के मुद्दे पर हुए विरोध प्रदर्शन को देश के सामने खड़े हो गए किसी गंभीर संकट की तरह देखा गया। पुलिस महकमे के रवैये का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जब पैलेट गन के छर्रे से पीड़ित युवक ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करानी चाही, तो उसकी भी अलग-अलग स्तर पर उपेक्षा की गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रियता का क्या यह रूप होता है कि अगर कोई पीड़ित एफआइआर दर्ज कराना चाहे, तो उसे अपनी उपेक्षा की एक नई पीड़ा का सामना करना पड़े? क्या यही वह पहला बाधित दरवाजा नहीं है, जहां से न्याय हो पाने की उम्मीद धुंधली होनी शुरू होती है?

यह पुलिस महकमे के लिए असहज होने और शर्मिंदगी की बात होनी चाहिए कि पैलेट गन से पीड़ित युवक की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए देश में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को पहल करनी पड़ी। हालांकि इसके बावजूद प्राथमिकी दर्ज करने में जिस तरह की टालमटोल की गई, उससे यही लगता है कि पुलिस की कार्यशैली में काफी सुधार की जरूरत है। गौरतलब है कि पैलेट गन के छर्रे से पीड़ित युवक के साथ इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए जब राहुल गांधी खुद गए, तो एक तरह से उनकी भी उपेक्षा की गई और इसी के विरोध में उन्हें वहां धरने पर बैठना पड़ा। राहुल गांधी के सात घंटे तक धरने के बाद आखिरकार पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की। यह तब है, जब अस्पतालों की रिपोर्ट में युवक के पैलेट गन से घायल होने को लेकर सब कुछ स्पष्ट था। सवाल है कि घटना और उसके संबंध में साक्ष्य के स्पष्ट होने के बावजूद पुलिस ने आखिर इतना टालमटोल किस वजह से किया! क्या इसके पीछे कोई परोक्ष दबाव काम कर रहा था?

यह सही है कि कुछ घटनाओं में एफआइआर दर्ज करने को लेकर पुलिस को कानूनी तकाजों के लिहाज से कई स्तर पर एहतियात बरतनी पड़ती है। मगर क्या इस क्रम में न्याय की राह बाधित होने को उचित कहा जा सकता है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़े थानों में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ही तैयार होते हैं। इससे यह भी समझा जा सकता है कि एनसीआरबी के आंकड़ों में कितने वैसे मामले शामिल नहीं हो पाते होंगे, जिनकी एफआइआर नहीं लिखी जा पाती। इस समूचे मामले में एक अहम पहलू यह है कि जब राष्ट्रीय राजनीति में मजबूत दखल रखने वाले एक नेता की पहल पर भी किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने में इतनी मुश्किल पेश आती है, तो आम नागरिकों को इसके लिए किस जद्दोजहद से गुजरना पड़ता होगा!

जानलेवा लापरवाही

देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पुरानी एवं जर्जर इमारतें आम लोगों के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। कई बार स्थानीय प्रशासन की ओर से ऐसी इमारतों को 'असुरक्षित' तो घोषित कर दिया जाता है, लेकिन उन्हें खाली कराने में कोई तत्परता या गंभीरता नजर नहीं आती है। यही नहीं, कई दफा जर्जर भवन को मालिक खुद ही गिरा देते हैं, लेकिन इस कार्य में सुरक्षा के माकूल प्रबंधों का अभाव भी हादसे का कारण बन जाता है। ऐसी ही एक घटना बीते शुक्रवार को दिल्ली के करोल बाग इलाके में हुई, जब पुरानी दो मंजिला इमारत के ध्वस्तीकरण के दौरान एक श्रमिक की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, इस इमारत को गिराने के लिए सरकार के संबंधित महकमे से अनुमति नहीं ली गई थी। ऐसे में सवाल है कि अगर नियमों और सुरक्षा उपायों की अनदेखी की जाती है, तो क्या इसके लिए विभागीय अधिकारियों की भी जवाबदेही तय नहीं की जानी चाहिए?

गौरतलब है कि पुराने खस्ताहाल मकान हर साल खासकर बरसात के मौसम में लोगों की जान के लिए खतरा बन जाते हैं। यह समस्या खास तौर पर उन शहरों में ज्यादा गंभीर है, जहां घनी आबादी और पुरानी बस्तियां हैं। देश भर में जर्जर इमारतों को चिह्नित कर उन्हें सरकारी दस्तावेज में असुरक्षित घोषित करने की व्यवस्था पहले से मौजूद है। मगर स्थानीय प्रशासन का इस ओर ध्यान कम ही जाता है। जिन पुराने भवनों को असुरक्षित घोषित किया जाता है, उन्हें खाली कराने, गिराने या पुनर्निर्माण की प्रक्रिया भी वर्षों तक अटकी रहती है। यह विभागीय लापरवाही का ही नतीजा होता है कि ऐसी इमारतें कई बार हादसों का कारण बन जाती हैं। सवाल यह भी है कि करोल बाग इलाके में इमारत का ध्वस्तीकरण विभागीय अनुमति के बिना कैसे हो रहा था? जर्जर भवनों की पहचान करना और उन्हें गिराने के कार्य की निगरानी करना किसकी जिम्मेदारी है? कायदे से असुरक्षित इमारतों का नियमित वैज्ञानिक सर्वेक्षण होना चाहिए और उनकी श्रेणीबद्ध सूची सार्वजनिक की जानी चाहिए। साथ ही उन्हें खाली कराने और गिराने के लिए स्पष्ट नीति एवं योजना का होना भी जरूरी है।

आभासी दुनिया में भरोसे का संकट

डिजिटल माध्यमों ने संवाद को गति देकर उसे अधिक लोकतांत्रिक बनाया है। मगर अब चुनौती केवल झूठी सूचनाओं का प्रसार ही नहीं, बल्कि सत्य के प्रति भरोसे का कमजोर पड़ना भी है।

अतुल अग्रवाल

एक समय था जब सूचनाएं समाज तक पहुंचने से पहले सत्यापन, संपादन और विवेक की अनेक कसौटियों से गुजरती थीं। अखबारों, रेडियो और टेलीविजन के माध्यम से प्रसारित समाचारों के पीछे पत्रकारिता की नैतिकता और संपादकीय उत्तरदायित्व होता था। सूचना का प्रवाह भले ही आज की तुलना में धीमा था, लेकिन उसकी सबसे बड़ी शक्ति उसका भरोसा था। मगर डिजिटल क्रांति ने संचार की इस पूरी संस्कृति को बदल दिया है। आज कोई अफवाह, अधूरा वीडियो, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार तस्वीर, किसी भाषण का काट-छांट किया गया अंश या किसी गुमनाम व्यक्ति की पोस्ट कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाती है। ऐसी सामग्री के सही या गलत होने पर बहस बाद में होती है, लेकिन तब तक वह लोगों की सोच और सामाजिक धारणाओं को प्रभावित कर चुकी होती है। इसलिए आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल झूठी सूचनाओं का प्रसार ही नहीं, बल्कि सत्य के प्रति समाज के भरोसे का कमजोर पड़ना भी है।

निस्संदेह, डिजिटल माध्यमों ने संवाद को अधिक लोकतांत्रिक बनाया है। साधारण नागरिक भी घटनास्थल से तत्काल तस्वीरें और वीडियो साझा कर सकता है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों का समन्वय तेज हुआ है। छोटे उद्यमियों को नए अवसर मिले हैं, कलाकारों और लेखकों को वैश्विक मंच मिला है तथा शिक्षा एवं शोध भौगोलिक सीमाओं से काफी हद तक मुक्त हुए हैं। जिन समुदायों की आवाज कभी मुख्यधारा तक नहीं पहुंचती थी, उन्हें भी अपने विचार रखने का अवसर मिला है। मगर तकनीक की यही शक्ति उसकी सबसे बड़ी चुनौती भी बन गई है। डिजिटल मंचों की कार्यप्रणाली का उद्देश्य अक्सर सत्य की खोज से अधिक लोगों का ध्यान आकर्षित करना होता है। इसलिए संतुलित विश्लेषण की तुलना में सनसनी, तर्क की अपेक्षा भावनाएं और तथ्यों की तुलना में उत्तेजक सामग्री अधिक प्रभावशाली हो जाती है। क्रोध, भय और पूर्वाग्रह जैसी भावनाएं तेजी से फैलती हैं, जबकि संयमित और तथ्य आधारित व्याख्या पीछे छूट जाती है। लोग सोचने से पहले प्रतिक्रिया देने लगते हैं।

भ्रामक सूचना कोई नई सामाजिक समस्या नहीं है। इतिहास अफवाहों, दुष्प्रचार और अतिशयोक्ति का साक्षी रहा है। अंतर केवल इतना है कि पहले झूठ को फैलने में समय लगता था, जबकि आज तकनीक ने उसे अभूतपूर्व गति और व्यापक पहुंच दे दी है। जब कोई असत्य बार-बार दोहराया जाता है, तो वह सच जैसा प्रतीत होने लगता है। अधिकांश लोग किसी संदेश को साझा करने से पहले उसके स्रोत की पड़ताल नहीं करते। झूठ सिर्फ इसलिए सफल नहीं होता कि उसके पीछे मिथ्या तर्कों का जाल बुना होता है, बल्कि इसलिए सफल होता है कि वह सत्य से पहले लोगों तक पहुंच जाता है और उनकी भावनाओं को प्रभावित करता है। इसके दुष्परिणाम सार्वजनिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र में दिखाई देते हैं। चुनावों के दौरान भ्रामक आंकड़े, संदर्भ से काटे गए वीडियो और दुष्प्रचार के अभियान मतदाताओं को भ्रमित करते हैं। भारत जैसे बहुलतावादी समाज में सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों ने कई बार सांप्रदायिक तनाव को भी जन्म दिया। इससे स्पष्ट है कि आभासी दुनिया में फैलाया गया झूठ वास्तविक दुनिया में गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता है।

अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस चुनौती को और जटिल बना दिया है। 'डीपफेक' ने वास्तविक और कृत्रिम के बीच की रेखा धुंधली कर दी है। किसी व्यक्ति की आवाज, चेहरा और हाव-भाव को इतनी सहजता से बदला जा सकता है कि सामान्य व्यक्ति के लिए सत्य और असत्य में अंतर करना कठिन हो जाता है।

> हर सूचना पर तुरंत विश्वास करना जितना खतरनाक है, उतना ही जोखिमपूर्ण उसे बिना कारण अनदेखा करना भी है। परिपक्व लोकतांत्रिक समाज वही है, जहां नागरिक प्रश्न पूछते हैं, प्रमाण तलाशते हैं और पर्याप्त तथ्य उपलब्ध होने तक निर्णय सुरक्षित रखने का धैर्य रखते हैं। यह बौद्धिक धैर्य लोकतंत्र की बड़ी शक्ति है। आभासी दुनिया में भ्रामक सूचनाओं की चुनौती का समाधान सरकार, तकनीकी कंपनियों, मीडिया, शिक्षा जगत और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। सरकार को स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलित कानून बनाने होंगे। साथ ही शिक्षा जगत को आलोचनात्मक चिंतन और डिजिटल साक्षरता से जोड़ने की जरूरत है।

इससे गलत सूचना का खतरा ही नहीं बढ़ता, बल्कि सामाजिक विश्वास की नींव भी कमजोर होती है। ऐसी स्थिति में समाधान संतुलित होना चाहिए, कठोर सेंसरशिप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रभावित कर सकती है। डिजिटल मंचों को पूरी तरह अनियंत्रित छोड़ना भी उचित नहीं है, क्योंकि वे जनमत निर्माण की अत्यंत प्रभावशाली शक्ति बन चुके हैं। जरूरत ऐसी व्यवस्था की है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच स्वस्थ संतुलन स्थापित करे। यदि सोशल मीडिया मंच पर किसी सामग्री को हटाया या सीमित किया जाता है, तो प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष होनी चाहिए।

इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि तकनीकी कंपनियां अब केवल संचार का माध्यम नहीं हैं, वे समाज के वैचारिक परिवेश को आकार देने वाली संस्थाएं बन गई हैं। उनके डिजिटल ढांचे इस बात को प्रभावित करते हैं कि लोग क्या पढ़ेंगे, क्या देखेंगे और किन विषयों पर चर्चा करेंगे। इसलिए उन्हें अपनी कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी बनानी होगी, भारतीय भाषाओं में तथ्य-जांच की सशक्त व्यवस्था विकसित करनी होगी, भ्रामक सामग्री पर त्वरित कार्रवाई करनी होगी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से निर्मित सामग्री को स्पष्ट रूप से चिह्नित करना होगा। साथ ही सामग्री नियमन से जुड़े निर्णय स्वतंत्र निगरानी और सार्वजनिक समीक्षा के दायरे में होने चाहिए। इस परिदृश्य में पारंपरिक पत्रकारिता की भूमिका भी पहले से अधिक महत्त्वपूर्ण हो जाती है। सूचना की बाढ़ के दौर में केवल तथ्य प्रस्तुत करना पर्याप्त नहीं है, उनके संदर्भ, पृष्ठभूमि और प्रभाव को समझाना भी आवश्यक है। इसमें डिजिटल साक्षरता की भी अहम भूमिका है। नागरिकों को यह समझना जरूरी है कि कौन-सी सूचना विश्वसनीय है, कौन-सा वीडियो कृत्रिम रूप से तैयार किया गया है, कौन-सी भाषा केवल भावनाएं भड़काने के लिए प्रयुक्त हुई है और किन तथ्यों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि की जानी चाहिए।

दरअसल, आज आवश्यकता तत्काल प्रतिक्रिया देने के बजाय विचारपूर्वक निर्णय लेने की संस्कृति विकसित करने की है। हर सूचना पर तुरंत विश्वास करना जितना खतरनाक है, उतना ही जोखिमपूर्ण उसे बिना कारण अनदेखा करना भी है। परिपक्व लोकतांत्रिक समाज वही है जहां नागरिक प्रश्न पूछते हैं, प्रमाण तलाशते हैं और पर्याप्त तथ्य उपलब्ध होने तक निर्णय सुरक्षित रखने का धैर्य रखते हैं। यह बौद्धिक धैर्य लोकतंत्र की बड़ी शक्ति है। आभासी दुनिया में भ्रामक सूचनाओं की चुनौती का समाधान सरकार, तकनीकी कंपनियों, मीडिया, शिक्षा जगत और नागरिकों की साझा जिम्मेदारी है। सरकार को स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलित कानून बनाने होंगे। तकनीकी कंपनियों को सार्वजनिक विमर्श पर अपने प्रभाव को स्वीकार करते हुए अधिक जवाबदेह बनना होगा। शिक्षा जगत को आलोचनात्मक चिंतन और डिजिटल साक्षरता को आवश्यक कौशल बनाना होगा।

प्रत्येक नागरिक को यह समझना होगा कि वह केवल सूचना का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उसके प्रसार की शृंखला का उत्तरदायी हिस्सा भी है। डिजिटल क्रांति ने मानवता को संवाद, सहयोग और नवाचार की असीम संभावनाएं दी हैं। इन उपलब्धियों को सुरक्षित रखने के लिए सत्य, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के प्रति समान प्रतिबद्धता आवश्यक है। अंततः प्रश्न यह नहीं है कि हमारे पास कितनी सूचनाएं उपलब्ध हैं, बल्कि यह है कि हम उनमें से किन पर विश्वास करते हैं, किन्हें परखते हैं और किन्हें आगे बढ़ाते हैं। यदि हम सनसनी के स्थान पर सत्य, आवेग के स्थान पर विवेक और टकराव के स्थान पर सार्थक संवाद को प्राथमिकता देंगे, तो डिजिटल युग की चुनौतियां लोकतंत्र को कमजोर करने के बजाय उसे अधिक परिपक्व बनाएंगी।

समानता का सम्मान

एकता कानूनगो बक्षी

किसी भी देश की प्रगति का आकलन केवल ऊंची इमारतों, चौड़ी सड़कों या बड़ी-बड़ी योजनाओं से नहीं किया जा सकता। अगर हम किसी सामान्य नागरिक के भीतर आत्मसम्मान और गरिमा का भाव खोज पाते हैं, तभी यह कहा जा सकता है कि देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। विकास के केंद्र में अगर मनुष्य की प्रतिष्ठा हो, तो वह प्रगति निश्चित ही सार्थक कही जा सकती है। आखिर देश के प्रतिनिधियों का सबसे महत्त्वपूर्ण दायित्व अपने नागरिकों की सेवा करना और उनके सम्मान की रक्षा करना ही तो होता है। अन्य योजनाओं का मूल्य भी अक्सर इसी बात से तय किया जा सकता है कि वे आम लोगों के जीवन और गरिमा को कितना बेहतर बना पाती हैं।

एक लंबी यात्रा के दौरान किसी रेस्तरां में अगर वाजिब दामों पर स्वच्छ भोजन हो, बैठने की व्यवस्था साफ-सुथरी हो और शौचालयों की नियमित सफाई जैसे इंतजाम के बीच अगर संपन्न वर्ग के साथ और समान स्तर पर आम लोगों के लिए भी जगह हो, तो थोड़ी हैरानी होती है। ऐसे दृश्य कम ही देखने में आते हैं। गरीब हो या अमीर, हर व्यक्ति को जीवन में कहीं न कहीं पहुंचना होता है। मनुष्य की मूलभूत आवश्यकताएं भी एक जैसी ही होती हैं। स्वच्छ भोजन, सुरक्षित पेयजल, साफ शौचालय और कुछ देर आराम से बैठने की जगह कोई विलासिता की वस्तु नहीं, बल्कि एक सम्मानपूर्ण जीवन की बुनियादी शर्तें हैं।

अक्सर हम विकास को बड़ी परियोजनाओं और आंकड़ों में खोजते हैं, जबकि उसका वास्तविक स्वरूप उन छोटी-छोटी सुविधाओं में दिखाई देता है, जिनका उपयोग हर नागरिक करता है। एक साफ बस अड्डा, एक सुरक्षित सार्वजनिक शौचालय, सरकारी अस्पताल में मानवीय व्यवहार या किसी कार्यालय में बिना अपमान के अपना काम कर पाने का अनुभव- ये सब मिलकर व्यक्ति के भीतर यह विश्वास पैदा करते हैं कि वह इस देश में केवल एक संख्या नहीं, बल्कि अधिकारों और गरिमा के साथ जीने वाला नागरिक है। आत्मसम्मान का यही भाव नागरिक और राष्ट्र के बीच विश्वास का आधार बनाता है।

जब किसी व्यक्ति को केवल इसलिए गंदे शौचालय, दूषित पेयजल, अस्वास्थ्यकर वातावरण स्वीकार करने के लिए मजबूर होना पड़े कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है, तो यह केवल उस व्यक्ति का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का भी अपमान है, जिसने अपने नागरिकों की गरिमा की रक्षा को प्राथमिकता नहीं दी। जब मनुष्य की सारी ऊर्जा केवल बुनियादी आवश्यकताओं को जुटाने में ही खर्च होने लगे, तब उसके भीतर नागरिक चेतना, सामाजिक जिम्मेदारियों और बेहतर जीवन के सपनों के लिए बहुत कम स्थान बचता है। ऐसे में उससे उच्च आदर्शों और 'सिविक सेंस' या नागरिक चेतना की अपेक्षा करना भी कुछ हद तक बेमानी प्रतीत होता है। जिसके पास जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं का ही अभाव हो, उससे केवल उपदेशों के सहारे बेहतर नागरिक बनने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

यही बात कामकाजी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के साथ होने वाले व्यवहार पर भी लागू होती है। उनके प्रति कठोर और अपमानजनक रवैया केवल व्यक्तिगत संवेदनहीनता का परिणाम नहीं है, बल्कि कई बार उन नियमों और व्यवस्थाओं के अभाव का भी परिणाम है, जो उनके अधिकारों और हितों की रक्षा कर सके। बुनियादी कामगार, जिन पर देश की मजबूत नींव निर्भर करती है, उनका सम्मान और गरिमा भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है, जितनी समाज के संपन्न वर्ग की।

सुविधाओं की दृष्टि से यही बात वृद्धजनों और शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं पर भी लागू होती है। परेशानियों के बीच जीवन को सहज बनाए रखने का पूरा दायित्व केवल व्यक्ति के कंधों पर नहीं होना चाहिए। उसके आसपास के वातावरण में भी गर्मजोशी, सहानुभूति और सहायता के विकल्प स्वाभाविक रूप से मौजूद होने चाहिए। किसी समाज की संवेदनशीलता का आकलन इस बात से भी होता है कि वह अपने सबसे कमजोर और सबसे अधिक सहायता की आवश्यकता रखने वाले लोगों के लिए कितना सहज और मानवीय वातावरण तैयार कर पाता है।

शायद यही कारण है कि विकसित समाजों की पहचान केवल उनकी समृद्धि से नहीं, बल्कि उनकी संवेदनशीलता से भी होती है। वहां सुविधाओं की गुणवत्ता व्यक्ति की आर्थिक स्थिति के अनुसार नहीं बदलती। एक सामान्य नागरिक के लिए भी वही स्वच्छता, वही व्यवस्था और वही शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है।

विलासिता और भव्यता से जुड़े काम तो सेठ-साहूकार हमेशा से करते आए है। किसी राष्ट्र की वास्तविक पहचान भव्य आयोजनों से नहीं बनती, बल्कि उन साधारण स्थानों से बनती है, जहां एक सामान्य नागरिक बिना किसी हीन भावना के बैठ सके, स्वच्छ पानी पी सके, सम्मानपूर्वक शौचालय का उपयोग कर सके, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार के अवसर प्राप्त कर सके और यह महसूस कर सके कि इस देश में उसकी प्रतिष्ठा का मूल्य उसकी जेब से नहीं, बल्कि उसके नागरिक होने से तय होता है।

देश भले ही विकास की धीमी रफ्तार पर हो, पर उसके प्रयासों का सही दिशा में होना आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर उपलब्ध कराना किसी भी सभ्य समाज की सबसे बड़ी उपलब्धि है। आखिर किसी राष्ट्र की सफलता का वास्तविक पैमाना उसकी संपन्नता नहीं, बल्कि वह आदर है, जिसे वहां का सबसे साधारण व्यक्ति भी अपने हिस्से का अधिकार समझकर महसूस करता है।

दुनिया मेरे आगे

> अपने काम या कार्यालय में बिना अपमान के काम कर पाने का अनुभव व्यक्ति के भीतर यह विश्वास पैदा करता है कि वह इस देश में केवल एक संख्या नहीं, बल्कि अधिकारों और गरिमा के साथ जीने वाला नागरिक है। आत्मसम्मान का यही भाव नागरिक और राष्ट्र के बीच विश्वास का आधार बनाता है।

घोषणाओं से आगे

किसी भी देश का भविष्य उसके स्कूलों के भीतर आकार लेता है। इसलिए स्कूलों में सुधार का सवाल केवल भवन, फर्नीचर, बिजली-पानी और शौचालय तक सीमित नहीं है। यह सीधे बच्चों के भविष्य और देश की दिशा से जुड़ा प्रश्न है। आज भी अनेक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इसका सबसे अधिक असर गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों पर पड़ता है, जिनके लिए सरकारी स्कूल ही बेहतर भविष्य की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। उनके लिए स्वच्छ पानी, सुरक्षित कक्षाएं, पुस्तकें, शौचालय, खेल का मैदान और सीखने का अनुकूल वातावरण कोई अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि बुनियादी अधिकार हैं। स्कूलों में सुधार के लिए सरकार को पर्याप्त बजट और संसाधन उपलब्ध कराने होंगे, प्रशासन को प्रभावी निगरानी करनी होगी। विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध संसाधनों के उचित उपयोग की जवाबदेही स्वीकार करनी होगी। साथ ही शिक्षकों को आवश्यक सहयोग मिलना चाहिए। केवल दीवारों पर रंग चढ़ाने या नई योजनाओं की घोषणा करने से स्कूल नहीं सुधरते। सुधार तब होगा, जब हर जिम्मेदार व्यक्ति यह माने कि हर बच्चा समान अवसर और सम्मान का अधिकारी है।

– नीरज कसौधन, कुशीनगर

पीछे छूटती प्रकृति

'संतुलन का पाठ' (दुनिया मेरे आगे, 19 अगस्त) पढ़ा। आज विकास की दौड़ में प्रकृति पीछे छूट रही है। नई सड़कें बन रही हैं, बड़े-बड़े भवन खड़े हो रहे हैं। तकनीक ने हमारे जीवन को पहले से कहीं अधिक आसान बना दिया है। मगर इस विकास के साथ सवाल है कि क्या हम प्रकृति की कीमत पर विकास कर रहे हैं? विकास जरूरी है, लेकिन ऐसा विकास किसी काम का नहीं, जो हमारी हवा, पानी और मिट्टी को ही नुकसान पहुंचा दे। पेड़ काट कर हम सड़कें और इमारतें तो बना सकते हैं, लेकिन उसके बदले मिलने वाली स्वच्छ हवा को वापस नहीं बना सकते। इसलिए विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन आज की सबसे बड़ी जरूरत है। यदि हम प्राकृतिक संसाधनों का इसी तरह अंधाधुंध उपयोग करते रहे, तो भविष्य में हमारी आने वाली पीढ़ियों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और हरे-भरे जंगलों के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। जरूरी है कि हम विकास करते समय प्रकृति की सीमाओं को भी समझें।

– शांति साहनी, वाराणसी

दागी नुमाइंदे

'शुचिता के बजाय' (संपादकीय, 20 अगस्त) में उठाए गए तमाम सवाल प्रासंगिक लगते हैं। आम तौर पर जनप्रतिनिधियों से ईमानदारी, बेदाग छवि और दूरदर्शिता की अपेक्षा स्वाभाविक है। लोकतंत्र में आदर्श राजनेता वही है, जो निजी स्वार्थ से ऊपर उठ कर राष्ट्र और समाज के हित को प्राथमिकता दे। ऐसे में सांसदों और विधायकों के खिलाफ चार हजार से अधिक आपराधिक मामलों का लंबित होना गंभीर चिंता का विषय है। सवाल केवल आरोपों का नहीं, बल्कि उन मामलों के वर्षों तक लंबित रहने का भी है। यह स्थिति राजनीति में शुचिता और जवाबदेही के दावों पर प्रश्नचिह्न लगाती है। हर वर्ष ऐसे आंकड़े सामने आते हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में मामला फाइलों में दब जाता है। जनप्रतिनिधियों के मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए विशेष व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन जरूरी है। ईमानदार प्रयास, पारदर्शिता और समयबद्ध न्याय ही राजनीति में जनता का विश्वास कायम कर सकते हैं।

– अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

संवेदनहीनता का सिरा

पिछले दिनों रिश्तों की अनदेखी की कुछ घटनाएं सामने आईं, जिन्होंने रिश्तों की महत्ता के साथ इंसानियत पर भी सवाल खड़े कर दिए। दूर रह रही तीन बेटियों ने अपने मृत पिता और एक पत्नी ने अपने पति के अंतिम संस्कार में आने से मना कर दिया। क्या अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भी रिश्तों के पास समय नहीं है? क्या लोगों के दिल इतने मैले हो चुके हैं? हमारी संस्कृति में कहा जाता है कि किसी के सुख में चाहे न जाओ, लेकिन दुख में अवश्य शामिल होना चाहिए। इतनी व्यस्तता, इतना मनमुटाव, इतनी अनदेखी, इतना गैरों जैसा व्यवहार, आखिर क्यों? मृत्यु पर तो दुश्मन भी एक बार के लिए बैर भूल जाता है। रिश्तों में आत्मीयता, प्रेम, संवेदनशीलता और कर्तव्य भावना खत्म हो चुकी हैं। यह समझना चाहिए कि बदलते परिवेश में रिश्तों, मानवता और नैतिक मूल्यों की महत्ता कम नहीं होती।

– अभिलाषा गुप्ता, मोहाली

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

जब शेयर बाजार में हो बड़ी गिरावट, तो क्या हो रणनीति

जनसत्ता कारोबाजार

शेयर बाजार में निवेश आजकल आमचलन में है। भारतीय शेयर बाजार में घरेलू निवेशक बड़ी ताकत बन कर उभरे हैं। इनमें खुदरा निवेशकों का बड़ा योगदान है, लेकिन जब शेयर बाजार में बड़ी गिरावट (क्रैश) आती है तो सबसे अधिक नुकसान इन्हीं खुदरा निवेशकों को होता है। आखिर तकनीकी रूप से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट (क्रैश) क्या है और इस दौरान निवेशकों की रणनीति क्या होनी चाहिए?

पहले समझते हैं कि शेयर बाजार बड़ी गिरावट (क्रैश) क्या है? शेयर बाजार के एक महत्वपूर्ण हिस्से में शेयरों की कीमतों में अचानक और बड़ी गिरावट को 'क्रैश' करना कहते हैं, इसके कारण बाजार सूचकांकों में भारी गिरावट आती है और निवेशकों को बड़ा नुक्सान उठाना पड़ता है। आर्थिक मंदी की आशंका, बड़ी भू-राजनैतिक घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं या वित्तीय संकटों सहित विभिन्न कारकों के कारण बाजार में बड़ी गिरावट (क्रैश) आती है। खराब आर्थिक डेटा, जैसे कि कम जीडीपी वृद्धि, उच्च बेरोजगारी दरें और गिरती कार्पोरेट आय, आर्थिक समस्या के संकेतक हैं। युद्ध, आतंकवादी हमले और राजनीतिक अस्थिरता आर्थिक अनिश्चितता के संकेतक हैं। सरकारी नीतियों में अचानक बदलाव, जैसे करों में वृद्धि या नियामक बदलाव, बाजार की स्थिरता को बाधित कर सकने के संकेतक हैं। वित्तीय क्षेत्र में समस्याएं, जैसे बैंक दिवालिया होना या 'क्रेडिट क्रंच' होना, आदि वित्तीय संस्थानों में विश्वास खो सकने के संकेतक हैं। सट्टेबाजी ट्रेडिंग के कारण बाजार की संपत्तियों का ओवर मूल्यांकन एक बबल का कारण बन सकता है जो अंततः फट सकता है। इन कारकों में से किसी के भी कारण शेयर बाजार क्रैश कर सकता है। इसका पहले से अनुमान लगाना असंभव है। शेयर की कीमतों में यह गिरावट पैनिक सेलिंग के कारण होती है, जहां निवेशक अधिक नुकसान के डर के कारण बड़ी मात्रा में अपने शेयर बेचने लगते हैं। किसी शेयर बाजार का धड़ाम होना उस देश की अर्थव्यवस्था के लिए वित्तीय संकट का सबब बन सकता है। इससे व्यापक आर्थिक अस्थिरता पैदा हो सकती है। ऐसे में निवेशकों खासकर खुदरा और घरेलू की सुरक्षा महत्त्वपूर्ण है। शेयर बाजारमें बड़ी गिरावट के दौरान निवेशकों का विश्वास कम हो जाता है, जिससे व्यापक रूप से घबराहट में बिक्री होती है। इसे हम 'डोमिनोज' प्रभाव कहते हैं। इसका असर लंबे समय तक शेयर बाजार के माहौल पर बना रहता है।

शेयर बाजार के धड़ाम होने के दौरान अपनी संपत्ति की सुरक्षा करना अहम होता है। पैनिक सेलिंग से बचें। अपने निवेश का डाइवर्सिफिकेशन करें। जोखिम को कम करने के लिए अपने निवेश को विभिन्न एसेट क्लास में फैलाएं। लांग-टर्म लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और शार्ट-टर्म मार्केट के उतार-चढ़ाव के आधार पर आवेगपूर्ण निर्णय लेने से बचें। जोखिम प्रबंधन अपनाएं जिसमें संभावित नुकसान को सीमित करने के लिए 'स्टाप-लास आर्डर' जैसे टूल का उपयोग करें। बाजार के ट्रेंड को समझें और देश की और विश्व की घटनाओं की जानकारी रखें। अपनी जरूरतों के अनुसार एक मजबूत निवेश रणनीति बनाएं, जिसमें अपने पोर्टफोलियो को डाइवर्सिफाई करें।

शेयर बाजार के गिरने के दौरान डाइवर्सिफिकेशन संपत्ति की सुरक्षा और निवेश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रमुख रणनीति है। शेयर, बांड, रियल एस्टेट और कमोडिटी जैसे विभिन्न एसेट क्लास में अपने निवेश को फैलाकर, आप नुकसान के जोखिम को कम करते हैं। सोना और बांड जैसे सुरक्षित संपत्तियों में निवेश करने से मार्केट के उतार-चढ़ाव के समय स्थिरता मिल सकती है। इन उपायों का पालन कर-के, आप अपने निवेश पर शेयर बाजार क्रैश के प्रभाव को कम कर सकते हैं और अधिक सुरक्षित वित्तीय भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। एक मजबूत आपातकालीन कोष भी बनाएं। यह कोष एक वित्तीय सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करता है। अगर आपने जिन कंपनियों में निवेश किया है, उनकी मजबूत वित्तीय स्थिति है और उनके पास मजबूत बिजनेस माडल है, तो उनमें समय के साथ रिकवर होने की संभावना होती है। ऐसे में घबराहट और भावनात्मक बिक्री से बचना जरूरी है।

मीडिया में आ रही खबरों के आधार पर शेयर खरीद या बिक्री का फैसला नहीं करें। अपने पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें। धैर्य रखें। संपत्ति बंटवारा, डाइवर्सिफिकेशन और जोखिम प्रबंधन रणनीति को अपनाना चाहिए। नेटवर्किंग में रहें। निवेशक समुदायों के साथ जुड़ें, सेमिनार में जाएं और आनलाइन फोरम में भाग लें। अन्य निवेशकों और उद्योग पेशेवरों के साथ नेटवर्किंग महत्वपूर्ण जानकारी और विभिन्न दृष्टिकोण प्रदान कर सकती है।

मीडिया में आ रही खबरों के आधार पर शेयर खरीद या बिक्री का फैसला नहीं करें। अपने पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें। धैर्य रखें।

लांग-टर्म लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और शार्ट-टर्म मार्केट के उतार-चढ़ाव के आधार पर आवेगपूर्ण निर्णय लेने से बचें। जोखिम प्रबंधन अपनाएं जिसमें नुकसान को सीमित करने के लिए 'स्टाप-लास आर्डर' जैसे टूल का उपयोग करें।

निवेश निश्चय

थोड़े पैसे से शुरू करें निवेश, बनेगा बड़ा कोष

जनसत्ता कारोबाजार

निवेश से पैसा कमाने के लिए एक साथ ही बहुत पैसे की जरूरत नहीं होती है। थोड़े पैसे से ही निवेश की शुरुआत कर सकते हैं। इसके लिए म्यूचुअल फंड सबसे मुफीद तरीका है, लेकिन जितनी जल्दी हो सके निवेश शुरू करें। लंबी अवधि में, छोटे-छोटे योगदान भी बड़ा कोष बना सकते हैं। जल्दी निवेश शुरू करेंगे तो कंपाउंडिंग की शक्ति से बड़ा फंड बनेगा। थोड़े पैसे से म्यूचुअल फंड में निवेश शुरू करने के लिए एसआइपी दृष्टिकोण अपनाएं। लंपसम निवेश आपके वित्त पर बहुत अधिक दबाव डालता है। इसके बजाय सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआइपी) का विकल्प चुनें।

अगर आपके पास निवेश करने के लिए एक छोटा कोष है, तो आपको इसे कहां निवेश करना चाहिए। आप शार्ट टर्म के साथ अर्थपूर्ण संपत्ति नहीं बना सकते हैं आपको लांग टर्म दृष्टिकोण अपनाना होगा और इक्विटी पर चलना होगा। सेक्टोरल और थीमैटिक फंड के बजाय डाइवर्सिफाइड इक्विटी फंड से जुड़ें और अगर आप मिड कैप्स और स्माल कैप्स से अल्फा का लाभ जोड़ना चाहते हैं, तो मल्टी कैप फंड पर सर्वश्रेष्ठ नजर डालें। छोटी मात्रा में अच्छे शेयर खरीदें। जब आप डीमैट में शेयर खरीदते हैं, तो आप स्टाक की छोटी मात्रा भी खरीद सकते हैं। विकल्पों के लिए ट्रेडिंग सीमा रखें। छोटे कोष के साथ भी आप हमेशा विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आप काल या पुट में बड़ी स्थिति ले सकते हैं।

फंड्स का फंडा

म्यूचुअल फंड के प्रदर्शन का मूल्यांकन करें

अपने निवेश के साथ अपने लक्ष्यों को लिंक करके, आप अपने निवेश की प्रगति को ट्रैक कर सकते हैं। अपने लक्ष्य के लिए आवश्यक पैसे का अनुमान लगाएं, और देखें कि क्या आपके निवेश आपको अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर रहे हैं। अगर नहीं, तो समय आ गया है कि आप उस फंड में अपने इन्वेस्टमेंट पर फिर से विचार करें।

बेंचमार्क प्रदर्शन से तुलना करें। आप यह भी चेक कर सकते हैं कि आपका फंड अपने बेंचमार्क से तुलना करके अच्छा प्रदर्शन कर रहा है या नहीं। फंड का बेंचमार्क आमतौर पर योजना सूचना प्रपत्र में प्रकट किया जाता है। फंड के रिटर्न और बेंचमार्क की तुलना करके, आप चेक कर सकते हैं कि आपका फंड कम प्रदर्शन कर रहा है या बेंचमार्क को हरा रहा है। समान फंड की तुलना करें। कई म्यूचुअल फंड हाउस होते हैं, जिनमें से प्रत्येक में विभिन्न कैटेगरी के लिए फंड होते हैं। इसलिए, अन्य संपत्ति प्रबंधन कंपनियों से समान श्रेणी के फंड चुनें और उनके साथ अपने फंड के लाभ की तुलना करें। अगर आपका फंड खराब प्रदर्शन कर रहा है, तो समय आ गया है कि आप अपने निवेश को कम प्रदर्शन करने से बेहतर पर स्विच करें।

म्यूचुअल फंड का पिछला प्रदर्शन भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं देता है, लेकिन फंड के पिछले प्रदर्शन को चेक करना महत्वपूर्ण है। चेक करें कि विभिन्न चक्रों में फंड ने कैसे प्रदर्शन किया है, और रिटर्न में निरंतरता की तलाश करें। निरंतरता फंड मैनेजर की विशेषज्ञता और कौशल को समझने में मदद करती है।

एक्सपेंस रेशियो चेक करें। फंड के प्रदर्शन का आकलन करते समय फंड का एक्सपेंस रेशियो महत्वपूर्ण है। हालांकि उच्च एक्सपेंस रेशियो का मतलब कम रिटर्न है, लेकिन उच्च एक्सपेंस रेशियो वाला फंड कभी-कभी बहुत अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, क्योंकि मैनेजर को अवसर का लाभ उठाने के लिए तुरंत निर्णय लेने के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता हो सकती है।

तैयारी

राखी के त्योहार को लेकर दुकानें सज गई है। देहरादून के एक बाजार में राखी की खरीदारी करती महिला।

बेंचमार्क इंडेक्स क्या है

जनसत्ता कारोबाजार

भारत में बेंचमार्क इंडेक्स को शेयर बाजार, विशिष्ट सेक्टर या एसेट क्लास के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करने के लिए डिजाइन किया गया है। ये भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास, रुझान और समग्र भावना को मापने के लिए सन्दर्भ बिंदुओं के रूप में कार्य करते हैं।

बीएसई 30: विभिन्न क्षेत्रों की 30 लार्ज-कैप कंपनियों को शामिल करते हुए बाम्बे स्टाक एक्सचेंज के समग्र प्रदर्शन को दर्शाता है। निफ्टी 50: नेशनल स्टाक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध 50 प्रमुख कंपनियों में से यह भारतीय शेयर बाजार के स्वास्थ्य के प्रमुख संकेतक के रूप में कार्य करता है। क्षेत्रीय सूचकांक: बैंक निफ्टी (बैंकिंग स्टाक के लिए) या आइटी इंडेक्स (आइटी सेक्टर के स्टाक के लिए) जैसे बेंचमार्क विशिष्ट उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। बेंचमार्क का इस्तेमाल अक्सर एसेट मैनेजर द्वारा पोर्टफोलियो बनाने के लिए किया जाता है, जो इंडेक्स से मैच या सरपास करना चाहते हैं। ये मार्केट ट्रेंड के बारे में जानकारी प्रदान करके निवेशकों को अच्छी तरह से सूचित चयन करने में मदद करते हैं।

म्यूचुअल फंड अपने प्रदर्शन को मापने और मूल्यांकन करने के लिए एक बुनियादी टूल के रूप में बेंचमार्क इंडेक्स पर निर्भर करते हैं। बेंचमार्क इंडेक्स फंड मैनेजर को विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों और भौगोलिक क्षेत्रों में संसाधनों को आवंटित करने में मदद करते हैं। बेंचमार्क को समझने से निवेशकों को यह आकलन करने में मदद मिलती है कि फंड अपने वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता और लाभ की अपेक्षाओं के अनुरूप है या नहीं। बेंचमार्क पारदर्शिता प्रदान करते हैं।

ट्रेडिंग में सफल होने का एक ही सूत्र है नुकसान से बचना

जनसत्ता कारोबाजार

किसी भी ट्रेडिंग में किसी भी सौदे के चार संभावित नतीजे हो सकते हैं। छोटा लाभ, छोटा घाटा, बड़ा मुनाफा और बड़ा नुकसान। इनमें पहले के तीन नतीजों को हर बार अपने हिसाब से तय करना मुश्किल है, लेकिन चौथे नतीजे यानी बड़े नुकसान को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। इसलिए एक शेयर निवेशक को हर सौदे से पहले सबसे पहले यह सोचना चाहिए कि अगर उसका विश्लेषण गलत हुआ तो उसे अधिकतम कितना नुकसान हो सकता है?

शेयर बाजार में ट्रेडिंग सीखने के लिए लोग कई तरह की रणनीतियां सीखते हैं। उनमें चार्ट पैटर्न, आरएसआइ, एमएसीडी जैसे इंडिकेटर, शेयर मूल्य उतार चढाव अध्ययन और अपनी स्ट्रैटेजी का बैक टेस्ट आदि शामिल हैं। इसके बावजूद लंबे समय तक ट्रेडिंग में बने रहने और सफल होने की सबसे जरूरी सूत्र इन सबके बीच एक ही है, और वह है बड़े नुकसान से बचना। यह एक नियम आपको ट्रेडिंग में सफल होने रास्ता दिखाएगा। चूंकि नुकसान जितना बड़ा होता जाता है, उसकी भरपाई उतनी ही मुश्किल होती जाती है, इसलिए ट्रेडिंग में पूंजी बचाने को लाभ कमाने से पहले रखना जरूरी है।

शेयर ट्रेडिंग में छोटा नुकसान सामान्य है। इसे आप स्टाप लास लगा कर सीमित कर सकते हैं। समस्या तब शुरू होती है जब शेयर सौदे में बड़ा नुकसान होता है। इसलिए निवेशक के पास एक रणनीति होनी चाहिए जिसमें वह अपने एक छोटे नुकसान को बड़ा नुकसान बनने से रोक सके। स्टाप लास लगा कर छोटे घाटे को बड़ा नुकसान बनने से रोका जा सकता है। शेयर निवेशकों को ध्यान रखना चाहिए कि हर ट्रेडिंग में उन्हें मुनाफा ही होगा, यह जरूरी नहीं है। नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में जरूरत है कि ट्रेडर क्या करें कि अपने बड़े नुकसान से वे बच सकें।

बड़ा नुकसान अक्सर एक छोटी गलती से शुरू होता है। ट्रेडिंग में बड़ा नुकसान कई बार शुरुआत में बड़ा नहीं होता। पहले ट्रेडर स्टाप लास हटाता है और सोचता है कि शेयर वापस आ जाएगा। फिर वह एवरेजिंग शुरू कर देता है। उसके बाद खरीद बढ़ाता है और नुकसान की भरपाई के लिए अगला सौदा भी बड़ा कर देता है। धीरे-धीरे एक गलत ट्रेड पूरे ट्रेडिंग अकाउंटिंग के लिए बड़ा खतरा बन जाता है, इसलिए रिस्क मैनेजमेंट का मतलब सिर्फ स्टाप लास लगाना नहीं है, बल्कि स्टाप लास तय करने के बाद उसका सम्मान करना भी आवश्यक है। अगर किसी शेयर ट्रेडर ने पहले ही तय कर लिया हो कि वह किसी सौदे में अधिकतम एक हजार रुपए का नुकसान ही सहन कर सकता है तो बाजार में परिस्थिति बदलने के बाद उस सीमा को पांच हजार या दस हजार रुपए करना जोखिम प्रबंधन नहीं है। किसी भी शेयर सौदे में प्रवेश करने से पहले यह सवाल सबसे पहले होना चाहिए कि अगर मेरा विश्लेषण गलत हुआ तो मुझे कितने रुपए का नुकसान होगा? अगर इसका जवाब स्पष्ट नहीं है तो सौदे करने में जल्दबाजी है। इसके बाद यह देखना चाहिए कि संभावित नुकसान आपकी कुल ट्रेडिंग पूंजी के मुकाबले कितना है। अगर गलत होने पर होने वाला नुकसान इतना बड़ा है कि उससे आपके ट्रेडिंग अकाउंट या मानसिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है, तो उस सौदे से दूर रहना भी एक स्मार्ट ट्रेडिंग निर्णय है। हर मौके पर सौदे करना जरूरी नहीं है।

शेयर ट्रेडिंग में यह बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि आज कोई पसंदीदा शेयर नहीं मिला तो कोई समस्या नहीं है। बाजार अगले दिन फिर खुलेगा और उसके बाद भी लगातार मौके आते रहेंगे। लेकिन अगर आज एक सौदे में अपनी पूंजी का बड़ा हिस्सा गंवा दिया तो अगले दिन आपके पास वही ताकत नहीं होगी। आपके पास पूंजी कम होगी। आप पर रिकवरी का दबाव बढ़ सकता है। इसलिए ट्रेडर का पहला लक्ष्य बाजार में केवल मुनाफा कूटना नहीं है, बल्कि बाजार में लंबे समय तक बने रहना होना चाहिए। जब पंजी सुरक्षित रहती है, तभी विशलेषण, अनुभव और रणनीति को लंबे समय तक काम करने का मौका मिलता है। शेयर ट्रेडर को बड़ा मुनाफा मिलने पर भी सावधान रहना चाहिए। यदि किसी ट्रेडर ने लगातार तीन सौदे में अच्छा मुनाफा कमाया और उसे लगने लगे कि उसकी रणनीति बहुत शानदार चल रही है और चौथे सौदे में वह शेयर लाट साइज अचानक बढ़ा दे, तो समस्या शुरू हो सकती है। मतलब कि पिछले तीन सौदे का मुनाफा अगले सौदे की सफलता की गारंटी नहीं है। एक अच्छा सौदा आपको उत्साहित कर सकता है, लेकिन उसे आपका जोखिम बढ़ाने का कारण नहीं बनना चाहिए। ट्रेडिंग मनोविज्ञान को भी बड़ा घाटा नुकसान पहुंचाता है। दरअसल, जब नुकसान छोटा होता है तो ट्रेडर आमतौर पर शांत रह सकता है, लेकिन जब नुकसान बहुत बड़ा हो जाता है तो दिमाग जल्दी से उसे सोचने लगता है।

शेयर बाजार में ट्रेडिंग सीखने के लिए लोग कई तरह की रणनीतियां सीखते हैं। उनमें चार्ट पैटर्न, आरएसआइ, एमएसीडी जैसे इंडिकेटर आदि शामिल हैं।

शेयर सूत्र

साइबर हमले से क्रिप्टो निवेश को शून्य विश्वास माडल से रखें सुरक्षित

दिव्या तंवर

हाल के वर्षों में क्रिप्टो पर साइबर हमले बढ़े हैं। कृत्रिम मेधा (एआइ) आने के बाद से खतरों में और इजाफा हुआ है। क्रिप्टो निवेश को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा ढांचे को शून्य विश्वास (जीरो-ट्रस्ट) माडल पर तय करना होगा, जिसका मतलब है कि आप किसी भी लिंक या प्लेटफार्म पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करते।

स्टोरेज और वालेट सुरक्षा

आपके क्रिप्टो निवेश की सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि आप उन्हें कहां रखते हैं। हार्डवेयर वालेट अपनाएं। अपने कुल निवेश का 80 फीसद से अधिक हिस्सा लेजर, ट्रेजर या जेड जैसे आफलाइन हार्डवेयर वालेट में रखें। एक्सचेंज पर फंड न छोड़ें। केंद्रीकृत एक्सचेंज (सीईएक्स) केवल ट्रेडिंग के लिए हैं, स्टोरेज के लिए नहीं। सीड फ्रेज का बैकअप तैयार करें। अपने 12 या 24 शब्दों के रिकवरी कोड को कभी भी मोबाइल, ईमेल, गूगल ड्राइव या फोटो में सेव न करें। इसे स्टील प्लेट या कागज पर लिखकर लाकर में रखें।

अकाउंट और डिवाइस को लाक करें। हैकर्स अक्सर कमजोर पासवर्ड और सिम-स्वैपिंग के जरिए अकाउंट हैक करते हैं। अपने सभी एक्सचेंज और ईमेल अकाउंट्स पर गूगल आथेंटिकर या एजिस का उपयोग करें। एसएमएस आधारित ओटीपी का उपयोग बिल्कुल बंद कर दें। यदि संभव हो, तो क्रिप्टो ट्रेडिंग के लिए एक अलग पुराने फोन या लैपटाप का उपयोग करें, जिसमें कोई अन्य सोशल मीडिया एप या गेम डाउनलोड न हो। जहां भी उपलब्ध हो, पारंपरिक पासवर्ड की जगह बायोमेट्रिक पासकी का इस्तेमाल करें, जिन्हें एआइ धोखाधड़ी टूल से हैक करना असंभव है। डिसेंट्रलाइज्ड फाइनेंस में निवेश करते समय अतिरिक्त सावधानी जरूरी है। जब आप किसी डिफाइ एप को अपने वालेट से कनेक्ट करते हैं, तो वह फंड खर्च करने की अनुमति लेता है।

काम खत्म होने के बाद रिवोक कैश जैसी साइट पर जाकर तुरंत अनुमति रद्द करें। किसी भी नए एयरड्राप या नए एनएफटी को मिंट करने के लिए अपने मुख्य वालेट का उपयोग न करें। इसके लिए हमेशा एक खाली बर्नर वालेट का इस्तेमाल करें। केवल उन्हीं प्रोजेक्ट्स में पैसा लगाएं जिनके कोड का प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा सुरक्षा आडिट किया गया हो।

एआइ और सोशल इंजीनियरिंग हमलों से बचाव

आजकल हैकर्स असली दिखने वाले नकली माहौल तैयार करने में माहिर हैं। डीपफेक से सावधान रहें। यदि कोई जाना-माना क्रिप्टो इन्फ्लुएंसर या किसी कंपनी का सीईओ वीडियो/ऑडियो में आपको तुरंत किसी स्कीम में पैसे लगाने को कहे, तो उसे फर्जी मानें। अपने पसंदीदा एक्सचेंजों और डैप्स के सही यूआरएल को ब्राउजर में बुकमार्क कर लें। कभी भी गूगल सर्च के स्पान्सर्ड (एड) लिंक पर क्लिक करके लागिन न करें। पब्लिक वाई-फाई निषेध करें। रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट या कैफे के मुफ्त वाई-फाई पर कभी भी अपना क्रिप्टो वालेट न खोलें। हमेशा अपने मोबाइल डेटा या सुरक्षित वीपीएन का उपयोग करें। शार्ट-टर्म ट्रेडिंग (जैसे इंट्राडे या स्विंग ट्रेडिंग) में आपको अपने वालेट और एक्सचेंज को बार-बार कनेक्ट करना पड़ता है। इस वजह से आपका फंड लगातार जोखिम में रहता है। 80/20 का नियम अपना कर निवेश का विभाजन करें।

आपके क्रिप्टो निवेश की सुरक्षा इस बात पर निर्भर करती है कि आप उन्हें कहां रखते हैं। हार्डवेयर वालेट अपनाएं। अपने कुल निवेश का 80 फीसद से अधिक हिस्सा लेजर, ट्रेजर या जेड जैसे आफलाइन हार्डवेयर वालेट में रखें।

अकाउंट और डिवाइस को लाक करें। हैकर्स अक्सर कमजोर पासवर्ड के जरिए अकाउंट हैक करते हैं। अपने सभी ईमेल अकाउंट्स पर गूगल आथेंटिकर का उपयोग करें।

क्रिप्टो करामात

एसएमएस आधारित ओटीपी का उपयोग बिल्कुल बंद कर दें। यदि संभव हो, तो क्रिप्टो ट्रेडिंग के लिए एक अलग पुराने फोन का उपयोग करें, जिसमें कोई अन्य सोशल मीडिया एप न हो।

राहुल के 'छात्रों की गूंज' पर सियासी तकरार

नेता प्रतिपक्ष का छात्रों के साथ संवाद राजनीतिक हास्य कार्यक्रम : भाजपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुणे में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम को राजनीतिक हास्य कार्यक्रम करार देते हुए रविवार को आरोप लगाया कि उन्होंने छात्रों से जुड़े मुद्दों पर बात करने के बजाय राजनीतिक बयानबाजी की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शनिवार को पुणे में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम छात्रों की गूंज पर पार्टी ने प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के उपाध्यक्ष केशव उपाध्ये ने दावा किया कि कांग्रेस सांसद के बयानों और उनकी पार्टी के पुराने रुख में विरोधाभास है।

भाजपा नेता ने एक बयान में यह भी दावा किया कि छात्रों को कालेज की बसों से कार्यक्रम में लाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने छात्रों के नाम पर आयोजित कार्यक्रम को राजनीतिक सभा में बदल दिया।

भाजपा की राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से महिलाओं के समर्थन में दिए अपने बयानों को अमल में लाने के लिए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसद आरक्षण लागू करने का समर्थन करने तथा कांग्रेस कार्यालयों में वंदे मातरम् के पूर्ण गायन की व्यवस्था करने को कहा।

गांधी ने शनिवार को पुणे में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में छात्राओं से बातचीत करते हुए उनसे पितृसत्ता को खत्म करने का आह्वान किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि महिलाओं को आगे बढ़ने से रोकने के लिए समाज में हिंसा का इस्तेमाल किया जाता है और 80 फीसद महिलाएं उत्पीड़न का सामना करती हैं। भाजपा की नवनियुक्त राष्ट्रीय महासचिव ईरानी ने कहा कि राहुल गांधी महिलाओं के समर्थन और उनके नेतृत्व को लेकर कल दिए अपने बयानों को अमल में लाने के वास्ते महिलाओं के लिए आरक्षण तत्काल लागू करने का समर्थन कर सकते हैं।

कांग्रेस ने कहा, कार्यक्रम की सफलता से हिली सत्तारूढ़ पार्टी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

राहुल गांधी के शनिवार को पुणे में छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने कहा कि युवाओं के बीच राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा घबरा गई है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सचिन सावंत ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से सत्तारूढ़ दल की नींद उड़ गई है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर में जेन जी के साथ संवाद कार्यक्रम पर निशाना साधते हुए सावंत ने आरोप लगाया कि राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन ने युवाओं के भविष्य की संभावनाओं को व्यवस्थित तरीके से नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा, शायद मुख्यमंत्री उन्हें मनुस्मृति के महत्व के बारे में बताएंगे, यह बताएंगे कि पितृसत्तात्मक व्यवस्था अच्छी है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) तथा विहिप तय करेंगे कि महिलाओं को क्या पहनना चाहिए, क्या बोलना चाहिए और किस तरह व्यवहार करना चाहिए।

सावंत ने कहा कि केवल खुद को युवा आइकन कहने भर से कोई वास्तव में युवा आइकन नहीं बन जाता।

सावंत ने कहा कि केवल खुद को युवा आइकन कहने भर से कोई वास्तव में युवा आइकन नहीं बन जाता। नागपुर में फडणवीस ने कहा था कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को दूसरों को सशक्तीकरण का पाठ पढ़ाने से पहले यह बताना चाहिए कि वह महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करने से क्यों इनकार करते हैं।

असली जिंदगी का बैटमैन है राहुल गांधी, लगे पोस्टर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

राहुल गांधी के किरदार की तुलना बच्चों के हीरो चरित्र बैटमैन के साथ की गई है। ऐसे फोटो रविवार को कांग्रेस मुख्यालय अकबर रोड और आईटीओ के पास नजर आए। पोस्टर पर लिखा था कि असली जिंदगी का बैटमैन दिखाने वाले पोस्टर लगाए गए हैं।

इस पोस्टर पर राहुल गांधी और बेटमैन की फोटो का इस्तेमाल किया गया है।

इस पोस्टर पर राहुल गांधी और बेटमैन की फोटो का इस्तेमाल किया गया है। ये पोस्टर हाल ही में हुई एक घटना के बाद लगाए गए हैं, जिसने आनलाइन मीम्स और छात्रों के बीच ट्रेंड्स को जन्म दिया था। यह सब तब हो रहा है जब गांधी पुलिस की ज्यादतियों के खिलाफ़ विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं और उन्होंने अधिकारियों से पैलेट-गन के इस्तेमाल के आरोपों पर कार्रवाई करने की मांग की है। ये तस्वीरें उस मुझसे कुछ भी पूछो बातचीत से जुड़ी हैं। जो गांधी ने इस महीने की शुरुआत में इंस्टाग्राम पर छात्रों और युवा नागरिकों के साथ की थी।

इसमें राहुल गांधी हल्की-फुल्की बातचीत के दौरान जब युवाओं ने राहुल गांधी से पूछा कि क्या वह बैटमैन हैं, तो गांधी ने जवाब दिया कि बस इतना कह सकते हैं कि किसी ने भी मुझे और बैटमैन को कभी एक ही कमरे में साथ नहीं देखा है। इस टिप्पणी के बाद आनलाइन वायरल ट्रेंड्स और छात्रों द्वारा बनाए गए मीम्स का दौर चल पड़ा। हाल ही में राहुल गांधी ने युवाओं से हुई कई चर्चाओं को अपने सोशल मीडिया हैंडल से जारी किया है।

काजपा आज केंद्र के आश्वासनों की स्थिति की समीक्षा करेगी

नई दिल्ली, 23 अगस्त (भाषा)।

काकरोच जनता पार्टी (काजपा) ने सोमवार को अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक बुलाई है, जिसमें 25 जुलाई को देशव्यापी आंदोलन वापस लेने के बाद केंद्र सरकार द्वारा किए गए वादों की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। काजपा का कहना है कि सरकार ने अभी तक उन आश्वासनों को पूरा करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में औपचारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है।

काजपा ने कहा कि वादों को पूरा कराने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा।

काजपा ने कहा कि वादों को पूरा कराने के लिए हर संभव कदम उठाया जाएगा, जिसमें देश भर में फिर से शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करने का विकल्प भी शामिल है। इसमें कहा गया, काजपा ने सद्भावना से अपना आंदोलन वापस लिया, क्योंकि सरकार ने देश के युवाओं से वादा किया था। काजपा ने छात्रों, युवा नागरिकों, अपने समर्थकों और स्वयंसेवकों से सोमवार को होने वाली बैठक के नतीजों के लिए तैयार रहने का भी आह्वान किया।

काजपा ने यह घोषणा उच्चतम न्यायालय द्वारा 18 अगस्त को देश भर में छात्रों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी की एक संयुक्त सूची मांगे जाने के कुछ दिनों बाद की है। काजपा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से तीन बार वह सूची देने को कहा था, ताकि वह मुकदमों को रद्द करने के लिए अनुच्छेद-142 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने पर विचार कर सके।

राहुल गांधी युवाओं के मन को विषाक्त न करें : विहिप

नई दिल्ली, 23 अगस्त (ब्यूरो)।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मनुस्मृति संबंधी टिप्पणी और छात्राओं से पितृसत्ता को ध्वस्त करने की अपील करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की रविवार को आलोचना की। विहिप ने राहुल गांधी से कहा कि वह युवाओं के मन को अपनी दूषित मानसिकता से विषाक्त न करें। विहिप ने गांधी से सवाल किया कि क्या वह अन्य धर्मों के ग्रंथों में महिलाओं के बारे में कही गई बातों को भी सार्वजनिक रूप से उद्धृत करने का साहस दिखाएंगे। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राहुल गांधी जी, मनुस्मृति के एक श्लोक को उसके संदर्भ और अर्थ को समझे बिना चुनकर हिंदू समाज को कठघरे में खड़ा करना आपके लिए बहुत आसान है। देश के युवाओं के निर्मल मन को अपनी दूषित मानसिकता से विषाक्त न करें। बंसल ने गांधी को चुनौती दी कि वह कुरान, बाइबिल और अन्य अब्राहमिक धर्मग्रंथों में महिलाओं के बारे में कही गई बातों को भी सार्वजनिक रूप से उद्धृत करने का साहस दिखाएं। कांग्रेस नेता को पहले पूरी मनुस्मृति पढ़नी चाहिए, संतों के सानिध्य में बैठकर उसे समझना चाहिए और उसके बाद हिंदू समाज को प्रमाणपत्र देना चाहिए। उन्होंने कहा, चुनिंदा उद्धरण और उनके विकृत अर्थ राजनीति को दूषित कर सकते हैं।



अगले साल होने वाले सात राज्यों के चुनाव की रणनीति तैयार

युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाएगी भाजपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

अगले साल देश के सात राज्यों में होने वाले चुनाव की रणनीति भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तैयार कर ली है। इन चुनाव से पहले युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा और केंद्र सरकार की योजनाओं के दायरे से बाहर रहे गए लोगों को इन योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसके लिए भाजपा एक विशेष मुहिम शुरू करेगी, जोकि एक माह तक चलेगी। सूत्रों ने बताया कि इस रणनीति पर रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में विस्तार से चर्चा की गई है।

भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को पार्टी के करीब लाने की है। इस रणनीति के तहत सबसे पहले चुनावी राज्यों में इस दिशा में काम किया जाएगा। युवाओं को केंद्र सरकार द्वारा चलाए जाए रहे कार्यक्रमों और उनके लिए तैयार रोजगार समेत अन्य शिक्षण योजनाओं के बारे में समझाया जाएगा। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार द्वारा राज्यों में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ जिन लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। उन लोगों को इस पहल से जोड़ने के लिए मौके पर ही अभियान से जोड़ने की पहल की जाएगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुआई में हुई चर्चा, सरकार की योजनाओं के दायरे से बाहर रह गए लोगों को जोड़ा जाएगा।

भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं को पार्टी के करीब लाने की है। इस रणनीति के तहत सबसे पहले चुनावी राज्यों में इस दिशा में काम किया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि आने वाले दिनों में भाजपा ऐसे कार्यक्रम तैयार करेगी, जिससे अधिक से अधिक युवा पार्टी के कार्यक्रम में सक्रियता से भागीदारी कर सकेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 साल के राजनीतिक सफर पर सेवा संकल्प अभियान तहत आयोजित किए जाएंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि देश के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना भी भाजपा की इस चुनावी रणनीति का हिस्सा होगा। ऐसी करीब 14 लाख आंगनबाड़ी सेवाओं को स्थानीय स्तर पर जोड़ा जाएगा। इसमें खास तौर पर उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित अगले साल छह राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों की रणनीति पर चर्चा हुई।

ये रणनीति अगले साल पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। बैठक में पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारी, प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष और अन्य प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

रक्षा मंत्रालय की अधिकारी ने द्वारका में आत्महत्या की

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

रक्षा मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) के पद पर कार्यरत महिला ने दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के द्वारका स्थित अपने किराये के मकान में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। मृतका के माता-पिता ने पति और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

ससुराल पक्ष पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि नाजिया खानम का शव 21 अगस्त की तड़के भरथल गांव स्थित एक फ्लैट में पंखे से लटका मिला। नाजिया की शादी 11 अप्रैल को मोहम्मद आजम अली खान से हुई थी। पुलिस के अनुसार, घटना के संबंध में 21 अगस्त को सुबह 4.21 बजे सेक्टर-23 थाने में पीसीआर काल मिली। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने बताया कि संबंधित एसडीएम को सूचना दी गई और शव को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। खानम के परिवार के सदस्य 21 अगस्त को कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश हुए और लिखित बयान दिए, लेकिन उस समय उन्होंने अपनी बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ कोई आरोप नहीं लगाया था।

अधिकारी ने कहा कि हालांकि, 22 अगस्त को खानम के माता-पिता फिर से एसडीएम के समक्ष पेश हुए तथा दोबारा बयान दर्ज कराया और एक शिकायत दी। इसमें उन्होंने बेटी के पति और ससुराल के अन्य सदस्यों पर आरोप लगाए। पुलिस ने 22 अगस्त को सेक्टर-23 द्वारका थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। प्राथमिकी के अनुसार, पिता ने आरोप लगाया कि खानम को उसके पति, सास समीमुन निशा और ससुर बाबर अली खान द्वारा लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। ससुराल वाले उसके साथ दुर्व्यवहार करते थे, मारपीट करते थे और धमकाते थे।

हथियारों की तस्करी में शामिल फरार आरोपी को एनआइए ने गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, 23 अगस्त (ब्यूरो)।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने एके-47 राइफल और कारतूस बरामदगी से जुड़े मामले की जांच के तहत बिहार विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के साथ एक संयुक्त अभियान में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी करमुल्लाह को शनिवार को बिहार के सारण जिले से गिरफ्तार किया गया।

एनआइए के अनुसार, करमुल्लाह ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर नगालैंड से बिहार में प्रतिबंधित बोर के अत्याधुनिक हथियारों की तस्करी की साजिश रची थी। एनआइए के अनुसार इसका उद्देश्य सार्वजनिक शांति एवं सुरक्षा को बाधित करना और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालना था।

पेज 1 का बाकी

संसद के मानसून सत्र के समापन का इंतजार

नहीं हुई है और तकनीकी तौर पर सत्रावसान नहीं हो पाया है। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, राष्ट्रपति सरकार की सिफारिश पर सत्र बुलाते हैं और उसका सत्रावसान करते हैं। ऐसी अटकलें हैं कि सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण कानून को लागू करने के लिए उसमें संशोधन करने वाला विधेयक ला सकती है।

महिला आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक पारित करने की कोशिश बजट सत्र के दौरान नाकाम रही थी क्योंकि सरकार जरूरी संख्या बल नहीं जुटा पाई थी। विपक्षी दलों, खासकर दक्षिण के दलों ने चिंता जताई थी कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से लोकसभा में उनकी ताकत कम हो जाएगी। उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए, सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा सीटों की संख्या में एक समान 50 फीसद की वृद्धि करने के फार्मूले पर काम किया है। अनुमान लगाया जा रहा था कि सरकार स्वतंत्रता दिवस के बाद संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने की कोशिश कर सकती है। इस बार का मानसून सत्र हंगामेदार था और विपक्ष के हंगामे की वजह से एक भी दिन प्रश्नकाल नहीं हो पाया था।

अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राव को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया। जून में, केंद्रीय जांच एजेंसी ने राव और उनके पुत्र करुमुरी सुनील कुमार के परिसरों पर छापेमारी के बाद सुनील को गिरफ्तार किया था। राव पिछली वाईएस जगन मोहन रेड्डी सरकार में नागरिक आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं। यह जांच उस आरोप से जुड़ी है कि आरोपियों ने राज्य में शराब ढुलाई में वित्तीय अनियमितताओं के जरिए सरकारी खजाने को 195.33 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। आरोपों की जांच के लिए ईडी ने मई में पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था।

नोक-झोंक — रिजीजू ने तैराकी को लेकर नेता प्रतिपक्ष पर कसा तंज, कहा मेरे लिए यह बच्चों का खेल

राहुल गांधी को शायद इसके लिए प्रशिक्षण की जरूरत पड़े

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू के बीच फिटनेस को लेकर हल्की-फुल्की नोक-झोंक अकसर चलती रहती है। इसी कड़ी में भाजपा नेता ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को अरुणाचल प्रदेश की तेज बहाव वाली नदियों में तैरने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत पड़ सकती है। रिजीजू ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं यहां का खिलाड़ी हूं।

रिजीजू ने अरुणाचल प्रदेश की एक नदी में तैरते हुए अपना वीडियो पोस्ट साझा किया। उन्होंने इसके साथ लिखा, कई लोग कह रहे हैं कि मैं भी राहुल गांधी की तरह यह सब कर रहा हूं। हो सकता है कि राहुल जी ऐसी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण लेते हों, लेकिन मेरी जिंदगी में ये सब आम बात है। मैं इसके लिए कोई प्रशिक्षण नहीं लेता क्योंकि बचपन से ही ये सब मेरे लिए बच्चों का खेल रहा है। मेरी जिंदगी रोमांच से भरी है।

उन्होंने लिखा, अगर आपको तैरना नहीं आता है, तो कभी भी गहरे पानी में न जाएं। नदी में कई लोग डूब चुके हैं। अरुणाचल प्रदेश की नदियां बहुत बड़ी और गहरी हैं। रिजीजू ने बाद में एक और वीडियो पोस्ट किया, जिसमें बताया कि अरुणाचल की नदियों में तैरना, तरण-ताल या शांत पानी में तैरने से कैसे अलग है। उन्होंने कहा, कुछ लोगों को लग सकता है कि अरुणाचल प्रदेश की तेज बहती नदियों में तैरना, तरण-ताल या यमुना जैसी नदियों में तैरने जैसा ही है। लेकिन ऐसी तेज बहाव वाली नदियों में हमारा सिर ऊपर होना चाहिए, नीचे नहीं। और शरीर ऊपर की ओर ज्यादा सीधा होना चाहिए, न कि वैसा सीधा जैसा हम तैराकी की प्रतियोगिताओं में रखते हैं। मैं यहां का खिलाड़ी हूं।

रिजीजू ने कुछ लोगों द्वारा उनकी तुलना राहुल गांधी से किए जाने के बाद अरुणाचल प्रदेश में अपने बचपन का जिक्र करते हुए जवाब दिया। पिछले साल दिसंबर में रिजीजू ने इंस्टाग्राम पर संसद में राहुल गांधी के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया था। मंत्री ने कहा था, राजनीति की बात नहीं, केवल फिटनेस की बात। मुझे उम्मीद है कि वह फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देंगे। खबरों के मुताबिक, बातचीत के दौरान राहुल गांधी ने रिजीजू से उनके व्यायाम की दिनचर्या के बारे में पूछा और उन्हें अपने साथ व्यायाम करने का प्रस्ताव किया। उनकी बातचीत मार्शल आर्ट्स पर भी हुई, जिसमें गांधी ने सुझाव दिया कि दोनों साथ में प्रशिक्षण लें। राहुल गांधी ने फरवरी में बजट सत्र के दौरान लोकसभा में अपने भाषण के दौरान रिजीजू के साथ हुई बातचीत का फिर से जिक्र किया था। रिजीजू ने जब जून में राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी थी, तब भी इस तरह के संवाद का सिलसिला जारी रहा। जवाब में राहुल गांधी ने कहा था, किरेन रिजीजू, बधाई के लिए धन्यवाद। हम अपना जीजित्सू सत्र कब कर रहे हैं।

एनएसए डोभाल आज बेजिंग पहुंचेंगे, विशेष प्रतिनिधि भाग लेंगे

शी की संभावित भारत यात्रा से पहले सीमा मुद्दों पर होगी वार्ता

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 23 अगस्त।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल आज (सोमवार को) बेजिंग पहुंचेंगे और सीमा विवाद पर भारत-चीन के विशेष प्रतिनिधियों की बातचीत में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हिस्सा लेंगे। सरकारी सूत्रों के अनुसार, डोभाल और वांग मंगलवार को विशेष प्रतिनिधि वार्ता के 25वें दौर में शामिल होंगे।

डोभाल और वांग दोनों ही सीमा वार्ता प्रक्रिया के लिए तय विशेष प्रतिनिधि हैं। यह प्रक्रिया 2003 में 3,488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा के जटिल मुद्दे को पूरी तरह से सुलझाने के लिए शुरू की गई थी। हालांकि, सीमा विवाद को सुलझाने में इसे सफलता नहीं मिली, लेकिन दोनों तरफ के अधिकारी इस व्यवस्थित प्रक्रिया को अलग-अलग मोर्चों पर दोनों देशों के बीच बार-बार होने वाले तनाव को दूर करने के लिए एक उपयोगी साधन मानते हैं। यह बातचीत इसलिए भी अहम है क्योंकि यह चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भारत यात्रा से ठीक पहले हो रही है। वह 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने आ रहे हैं।

शी की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन दोनों तरफ के अधिकारी चीनी नेता के शामिल होने को लेकर उम्मीद लगाए हुए हैं। शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बैठक भी हो सकती है, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की पहलों पर चर्चा हो सकती है। दोनों नेता पिछले साल अगस्त में तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान मिले थे।

बेजिंग में डोभाल-वांग की बातचीत से पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को फिर कहा कि चीन के साथ अच्छे संबंधों के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता जरूरी है। उनकी यह टिप्पणी अरुणाचल प्रदेश के ऊपरी सुबनसिरी इलाके में चीनी सैनिकों के आक्रामक रवैये की खबरों के बीच आई है।

जयशंकर ने शनिवार को 'इकोनामिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में कहा, 'मुझे लगता है कि हमने 2020 की गर्मियों और 2024 की शरद ऋतु के बीच एक बहुत मुश्किल दौर देखा, और यह मुख्य रूप से सीमावर्ती इलाकों की स्थिति का नतीजा था।' आखिरकार, सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता अच्छे संबंधों के लिए जरूरी है, और सीमा की स्थिति ही काफी हद तक संबंधों की स्थिति तय करेगी।'

अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों की खबरों पर, चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने 12 अगस्त को कहा कि चीन-भारत सीमा की स्थिति फिलहाल आम तौर पर स्थिर है। चीन और भारत ने सीमा मामलों पर बातचीत और तालमेल के लिए कार्य प्रणाली की 36वीं बैठक की। दोनों पक्ष कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के जरिए बातचीत बनाए रखने और सीमावर्ती इलाकों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने के लिए सहमत हुए।'

राष्ट्रपति जिनपिंग के भारत आने की नहीं हुई आधिकारिक पुष्टि

बेजिंग ने अभी तक शी के शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है, लेकिन दोनों पक्षों के अधिकारी उम्मीद कर रहे हैं कि वे इसमें शामिल होंगे। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक का रास्ता खुल सकता है, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हो सकती है।

एलएसी पर शांति बनाए रखने पर जोर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि भारत चीन के साथ सीमावर्ती इलाकों से जुड़े मुद्दों को बेहद गंभीर मानता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना सबसे महवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सीमा पर स्थिति ही भारत-चीन संबंधों की भविष्य की दिशा तय करेगी। नई दिल्ली ने पहले ही अरुणाचल प्रदेश में 27 जगहों और भौगोलिक जगहों के आधिकारिक नाम रखने के भारत के फैसले पर बेजिंग की आलोचना को खारिज कर दिया था। भारत का कहना है कि यह राज्य भारत का अटूट और अभिन्न हिस्सा है और इस अविवादित सच्चाई को कोई नहीं बदल सकता।

गृह मंत्री अमित शाह आज राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में भाग लेंगे

नई दिल्ली, 23 अगस्त (भाषा)।

अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार से शुरू होने जा रहे दो-दिवसीय 'राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन' में हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े समसामयिक मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा होगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस उच्चस्तरीय बैठक में देशभर की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस बलों के 850 से अधिक वरिष्ठ एवं युवा अधिकारी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों और उभरते खतरों पर बारीकी से चर्चा करना तथा उनका ठोस समाधान निकालना है। इसमें केंद्रीय गृह सचिव, उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, सीएपीएफ और सीपीओ के प्रमुखों के साथ-साथ सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन के पहले दिन देश विरोधी ताकतों की भूमिका, नारकोटिक्स व्यापार, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स के गलत इस्तेमाल और भीड़ प्रबंधन जैसी तकनीकी चुनौतियों पर रणनीति तैयार की जाएगी। इसके अलावा टेरर फंडिंग (आतंकी वित्तपोषण) और निर्जन द्वीपों की सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर भी गहन चर्चा होगी।

दूसरे दिन का एजंडा नागरिक उड्डयन, पोर्ट सिक्योरिटी, आतंकवाद विरोधी कदम, वामपंथी उग्रवाद (नक्सलवाद) और ड्रग्स तस्करी को रोकने के उपायों पर केंद्रित रहेगा।

भारत-नेपाल ने सीमापार अपराध व अवैध कारोबार रोकने पर की चर्चा

काठमांडो, 23 अगस्त (भाषा)।

दोनों के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक।

नेपाल और भारत के सुरक्षा अधिकारियों ने सीमा पार आपराधिक गतिविधियों और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के तरीकों पर चर्चा की तथा संयुक्त सीमा गश्त बढ़ाने और नियमित रूप से सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का फैसला किया। नेपाल के मधेश प्रांत के तीन जिलों और भारत के सीमावर्ती जिलों के सुरक्षा अधिकारियों की समन्वय बैठक शनिवार को प्रांत के जलेश्वर शहर में हुई।

बैठक की संयुक्त अध्यक्षता महोत्तरी जिले के मुख्य जिला अधिकारी इंद्र देव यादव और बिहार के सीतामढ़ी के जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने की। अधिकारियों के अनुसार, बैठक में सीमा पार सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मौजूदा मुद्दों पर चर्चा की गई और पिछली बैठकों में लिए गए फैसलों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा की गई।

अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों ने सीमा पार अपराधों से निपटने की रणनीतियों पर भी चर्चा की। इनमें हथियार और मादक पदार्थ की तस्करी, मानव तस्करी, सीमा सुरक्षा तथा सीमा चौकियों के रखरखाव से जुड़े मुद्दे शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि आपसी समन्वय और सहयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए दोनों पक्षों ने संयुक्त गश्त का दायरा बढ़ाने और सीमा पार अपराधों से जुड़ी सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान बढ़ाने का फैसला किया। नेपाल की ओर से सरलाही और रौतहट जिलों के मुख्य जिला अधिकारियों ने बैठक में हिस्सा लिया।

खबर कोना

गाजा पट्टी के अल-जवायदा में इजराइली हमले में इमारतों का मलबा हवा में उड़ता हुआ।

चीन ने 'चांग ई-7' नामक चंद्र मिशन को स्थगित किया

हाइकोउ, 23 अगस्त (एपी)।

चीन ने रविवार को पहले से निर्धारित अपने महत्वाकांक्षी 'चांग ई-7' चंद्र मिशन को अचानक स्थगति करने का एलान कर दिया। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर बर्फ की तलाश करने सहित कई तरह के वैज्ञानिक जांच किए जाने थे। चांग ई-7 अंतरिक्ष यान को मूल रूप से आने वाले दिनों में चीन के दक्षिणी द्वीप हैनान स्थित वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण केंद्र से रवाना किया जाना था। चीन मानव अंतरिक्ष उड़ान एजंसी ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि मिशन को शुरू करने के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं और यह मिशन इस साल निर्धारित समय-सीमा में नहीं शुरू हो सकता।

जापान में मध्यम तीव्रता का भूकम्प, तोक्यो क्षेत्र में 30 से अधिक लोग घायल

तोक्यो, 23 अगस्त (एपी)।

जापान के पूर्वी सहित तोक्यो क्षेत्र में रविवार तड़के मध्यम तीव्रता का भूकम्प आया, जिसमें कम से कम 37 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर लोगों को मामूली चोटें आईं। भूकम्प के बाद सुनामी का कोई खतरा नहीं है। जापान मौसम विज्ञान एजंसी के अनुसार, भूकम्प की प्रारंभिक तीव्रता 5.9 थी और इसका केंद्र दक्षिणी इबाराकी प्रांत में 70 किलोमीटर की गहराई में था। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने इसकी तीव्रता 5.8 बताई है। प्रांतीय अधिकारियों और अग्नि एवं आपदा प्रबंधन एजंसी के अनुसार, क्षेत्र के पांच प्रांतों में कम से कम 37 लोग घायल हुए।

आइआइटी खड़गपुर का बड़ा कदम, ह्यूस्टन में एआइ प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

ह्यूस्टन, 23 अगस्त (भाषा)।

कृत्रिम मेधा (एआइ) की शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्योग से जुड़े समाधानों को बढ़ावा देने के लिए 'आइआइटी खड़गपुर आउटरीच नेटवर्क' के सहयोग से टेक्सास एआइ प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन यहां टैगोर केंद्र में किया गया। भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) खड़गपुर की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर, इस केंद्र को ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ, टैगोर सेंटर फाउंडेशन के सह-संस्थापक और आइआइटी खड़गपुर फाउंडेशन के अध्यक्ष डा अशोक डेसरकार तथा आइआइटी खड़गपुर के निदेशक प्रो सुमन चक्रवर्ती ने मिलकर शुरू किया।

ट्यूनीशिया : प्रवासियों की नौका पलटने से दो लोगों की मौत, 12 लापता

ट्यूनिश, 23 अगस्त (एपी)।

दक्षिणी ट्यूनीशिया के तट के पास प्रवासियों को ले जा रही एक नौका पलटने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लापता हैं। ट्यूनीशिया के 'नेशनल गार्ड' ने बताया कि केवल एक व्यक्ति को बचाया जा सका है। 'नेशनल गार्ड' के प्रवक्ता हुस्सेम उद्दीन जेबाबली ने सरकारी समाचार एजंसी 'टीएपी' को बताया कि अधिकारियों ने दो शव बरामद किए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय रेडियो 'मोसाइको एफएम' को बताया कि करीब 15 लोग जारजिस और बेन गुएरदाने के बीच स्थित तट से इस नौका पर सवार हुए थे। उन्होंने बताया कि नाव गुरुवार तड़के रवाना हुई थी।

भारत के सहयोग से मालदीव में थिलामाले पुल परियोजना में प्रगति

माले, 23 अगस्त (भाषा)।

भारत की वित्तीय सहायता से जारी संपर्क परियोजना के तहत मालदीव की राजधानी माले को विलिंगिली द्वीप से जोड़ने वाले पुल का अंतिम हिस्सा आधिकारिक रूप से स्थापित कर दिया गया है। इससे इस महत्त्वपूर्ण संपर्क परियोजना की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

'ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना' (जीएमसीपी) के तहत 6.74 किलोमीटर लंबे पुल और सेतु-मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। यह राजधानी माले को विलिंगिली, गुल्हिफाल्हु और थिलाफुशी द्वीपों से जोड़ेगा। भारत और मालदीव ने 2021 में इस परियोजना के लिए समझौता किया था। मालदीव स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर कहा, 'ग्रेटर माले संपर्क परियोजना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। माले को विलिंगिली से जोड़ने वाले पुल का अंतिम हिस्सा आधिकारिक रूप से स्थापित कर दिया गया है। इससे द्वीपों के बीच निर्बाध संपर्क की दिशा में एक और कदम बढ़ा है।'

मालदीव के पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने भी इस उपलब्धि का स्वागत किया। उन्होंने कहा, 'ग्रेटर माले संपर्क परियोजना में आज एक बड़ी उपलब्धि। विदेश मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में इस परियोजना की शुरुआत करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। मालदीव-भारत संबंध विश्वास और साझा प्रगति पर आधारित है। यह संपर्क मार्ग उस प्रतिबद्धता और मालदीव के विकास के लिए भारत के समर्थन का प्रतीक है।' शाहिद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

बांग्लादेश में हिंदू परिवार के चार सदस्यों की हत्या

छत पर शिक्षक, सीढ़ियों पर पत्नी-बेटी व बेड के नीचे मिला बेटे का शव

ढाका, 23 अगस्त (भाषा)।

बांग्लादेश के रंगपुर शहर में स्कूल के एक सेवानिवृत्त हिंदू शिक्षक, उनकी पत्नी और दो बच्चों की उनके आवास पर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

'डेली स्टार' अखबार की खबर के अनुसार, मृतकों की पहचान गणपति चक्रवर्ती (65), प्रीतिलता चक्रवर्ती (50), अगामी चक्रवर्ती प्रार्थी (23) और प्रियम चक्रवर्ती (12) के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्याओं में कथित संलिप्तता के आरोप में मुग्धो और सिद्धार्थ नाम के दो लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों आपस में चचेरे भाई हैं। रंगपुर मेट्रोपालिटन पुलिस के आयुक्त मोहम्मद अब्दुल माबूद ने रविवार को मीडिया को बताया कि दोनों आरोपी बृहस्पतिवार रात बगल की इमारत के रास्ते चक्रवर्ती के घर की छत पर पहुंचे और वहां मादक पदार्थ ह्यायाबाह्न का सेवन किया। अधिकारी के अनुसार, आवाज सुनकर गणपति चक्रवर्ती छत पर गए और वहां मौजूद दोनों लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि खुद के पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपियों ने चक्रवर्ती के कंधे पर रखे गमछे से उनका गला घोंट दिया।

पुलिस ने हत्याओं में कथित संलिप्तता के आरोप में मुग्धो और सिद्धार्थ नाम के दो लोगों को हिरासत में लिया है।

अधिकारी ने बताया कि शोर सुनकर चक्रवर्ती की पत्नी ऊपर गईं, जहां आरोपियों ने कथित तौर पर सीढ़ियों पर कपड़े के एक टुकड़े से उनका भी गला घोंट दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के दौरान दंपति की बेटी और बेटे की भी हत्या कर दी गई। रंगपुर शहर के दासपाड़ा इलाके में स्थित परिवार के बंद मकान से शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे चारों सदस्यों के शव बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि परिवार की किसी के साथ कोई ज्ञात दुश्मनी या विवाद नहीं था।

ओमान में गाड़ी पलटने से एक भारतीय की मौत, नौ घायल

दुबई, 23 अगस्त (भाषा)।

ओमान में एक गाड़ी के पलटने से एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना शनिवार को सुल्तान सईद बिन तैमूर स्ट्रीट पर हुई।

ओमान पुलिस ने एक्स पर बताया कि पुलिस की हवाई शाखा ने दो घायलों को अल हेमा गवर्नरेट से निजवा अस्पताल पहुंचाने के लिए एक अभियान चलाया। पोस्ट में कहा गया, 'इस दुर्घटना में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हुए, जिन्हें बाद में इलाज के लिए एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया।' पुलिस ने दुर्घटना के कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

हालांकि, 'खलीज टाइम्स' ने पहले अपनी खबर में कहा था कि अधिकारियों ने आंधी-तूफान और भारी बारिश के कारण राजमार्ग पर कम दृश्यता की चेतावनी दी थी।

अभियान भारतीय नौसेना का पाल प्रशिक्षण पोत आइएनएस सुदर्शिनी 'लोकायन 26' ट्रांसओशनिक अभियान के तहत पुर्तगाल पहुंचा।

लिस्बन पहुंचा आइएनएस सुदर्शिनी, दुनिया को दे रहा दोस्ती का संदेश

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजंसी)।

भारतीय नौसेना का पाल प्रशिक्षण पोत आइएनएस सुदर्शिनी पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन पहुंचा है। अपनी लंबी समुद्री यात्रा 'लोकायन 2026' के तहत यह शानदार नौसैनिक पोत टैगस नदी से होते हुए लिस्बन पहुंचा। इस दौरान पारंपरिक नौकायन तथा समुद्री कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

नौसेना के मुताबिक लिस्बन, आइएनएस सुदर्शिनी की सात महीने लंबी समुद्री यात्रा का 15वां बंदरगाह पड़ाव है। इतने लंबे समुद्री अभियान के दौरान यह पोत विभिन्न देशों के बंदरगाहों तक पहुंचकर भारत की समुद्री परंपरा, नौकायन कौशल और मित्रता का संदेश पहुंचा रहा है। तीन मस्तूलों और पारंपरिक पालों से सुसज्जित आईएनएस सुदर्शिनी को देखकर समुद्री यात्रा की पुरानी परंपराओं की झलक भी मिलती है। आधुनिक नौसैनिक तकनीक के दौर में यह पोत प्रशिक्षु नौसैनिकों को समुद्र की परिस्थितियों को समझने, पारंपरिक नौकायन कौशल सीखने और चुनौतीपूर्ण समुद्री वातावरण में काम करने का व्यावहारिक अनुभव देता है। आइएनएस सुदर्शिनी की यह लिस्बन यात्रा काफी महत्त्वपूर्ण है। यह भारत और पुर्तगाल के बीच लंबे समय से चले आ रहे समुद्री संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

इस यात्रा के दौरान पोत पर तैनात नौसैनिक अधिकारी, चालक दल और प्रशिक्षण ले रहे प्रशिक्षु यहां पुर्तगाली नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय प्रशासन तथा वहां रह रहे भारतीय समुदाय के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। पुर्तगाल की इस यात्रा में पेशेवर अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा।

भारतीय सैन्य विशेषज्ञ ने कहा | **परिचर्चा** | **भारी नुकसान के बावजूद तेहरान में लंबा युद्ध लड़ने की क्षमता**

ईरान को तबाह करना अमेरिका के लिए मुश्किल

वाशिंगटन, 23 अगस्त (भाषा)।

भारत की रक्षा खुफिया एजंसी के पूर्व प्रमुख ढिल्लों ने कहा कि इस युद्ध से सबसे बड़ी सीख यह है कि किसी भी सैन्य अभियान का राष्ट्रीय लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उससे बाहर निकलने की रणनीति पहले से तय होनी चाहिए।

ढिल्लों ने कहा कि ईरान ने पिछले 40 वर्षों में संभावित युद्ध की जिस रूपरेखा को ध्यान में रखकर तैयारी की थी। ईरान ने मोजेक सिद्धांत अपनाया और अपनी सशस्त्र सेनाओं को 31 स्वतंत्र मुख्यालयों में विकेंद्रीकृत किया। केंद्रीय नेतृत्व नष्ट होने की स्थिति में भी ये मुख्यालय काम करने में सक्षम हैं।

भारतीय सैन्य विशेषज्ञ ने कहा कि ईरान ने अमेरिका के साथ संभावित युद्ध के लिए चार दशक तक तैयारी की थी, जिसमें उसके शीर्ष नेतृत्व के खत्म होने जैसी परिस्थितियों से निपटने की तैयारी भी शामिल थी, यही वजह है कि उसके विरोधियों के लिए ईरान को पूरी तरह तबाह करना मुश्किल हो रहा है।

'आब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) अमेरिका' की ओर से शुक्रवार को वाशिंगटन में आयोजित एक परिचर्चा में भारतीय सेना के सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल केजेएस ढिल्लों ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के साथ संघर्ष में भारी नुकसान उठाने के बावजूद ईरान में लंबा खींचने वाला युद्ध लड़ने की क्षमता है। भारत की रक्षा खुफिया एजंसी के पूर्व प्रमुख ढिल्लों ने कहा कि इस युद्ध से सबसे बड़ी सीख यह है कि किसी भी सैन्य अभियान का राष्ट्रीय लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए और उससे बाहर निकलने की रणनीति पहले से तय होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि युद्ध शुरू करने से पहले कुछ बातें जानना जरूरी है। आपका घोषित राष्ट्रीय लक्ष्य आपके लिए, आपकी सेना और सरकार में मौजूद लोगों के लिए स्पष्ट होना चाहिए। यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि युद्ध के किस चरण में आप जीत की घोषणा कर सकते हैं। इसके बाद निकास रणनीति आती है, खासकर तब जब युद्ध किसी दूसरे देश में लड़ा जा रहा हो। उस क्षेत्र से मैं कैसे बाहर निकलूंगा?' ढिल्लों ने कहा कि युद्ध में उतरने वाले देशों को युद्ध के विस्तार की स्थिति के लिए भी तैयारी करनी चाहिए और उस पर नियंत्रण रखना चाहिए, खासकर जब उनका सामना एक साथ अमेरिका और इजराइल जैसी शक्तियों से हो। ढिल्लों ने कहा कि ईरान ने पिछले 40 वर्षों में संभावित युद्ध की जिस रूपरेखा को ध्यान में रखकर तैयारी की थी, मौजूदा संघर्ष काफी हद तक उसी के अनुरूप रहा। उसने अपने शीर्ष नेतृत्व के संभावित नुकसान जैसी परिस्थितियों से निपटने की तैयारी भी पहले से कर रखी थी। उन्होंने बताया कि ईरान ने मोजेक सिद्धांत अपनाया और अपनी सशस्त्र सेनाओं को 31 स्वतंत्र मुख्यालयों में विकेंद्रीकृत किया। केंद्रीय नेतृत्व नष्ट होने की स्थिति में भी ये मुख्यालय काम करने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा कि ईरान ने लंबा खींचने वाला युद्ध लड़ने की क्षमता बरकरार रखी है, जिसमें कमजोर पक्ष को फायदा मिल सकता है। सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा कि ईरान का पहाड़ी भूभाग उसके विरोधियों के लिए जमीनी हमला मुश्किल बनाता है, जबकि इराक और सऊदी अरब के अपेक्षाकृत खुले रेगिस्तानी इलाकों में ऐसा करना आसान है। उन्होंने कहा कि ईरान चारों ओर से पहाड़ों से घिरा एक कटोरे जैसा है और इसके भीतर रेगिस्तान है, जहां गर्मियों में तापमान 55 से 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT. THIS DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. THIS PUBLIC ANNOUNCEMENT IS NOT INTENDED FOR RELEASE PUBLICATION OR DISTRIBUTION, DIRECTLY OR INDIRECTLY, OUTSIDE INDIA.

FASCINATE TEXTILES

(Please scan this QR Code to view the Prospectus)

FASCINATE TEXTILES LIMITED

Corporate. Identity Number: U17299WB2017PLC219383

Our Company was originally incorporated in the name & style of "Fascinate Textiles Private Limited" on February 09, 2017, in Kolkata, West Bengal as a Private Limited Company under the provisions of the Companies Act, 2013 vide Certificate of Incorporation bearing CIN: U17299WB2017PTC219383 issued by the Registrar of Companies, Kolkata. Further, our Company was converted into a Public Limited Company pursuant to Special Resolution passed by the shareholders of our Company at the Extra- Ordinary General Meeting held on 25th April, 2025, and consequently the name of our Company was changed from "Fascinate Textiles Private Limited" to "Fascinate Textiles Limited" and a fresh certificate of incorporation dated May 21, 2025 pursuant to conversion from Private Limited Company to Public Limited Company was issued by the Registrar of Companies, Central Registration Centre bearing CIN: U17299WB2017PLC219383. For details of change in the name of our Company and address of Registered Office of our Company, see "History and Certain Corporate Matters" on page 241 of the Prospectus.

Corporate & Registered Office: 3/A Kutul Sahi Road, Barasat, Barasat North 24 Parganas, Barasat-1, West Bengal India, Kolkata-700124
Tel: +91 82403-01827, **E-mail:** compliance@fascinatetextile.in; **Website:** www.fascinatetextile.com
Contact Person: Mrs. Ritika Sharma, Company Secretary and Compliance Officer;

"THE ISSUE IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI ICDR REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED (NSE EMERGE)."

OUR PROMOTERS: MR. VISHAL NAHAR, MR. CHIRAG AHUJA, MR. RISHABH NAHAR, MR. NARINDER KUMAR AHUJA AND M/S VISHAL NAHAR HUF

BRIEF DESCRIPTION OF THE BUSINESS OF THE COMPANY

We are engaged in the manufacturing of readymade garments, with operations based in West Bengal. Our product range spans menswear, womenswear, and childrenswear, with a significant portion of our output focused on garments for children. Our offerings include t-shirts, joggers, vests, leggings, shorts, and infant wear, among others, catering to a variety of end-use segments and age groups.

BASIS OF ALLOTMENT

INITIAL PUBLIC OFFERING OF UPTO 42,93,600* EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹ 10/- EACH ("EQUITY SHARES") OF FASCINATE TEXTILES LIMITED ("OUR COMPANY") FOR CASH AT A PRICE OF ₹ 151 PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF ₹ 141 PER EQUITY SHARE) ("OFFER PRICE"), AGGREGATING UP TO ₹ 6,483.34 LAKHS COMPRISING A FRESH ISSUE OF UP TO 34,57,600 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 5,220.98 LAKHS BY OUR COMPANY (THE "FRESH ISSUE") AND OFFER FOR SALE OF UP TO 8,36,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹ 1,262.36 LAKHS BY OUR PROMOTER'S GROUP SELLING SHAREHOLDER, (THE "OFFERED SHARES") (THE "OFFER FOR SALE" AND TOGETHER WITH THE FRESH OFFER, THE "OFFER") OF WHICH UPTO 2,15,200 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ 324.95 LACS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY MARKET MAKER TO THE OFFER (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE OFFER LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E., NET OFFER OF UPTO 40,78,400 EQUITY SHARES AT AN OFFER PRICE OF ₹ 151 PER EQUITY SHARE AGGREGATING TO ₹ 6,158.38 LAKHS IS HEREINAFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE OFFER AND THE NET OFFER WILL CONSTITUTE 31.20 % AND 29.64 %, RESPECTIVELY OF THE POST OFFER PAID UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.

OFFER PERIOD

BID OPENED ON: - TUESDAY, AUGUST 11, 2026

BID CLOSED ON: - WEDNESDAY, AUGUST 19, 2026

FACE VALUE OF EQUITY SHARES IS RS 10.00 EACH AND ISSUE PRICE IS RS 151 EACH
THE ISSUE PRICE IS 15.1 TIMES OF THE FACE VALUE OF EQUITY SHARE

RISKS TO INVESTORS

For detailed Risk Factor refer to page 47 of the Prospectus.

1. Risk to Investors: Summary description of key risks based on materiality:

a. We are dependent on our suppliers for uninterrupted supply of Raw-Materials. Any shortfall in the supply of our raw materials, or an increase in our raw material costs and other input costs, may adversely affect the pricing and supply of our products with subsequently having an adverse effect on the business, results of operations and financial conditions of our company.
b. Our business is substantially dependent on certain key customers, from whom we derive a significant portion of our revenues. The loss of any significant customer may have a material and adverse effect on our business and results of operations.
c. Our cost of production is exposed to fluctuations in the prices of our major raw material, especially of fabrics.
d. Significant portion of our revenue has been generated from Eastern & Southern part of India, any loss of business from these states may adversely affect our revenues and profitability
e. Our business is both manpower and machine intensive. Our business may be adversely affected by strikes, work stoppages, increased wage demands by our employees, or any other kind of disputes with our employees, and if we are unable to engage new employees at commercially attractive terms.
f. The industry we operate in is highly competitive and inability to compete effectively may adversely affect our business, results of operations and financial conditions.
g. Our Company operations require significant amount of working capital for a continuing growth. Our inability to meet our working capital requirements may adversely affect our results of operations.
h. Fraud, theft, employee negligence or similar incidents may adversely affect our results of operations and financial condition.
i. We are dependent on our Promoters, Directors and Key Managerial Personnel of our Company for success whose loss could seriously impair the ability to continue to manage and expand business efficiently.
j. Trade Receivables forms a significant part of our current assets. Failure to manage our trade receivables could have an adverse effect on our sales, profitability, cash flow and liquidity.

1. The Merchant Banker associated with the Issue has handled 9 public issues in the past out of which none of the SME Issue closed below the Issue Price on listing date.

Name of BRLM	Total Issue		Issue closed below IPO Price on listing date
	Mainboard	SME	
Affinity Global Capital Market	0	9	4

2. The average cost of acquisition per Equity Share held by our Promoters is as follows:

Name of Promoter	No. of Shares Held	Average Cost of Acquisition (in Rs.) *
Mr. Vishal Nahar	37,93,922	4.08
Mr. Chirag Ahuja	13,64,055	5.55
Mr. Rishabh Nahar	9,33,324	NIL
Mr. Narinder Kumar Ahuja	13,64,069	5.55
M/s Vishal Nahar HUF	6,47,500	2.05

And the Offer price at the Upper end of the Price band is Rs. 151 per Equity Share.

3. The Price/ Earnings ratio based on Diluted EPS for March 31, 2026 for the company at the upper end of the Price Band is 10.30 times.
4. Weighted Average Return on Net worth for Fiscals 2026, 2025 and 2024 is 44.34%
5. Weighted average cost of acquisition compared to floor price and cap price

Type of transaction	Weighted average cost of acquisition (₹ per equity shares)	Floor Price (in times)	Cap Price (in times)
Weighted average cost of primary / new issue acquisition	6.83	20.79	22.11
Weighted average cost of secondary acquisition	NA	NA	NA

**Calculated for last 18 months*
*** There were no secondary transactions in last 18 months from the date of this prospectus.*

PROPOSED LISTING: MONDAY, AUGUST 24, 2026

The Issue was being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations. as amended, wherein not more than 50% of the Net Issue was available for allocation on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the"QIB Portion"). Further, not less than 15% of the Net Issue shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders and not less than 35% of the Net Issue was made available for allocation to Individual Bidders in accordance with the SEBI (ICDR) Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Issue Price. All potential Bidders were required to mandatorily utilise the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of RIBs using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts was blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts, Anchor Investors were not permitted to participate in the Issue through the ASBA process. We do not have an anchor investor for the issue. For details, see 'Offer Procedure" beginning on page 388 of the Prospectus.

The investors are advised to refer to the Prospectus for the full text of the Disclaimer clause pertaining to NSE. For the purpose of this Offer, the designated Stock Exchange will be the National Stock Exchange of India Limited EMERGE platform.

SUBSCRIPTION DETAILS

The issue received 2287applications for 6338400 equity shares (including marker maker reservation portion) as per the Application data after considering invalid bids. Other than RC 10 Transaction declined by Investors, RC 10 Mandate not accepted by Investors and Withdrawal /Cancelled Bids reported by SCSB and technical rejections resulting in 2.93 times subscription (including reserved portion of market maker). The Details of the Applications received from various categories (before technical rejection) are as under:

Sr No.	Category	Valid Shares Received in each category	No. of Equity Shares available for allocation (as per Prospectus)	Spilled Over	Equity Shares Allotted	Total Allotment Amount (Rs.)
1	Qualified Institutional Buyers – Mutual Fund	0	2400	(2400)*	0	0
2	Qualified Institutional Buyers – Mutual Fund (excluding Anchor Investors)	980000	40800	11200	52000	7852000.00
3	Non-Institutional Investors - above Rs. 2 Lakhs and Upto Rs. 10 Lakhs	260000	537600	(277600)*	260000	39260000.00
4	Non-Institutional Investors -Above Rs. 10 Lakhs	867200	1078400	(211200)*	867200	130947200.00
5	Individual Investors	3296000	2419200	480000	2899200	437779200.00
6	Market Maker	215200	215200	0	215200	32495200.00
	TOTAL	**5618400**	**4293600**		**4293600**	**648333600.00**

A summary of the final demand as per NSE as on the Bid/Issue Closing Date at different Bid prices is as under:

Sl No	Bid Price	Bids Quantity	% of Total	Cumulative Total	% of Cumulative	No of Bids
1	142	556800	4.42%	556800	4.42%	13
2	148	80800	0.64%	637600	5.07%	49
3	149	9600	0.08%	647200	5.14%	6
4	150	4952800	39.36%	5600000	44.50%	2473
5	151	6979200	55.46%	12579200	99.97%	3561
6	152	2400	0.02%	12581600	99.99%	1
7	153	-1600	-0.01%	12580000	99.97%	-1
8	154	-4800	-0.04%	12575200	99.94%	-3
9	155	-4811200	-38.24%	7764000	61.70%	-2396
10	156	4819200	38.30%	12583200	100.00%	2401
	TOTAL	**12583200**	**100.00%**			**6104**

The Basis of Allotment was finalised in consultation with the Designated Stock Exchange- NSE on August 20, 2026.

SUBSCRIPTION DETAILS

1) **Allocation on Individual Investor (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to the Individual Investors, who have bid at cut-off Price or at or above the Issue Price of Rs. 151 per equity share, was finalised in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.36times i.e., for 3296000 Equity Shares. Total number of shares allotted in this category is 2899200 Equity Shares to 1812 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

Sr. No	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of applications received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated /alloted	% to total	Surplus /Deficit (14)-(7)
							Before Rounding off (8)	After Rounding off (9)							
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)			(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	1600	2060	100	3296000	100	2899200	1407.37	1600	1812	2060	1812	100	2899200	100	0
Grand Total		2060	100	3296000	100	2899200					1812	100	2899200	100	0

2) **Allocation on Non-Institutional Investor (After Technical Rejections) Below 10 Lakhs:** The Basis of Allotment to Other than Individual Investors, who have bid at Issue price of 151 per equity share or above, was finalised in consultation with NSE. The category was subscribed by 0.48 times i.e., for 260000Shares. Total number of shares allotted in this category is 260000 Equity Shares to 92 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

Sr. No	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of applications received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated /alloted	% to total	Surplus/ Deficit (14)-(7)
							Before Rounding off (8)	After Rounding off (9)							
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)			(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	2400	51	55.44	122400	47.08	298017.39	5843.47	2400	1	1	51	55.44	122400	47.08	-175617
2	3200	36	39.14	115200	44.3	210365.22	5843.47	3200	1	1	36	39.14	115200	44.3	-95165
3	4000	4	4.34	16000	6.16	23373.92	5843.47	4000	1	1	4	4.34	16000	6.16	-7374
4	6400	1	1.08	6400	2.46	5843.47	5843.47	6400	1	1	1	1.08	6400	2.46	557
Grand Total		92	100	260000	100	537599					92	100	260000	100	-277599

3) **Allocation on Non-Institutional Investor (After Technical Rejections) Above 10 Lakhs:** The Basis of Allotment to Other than Retail Individual Investors, who have bid at Issue price of 151 per equity share or above, was finalised in consultation with NSE. The category was subscribed by 0.80 times i.e., for 867200 Shares. Total number of shares allotted in this category is 867200 Equity Shares to 32 successful applicants. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

Sr. No	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of applications received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated/ alloted	% to total	Surplus/ Deficit (14)-(7)
							Before Rounding off (8)	After Rounding off (9)							
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)			(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	7200	17	53.13	122400	14.11	572900	33700	7200	1	1	17	53.13	122400	14.12	-450500
2	12800	2	6.26	25600	2.96	67400	33700	12800	1	1	2	6.26	25600	2.96	-41800
3	16000	1	3.13	16000	1.85	33700	33700	16000	1	1	1	3.13	16000	1.85	-17700
4	19200	1	3.13	19200	2.21	33700	33700	19200	1	1	1	3.13	19200	2.22	-14500
5	25600	1	3.13	25600	2.96	33700	33700	25600	1	1	1	3.13	25600	2.95	-8100
6	32000	1	3.12	32000	3.7	33700	33700	32000	1	1	1	3.12	32000	3.69	-1700
7	32800	3	9.37	98400	11.34	101100	33700	32800	1	1	3	9.37	98400	11.34	-2700
8	38400	1	3.12	38400	4.42	33700	33700	38400	1	1	1	3.12	38400	4.42	4700
9	64000	1	3.12	64000	7.38	33700	33700	64000	1	1	1	3.12	64000	7.38	30300
10	65600	1	3.12	65600	7.56	33700	33700	65600	1	1	1	3.12	65600	7.56	31900
11	68000	2	6.25	136000	15.68	67400	33700	68000	1	1	2	6.25	136000	15.68	68600
12	224000	1	3.12	224000	25.83	33700	33700	224000	1	1	1	3.12	224000	25.83	190300
Grand Total		32	100	867200	100	1078400					32	100	867200	100	-211200

4) **Allocation to QIBs (After Technical Rejections):** The Basis of Allotment to QIBs, who have bid at Issue price of 151 per equity share or above, was finalised in consultation with NSE. The category was subscribed by 1.88 times i.e., for 980000 Shares. Total number of shares allotted in this category is 52000 Equity Shares to 5 successful applicant. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

Sr. No	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of applications received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated /alloted	% to total	Surplus /Deficit (14)-(7)
							Before Rounding off (8)	After Rounding off (9)							
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)			(10)		(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	9600	1	16.67	9600	0.98	509.39	509.38	2400	0	1	0	0	0	0	-509
2	43200	1	16.67	43200	4.4	2292.25	2292.24	2400	1	1	1	20	2400	4.62	108
3	132800	2	33.34	265600	27.1	14093.06	7046.53	7200	1	1	2	40	14400	27.69	307
4	264800	1	16.66	264800	27.03	14050.61	14050.61	14400	1	1	1	20	14400	27.69	349
5	396800	1	16.66	396800	40.49	21054.69	21054.69	20800	1	1	1	20	20800	40	-255
Grand Total		6	100	980000	100	52000					5	100	52000	100	0

Continued to next page.....

Continued from previous page....

Category	FI'S/BANK'S	MF'S	IC'S	NBFC'S	AIF	FPC/FII	VCF	TOTAL
QIB	NIL	NIL	NIL	NIL	7200	44800	NIL	52000

5) Allocation to Market Maker (After Technical Rejections): The Basis of Allotment to Market Maker, who have bid at Issue price of 151 per equity share or above, was finalised in consultation with NSE. The category was subscribed by 1 time i.e., for215200Shares. Total number of shares allotted in this category is 215200 Equity Shares to1 successful applicant. The category wise details of the Basis of Allotment are as under:

Sr. No	No. of Shares applied for (Category wise)	Number of applications received	% to total	Total No. of Shares applied in each category	% to total	Proportionate shares available	Allocation per Applicant		Ration of allottees to applicants		Number of successful applicants (after rounding)	% to total	Total No. of shares allocated /alloted	% to total	Surplus/ Deficit (14)-(7)
							Before Rounding off (8)	After Rounding off (9)	(10)						
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)					(12)	(13)	(14)	(15)	(16)
1	215200	1	100	215200	100	215200	215200	215200	1	1	1	100	215200	100	0
Grand Total		1	100	215200	100	215200					1	100	215200	100	0

The Board of Directors of the company at its meeting held on August 20, 2026, has approved the Basis of Allocation of Equity Shares as approved by the Designated Stock Exchange (NSE) and has authorised the corporate action for issue of Equity shares to various successful applicants. The CAN- cum-allotment advices and/or notices will forward to the Email Id's and address of the applicants as registered by the depositories/ as filed in the application form on or before Friday, August 21, ,2026. Further the instructions to SCSB's for unblocking the amount will process on or prior to Friday, August 21, 2026. In case the same is not received within 10 days, investors may contact at the address given below. The Equity Shares allocated to the successful applicants are being credited to their beneficiary accounts subject to validation of the account details within the depositories concerned. The company is taking steps to get the Equity Shares admitted for trading on the NSE Emerge within Four working days from the date of the closure of the issue.

Note: All capitalized terms used and not defined herein shall have the respective meanings assigned to them in the Prospectus dated August 20, 2026 ("Prospectus") filled with the Registrar of Companies, Kolkata.

ADDENDUM AND CORRIGENDUM

The no of shares to be locked-in in column XII on page 121 of the Prospectus dated August 20, 2026 for promoter and promoter group and public to be read as 1,02,48,070 with percentage of 99.46 for promoter and promoter group and 55,223 and percentage of 0.54 for public instead of 94,12,070 for promoter and promoter group and percentage of 91.35 accordingly the total of column XII to be read as 1,03,03,293 and percentage of 100 instead of 94,12,070 and percentage of 91.35

INVESTOR'S, PLEASE NOTE

The details of the allotment made would also be hosted on the website of Registrar to the Offer, Cameo Corporate Services Limited at www.cameoindia.com.

All future correspondence in this regard may kindly be addressed to the Registrar to the Offer quoting full name of the First/ Sole applicants, Serial number of the Application Form, number of Equity Shares applied for and Bank Branch where the application had been lodged and payment details at the address of the Registrar given below:

BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE

Affinity Global Capital Market Private Limited
20B, Abdul Hamid Street, East India House, 1st Floor, Room No. 1F, Kolkata – 700069, West Bengal, India
Telephone: +91 33 4004 7188
E - mail: compliance@affinityglobal.in
Investor Grievance ID: investor@affinityglobalcap.in
Website: www.affinityglobalcap.in
Contact Person: Ms. Shruti Bhalotia/ Mr Anandarup Ghoshal
SEBI Registration Number: INM000012838

REGISTRAR TO THE ISSUE

Cameo Corporate Services Limited
Subramanian Building" 1 Club House Road, Chennai- 600 002
Tel: +91 40 6716 2222
E-mail: priya@cameoindia.com
Investor Grievance e-mail: investor@cameoindia.com
Website: www.cameoindia.com
Contact Person: Mrs. K. Sreepriya
SEBI Registration No.: INR000003753

COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER

Mrs. Ritika Sharma
Company Secretary & Compliance Officer
3/A Kutul Sahi Road, Barasat, Barasat North 24 Parganas, Barasat-1 West Bengal India Kolkata – 700124
Tel: +91 82403-01827
Email: compliance@fascinatetextile.in

Investors can contact the Company Secretary and Compliance Officer or the BRLM or the Registrar to the Issue in case of any pre issue or post-issue related problems, such as non-receipt of letters of Allotment, non-credit of Allotted Equity Shares in the respective beneficiary account and refund orders, etc.

AVAILABILITY OF PROSPECTUS: Investors are advised to refer to the Prospectus and the Risk Factors contained therein before applying in the Issue. Full copy of the Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in, website of the Company at www.fascinatetextile.com, the website of the BRLM to the Issue at: https://www.affinityglobalcap.in/ , the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents, respectively.

AVAILABILITY OF BID-CUM-APPLICATION FORMS: Bid-Cum-Application forms can be obtained from the Registered Office of the Company: 3/A Kutul Sahi Road, Barasat, Barasat North 24 Parganas, Barasat-1 West Bengal India Kolkata – 700124 and the Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid-cum-application Forms will also be available on the website of NSE EMERGE and the designated branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the stock exchanges and SEBI.

APPLICATION SUPPORTED BY BLOCKED AMOUNT (ASBA): All investors in this issue have to compulsorily apply through ASBA. The investors are required to fill the ASBA form and submit the same to their banks. The SCSB will block the amount in the account as per the authority contained in ASBA form. On allotment, amount will be unblocked and account will be debited only to the extent required to be paid for allotment of shares. Hence, there will be no need of refund.

For more details on the offer proceeds and how to apply please refer to the details given in application forms and abridged prospectus and also please refer to the chapter "Offer Procedure" beginning on page 388 of the Prospectus.

BANKER TO THE OFFER: IndusInd Bank Limited

All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Prospectus.

For Fascinate Textiles Limited
Sd/-
Vishal Nahar
Managing Director
DIN: 00722516

Date: August 21, 2026
Place: Kolkata, West Bengal

THE LEVEL OF SUBSCRIPTION SHOULD NOT BE TAKEN TO BE INDICATIVE OF EITHER THE MARKET PRICE OF THE EQUITY SHARES ON LISTING OR THE BUSINESS PROSPECTS OF FASCINATE TEXTILES LIMITED.

Disclaimer: Fascinate Textiles Limited is proposing, subject to market conditions, public issue of its equity shares and has filed Prospectus with the Registrar of Companies, West Bengal. The Prospectus is available on the website of the SEBI at www.sebi.gov.in as well as on the website of the BRLM i.e., Affinity Global Capital Market Private Limited at www.affinityglobalcap.in, the website of the NSE Emerge at www.nseindia.com. Investors should note that investment in Equity Shares involves a high degree of risk and for details relating to same, see section titled "Risk Factors" beginning on page 47 of the Prospectus which has been filed with the ROC. The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act (the "Securities Act") or any state securities laws in the United States, and may not be offered or sold within the United States or to, or for the account or benefit of "U.S. persons" (as defined in the Regulations S under the Securities Act), except pursuant to an exemption from, or in a transaction not to subject to the registration requirements of the Securities Act of 1933.

हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कॉर्पोरेट ऑफिस: नंबर 167–169, दूसरी मंजिल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई–600015, और शाखा ऑफिस: एफ8, पहली मंजिल, महालक्ष्मी टॉवर, सेक्टर 4, वैशाली, गाजियाबाद–201010
ईमेल: auction@hindujahousingfinance.com

सीएलएम – दिया शर्मा – 8218291278 • आरआरएम – अमित कौशिक – 9587088333
आरएलएम – अरुण मोहन शर्मा – 8800898999 • सीआरएम – अमेन्द्र पांडे – 73035 58092

सांकेतिक कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था। कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4), उक्त नियमो 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

क्र. सं.	खाता नं. / और कर्जदार, गारंटर का नाम और पता	मांग सूचना की तिथि / कब्जा सूचना की तिथि	बकाया राशि
1.	लैन: DL/BPR/ASHO/A000000359, श्री पंकज चौधरी, श्रीमती कमलेश चौधरी, सी 130 गोविंद पुरम, 00, गोविंदपुरम गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, ग्रामीण, गोविंदपुरम, उत्तर प्रदेश, भारत – 201013	01-06-2026 / 21-08-2026 सांकेतिक	रु. 1956811/- दिनांक 02.06.2026 तक प्लस उस पर ब्याज
	संपत्ति का विवरण: फ्री होल्ड आवासीय मूतल की संपत्ति, आच्छादित क्षेत्रफल 131.70 वर्ग मी. तथा खुला क्षेत्रफल 13.74 वर्ग मी., प्लॉट सं. 130 पर निर्मित, ब्लॉक–सी, आवासीय कॉलोनी गोविंदपुरम, तहसील गाजियाबाद, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश (जिसे इसके बाद "उक्त संपत्ति" कहा गया है)। संपत्ति की सीमाएं: दिनांक 24.12.2008 की विक्रय विलेख के अनुसार पूर्व: प्लॉट सं. 143, पश्चिम: 30 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर: प्लॉट सं. 131, दक्षिण: प्लॉट सं. 129		
2.	लैन: DL/CNP/CNPL/A000000066,, श्री नरेश यादव, श्रीमती बबीता बबीता, मकान 570 1, एन, कमला क्वार्टर गाजियाबाद, मेट्रो, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत – 201001	01-06-2026 / 21-08-2026 सांकेतिक	रु. 1399114/- दिनांक 02.06.2026 तक प्लस उस पर ब्याज
	संपत्ति का विवरण: नगर निगम सं. 570 / 1 मकान, क्षेत्रफल 108 वर्ग गज अर्थात 90.30 वर्ग मीटर, कमला क्वार्टर, नसरपुर, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उ.प्र. (जिसे इसके बाद "उक्त संपत्ति" कहा गया है) (विलेख के अनुसार) मकान सं. 63, नगर निगम सं. 570 / 1 (पुराना), क्षेत्रफल 108 वर्ग गज अर्थात 90.30 वर्ग मी., कमला क्वार्टर, नसरपुर, परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उ.प्र. (जिसे इसके बाद "उक्त संपत्ति" कहा गया है) (तकनीकी के अनुसार) सीमाएं तकनीकी के अनुसार: पूर्व: 12 फीट सड़क, पश्चिम: मनोज की संपत्ति, उत्तर: पिंटू की संपत्ति, दक्षिण: 18 फीट सड़क		
3.	लैन: DL/DEL/DLHI/A000001790, श्री पूरन चंद, श्री ज्योति ज्योति, मकान नं. 497 सब्जी मंडी घंटाघर, डॉक्टर चावला मंदिर वाली गली के पास, लोहारों, घंटाघर, मेट्रो, दिल्ली, भारत – 110007	01-06-2026 / 21-08-2026 सांकेतिक	रु. 1006105/- दिनांक 02.06.2026 तक प्लस उस पर ब्याज
